वर्ष : 30 | अंक :345
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 17 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## उमर अब्दुल्ला ने ली जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ

### ▶▶ सुरिंदर चौधरी बने उपमुख्यमंत्री



**श्रीनगर, (हि.स.)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उन्हें और उनके चुने हुए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एनसी नेता सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का फैसला लिया है, इसलिए कांग्रेस के किसी भी विधायक को शपथ नहीं दिलाई गई है।केंद्र सरकार की ओर से 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल होगा।

मुख्यमंत्री के तौर पर उमर अब्दुल्ला के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता सकीना इट्टू, जावेद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सीपीआई नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी मौजूद रहे।जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि इतना बड़ा पद देने के लिए फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मुझे उपमुख्यमंत्री बनाने के अपने फैसले से उमर अब्दुल्ला ने साबित कर दिया है कि जम्मू भी कश्मीर जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। आज जब हमें यहां की जनता ने चुना है, तो हमें उम्मीद है कि जल्द ही राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। प्राथमिकता के तौर पर पिछले 10 वर्षों में आई बेरोजगारी, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल और पर्यटन के मुद्दों को हल करना होगा। हम दरबार मूव को फिर से शुरू करने के लिए भी काम करेंगे।

## केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के डीए-डीआर में तीन प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने 01 जुलाई से अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत का इजाफा किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महंगाई की भरपाई के लिए मूल वेतन या पेंशन की 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।सरकार के अनुसार यह वृद्धि 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है। डीए और डीआर के चलते सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 9,448.35 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

## नायब सैनी बने हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता

### सरकार बनाने का दावा किया पेश, गुरुवार को शपथ ग्रहण

**▶▶ कृष्णा बेदी व अनिल विज ने रखा नाम का प्रस्ताव**

**▶▶ गृहमंत्री अमित शाह ने किया नेता चुने जाने का ऐलान**



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय में विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया।उल्लेखनीय है कि पंचकूला में ही अमित शाह ने विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए नायब सैनी को हरियाणा में भाजपा का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। नायब सैनी इस बार अपना पुराना हलका नारायणगढ़ छोड़कर लाडवा से चुनाव लड़े और उन्होंने कांग्रेस के मेवा सिंह को 16,054 मतों से हराया था।विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए आज केंद्रीय पर्यवेक्षक गृहमंत्री अमित शाह तथा मोहन यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में नरवाना से विधायक कृष्ण बेदी तथा अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी विधायकों ने स्वीकार करते हुए पारित कर दिया। अमित शाह ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुने जाने का औपचारिक ऐलान किया। करीब 15 मिनट की बैठक में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनने के संबंध में फैसला लिया गया।

हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता नायब सैनी ने बुधवार की दोपहर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने नायब सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण का निमंत्रण दे दिया है। गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में आज ही नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया।गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नायब सैनी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके हरियाणा में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सैनी ने भाजपा के 48 विधायकों तथा तीन निर्दलीय विधायकों के हस्ताक्षरों वाला समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। इसके बाद राज्यपाल ने नायब सैनी के दावे को स्वीकार करते हुए गुरुवार को उन्हें शपथ ग्रहण करने का निमंत्रण दिया।

## केंद्र ने उत्तर प्रदेश में 2,642 करोड़ की रेल परियोजना को दी मंजूरी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में 2,642 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी गयी। इस परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल भी शामिल है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मालवीय पुल 137 साल पुराना है। अब एक नया पुल बनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें निचले डेक पर 4 रेलवे लाइनें और ऊपरी डेक पर 6-लेन राजमार्ग होगा। यातायात क्षमता के मामले में यह दुनिया के सबसे बड़े पुलों में गिना जाएगा। यह पुल वाराणसी में 2642 करोड रुपये की लागत से चार साल में बनकर तैयार होगा। सेतु को अगले डेढ़ सौ सालों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना परिचालन को आसान बनाएगी और भीड़भाड़ को कम करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के वाराणसी और चंदौली जिलों से होकर गुजरती है। यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप है, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे उनके रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। परियोजना निर्माण के दौरान लगभग 10 लाख मानव-दिनों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा करेगी। यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश के 2 जिलों को कवर करने वाली यह परियोजना भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 30 किलोमीटर तक बढ़ाएगी।

## कमलनाथ के फिर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार

**भोपाल (आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बीते कुछ समय से राजनीतिक तौर पर कम सक्रिय हैं मगर अब उनके फिर से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। यह अनुमान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से उनकी दिल्ली में हुई मुलाकात के आधार पर लगाए जा रहे हैं।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय राजनीति से मध्य प्रदेश की ओर रुख किया था। उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था और उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्ता हासिल की थी। कांग्रेस सत्ता में महज 15 माह रही, आपसी खींचतान के चलते सत्ता हाथ से खिसक गई और भाजपा की फिर सत्ता में वापसी हो गई। उसके बाद से कमलनाथ का दायरा लगातार सिमटता गया और वर्तमान में उनकी ज्यादा सक्रियता छिंदवाड़ा तक सीमित है।

## आतंक और व्यापार साथ-साथ नहीं-एस जयशंकर

**● पाकिस्तान में एससीओ की बैठक में विदेश मंत्री ने कहा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में याद दिलाया कि संगठन के चार्टर में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को स्पष्ट रूप से चुनौती माना गया है। ऐसे में सीमा पार से इस तरह की गतिविधियां होती रहेंगी तो सहयोग विशेषकर क्षेत्रीय सहयोग संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता पर आधारित होना चाहिए।उन्होंने कहा, ÷यदि सीमा पार की गतिविधियां- आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद होंगी तो समानांतर रूप से व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की संभावना नहीं होंगी।एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर बैठक में शिरकत करने पहुंचे कल यहां पहुंचे थे।आज एससीओ की बैठक में विदेश मंत्री ने कहा कि सहयोग एकतरफा एजेंडे पर नहीं बल्कि वास्तविक साझेदारियों पर बनाया जाना चाहिए। हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वयंसिद्ध है कि विकास और प्रगति के लिए शांति और स्थिरता की आवश्यकता होती है। और जैसा कि चार्टर में कहा गया है, इसका मतलब है %तीन बुराइयों% का मुकाबला करने में दृढ़ता से करना और इनसे समझौता न करना। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों की बीच जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, लेकिन साथ ही नई चिंताओं को भी जन्म देती है। एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए इसपर विचार करना होगा। विदेश मंत्री ने इस दौरान वैश्विक संस्थाओं में बदलाव की मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में व्यापक सुधार आवश्यक है।भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी अपनी वैश्विक पहल और राष्ट्रीय प्रयास भी एससीओ के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देता है। आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन हमें जलवायु घटनाओं के लिए तैयार करता है। मिशन 'लाइफ' एक स्थायी जीवन शैली की वकालत करता है। योगाभ्यास और मोटा अनाज को बढ़ावा देने से स्वास्थ्य और पर्यावरण पर फर्क पड़ता है। वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन ऊर्जा परिवर्तन के कार्य को मान्यता देता है। इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस हमारी जैव-विविधता की रक्षा करता है। घर पर, हमने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के मूल्य का प्रदर्शन किया है, जैसे हमने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रभाव को दिखाया है।

### ● ● बहराइच हिंसा ● ●

## एक्शन में पुलिस, अब तक 50 उपद्रवी गिरफ्तार; 100 से अधिक पर एफआईआर दर्ज

**▶▶ क्षेत्राधिकारी रुपेंद्र गौड़ हटाए गए, रवी खोखर को मिला चार्ज**

**▶▶ चार दिन से इंटरनेट सेवा निलंबित, करोड़ों का व्यापार प्रभावित**



**बहराइच (आरएनएस)।** मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल में उपद्रव काटने वालों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। पुलिस ने 24 घंटों के भीतर 24 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उपद्रव के मामले में 50 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि 100 से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। उपद्रव के दौरान पुलिस कर्मियों के बनाए गए वीडियो से भी उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। प्रशासन की ताबड़तोड़ छापामारी की कार्रवाई को देख भीड़ में शामिल होकर उपद्रव करने वाले लोग फरार हैं।प्रतिमा विसर्जन के दौरान मकान से पथराव के बाद रेहुआ मंसूर गांव निवासी 22 वर्षीय रामगोपाल मिश्र की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ ने महराजगंज बाजार में तोड़फोड कर आगजनी की थी। शहर में भी स्टीलगंज तालाब के पास बाइक में आग लगा दी गई। अस्पताल चौराहे पर कई दुकानों को जला दिया गया था। काजीकटरा में भी आगजनी का प्रयास किया गया।घंटों पुलिस व उपद्रवियों के बीच गोरिल्ला युद्ध चलता रहा। उपद्रवियों को काबू करने के लिए एसटीएफ चीफ हाथ में पिस्टल लेकर दौड़ाना पड़ा था।

मुख्यमंत्री ने मामले में उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में दिखा। नव नियुक्त हरदी थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने मंगलवार को आशिक आशिक रसूल, नमीमुद्दीन, मुहम्द रईश, राजा बाबू, साकिब समेत 24 अन्य लोगो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने सभी पकड़े गए आरोपितों को जेल भेज दिया है। सोमवार को 26 लोगो को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय रवाना किया था।महाराजगंज बाजार में प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगांव के रेहुआ मंसूर गांव निवासी 22 वर्षीय रामगोपाल मिश्र को घर में घसीटकर ले जाने और उसकी बर्बरतापूर्वक पिटाई कर उसके नाखून को उखाड़कर गोली मारकर हत्या मामले में हरदी पुलिस को 10 लोगों की तलाश है।

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में हालात अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। शासन ने इस मामले में अपने स्तर से कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में महसी पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर रामपुर के सीओ रवी खोखर को चार्ज सौंपा गया है। इससे पहले चौकी इंचार्ज महसी और एसओ हरदी को निलंबित किया गया था। पता चला है कि सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ के भी निलंबन की तैयारी चल रही है।महाराजगंज में रविवार को देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की संप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस अब उपद्रवियों को चिह्नित करने में जुटी हुई है। इस हिंसा से जुड़े अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारी दो शिफ्टों में चौबीस घंटे पल-पल की निगरानी कर रहे हैं। इन इलाकों को नौ सेक्टर में बांटा गया है, जहां पुलिस और जिला प्रशासन के लोग गश्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं अधिकारियों से जिले की ताजा स्थिति की रिपोर्ट ले रहे हैं। पुलिस अराजक तत्वों पर शिकंजा कस रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवी चिह्नित किये जा रहे हैं। अभी तक जो उपद्रवी पकड़े गये हैं, उनकी आपराधिक हिस्ट्री और मुकदमों की डिटेल जुटाई जा रही है।

## दिल्ली में आप सरकार का बड़ा फैसला, बिजली कनेक्शन के लिए अब एनओसी की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली की 1731 कच्ची कॉलोनियों में अब बिजली के मीटर लगाने के लिए किसी तरह की एनओसी की जरूरत नहीं होगी। पहले इन कॉलोनियों में बिजली की मीटर लगाने के लिए दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी से एनओसी लेनी होती थी। लेकिन अब इस समस्या से लोगों को निजात मिल गई है। अब अनधिकृत कॉलोनी में रहने वाले लोगों को बिना किसी एनओसी के भी बिजली कनेक्शन मिल जाएगा।सीएम आतिशी ने कहा, डीडीए ने अनधिकृत कॉलोनी में रह रहे लोगों को बिजली कनेक्शन लेने के लिए एक शर्त यह लगा दी थी कि एनओसी लेकर आए कि उनका मकान/कॉलोनी लैंड पूलिंग जमीन पर नहीं है। इस पर दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि इन 1731 अनाधिकृत कालोनियों में रहने वाले लोगों को अब एनओसी की जरूरत नहीं होगी।

## ईडी ने एन. चंद्रबाबू नायडू को आंध्र प्रदेश कौशल विकास घोटाला मामले में दी क्लीन चिट



**हैदराबाद/नई दिल्ली, (हि.स.)।** आंध्र प्रदेश के मुखे यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दे दी है। इसी मामले में नायडू को 53 दिन जेल में बिताना पड़ा था। जमानत पर रिहा होने के बाद आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद वे मुखे यमंत्री बने और अब ईडी से क्लीन चिट मिलने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है।हालांकि, ईडी ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है लेकिन सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एक दिन पहले मंगलवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दी गई है। नायडू को पिछले साल तत्कालीन जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार में शुरू हुई जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 53 दिन जेल में बिताने के बाद 31 अक्टूबर, 2023 को जमानत मिली थी।सीआईडी टीम ने नायडू को 9 सितंबर, 2023 को सुबह नंद्याल से गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ 2021 में सीआरपीसी की धारा 50(1)(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की हैदराबाद इकाई ने आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) सीमेंस परियोजना में धन के दुरुपयोग से संबंधित एक मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 23.54 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। उक्त परियोजना आंध्र प्रदेश में कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए थी। एजेंसी ने कहा कि सीमेंस के साथ साझेदारी में सरकार की कौशल और उद्यमिता विकास परियोजना में धन के कथित दुरुपयोग से एन. चंद्रबाबू नायडू को जोड़ने वाला कुछ भी नहीं था।

## रामपुर कोर्ट से आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा बरी



**रामपुर, (हि.स.)।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा को 2019 के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दोष मुक्त कर दिया है। पूर्व सांसद ने न्यायालय का अभार प्रकट किया है।वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में उनके खिलाफ स्वर थाना में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। उन पर यह आरोप लगा था कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद उन्होंने नूरपुर गांव में एक सड़क का उद्घाटन किया है। इसकी वीडियो भी सार्वजनिक हुई थी। इस मामले की सुनवाई स्थानीय एमपी-एमएलए कोर्ट में चली।

कोर्ट ने बुधवार को साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयप्रदा को बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान जयप्रदा कोर्ट में मौजूद थी। फैसले अपने पक्ष में आने के बाद उन्होंने कोर्ट को धन्यवाद दिया है।

## पराली जलाने की घटनाओं पर पंजाब और हरियाणा को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**▶▶ पंजाब और हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी को 23 अक्टूबर को तलब करके सफाई देने को कहा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने की घटनाओं के लिए दोषी लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करने के लिए पंजाब और हरियाणा को फटकार लगाई है। नाराज कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी को तलब किया है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को 23 अक्टूबर को पेश होकर सफाई देने को कहा है।कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब सरकार को अपने पिछले आदेश का पालन न करने पर फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि अगर आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोगों को जिस तरह से मामूली जुर्माना लगाकर छोड़ा जा रहा है, उससे पराली जलाने की घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं।कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से कहा कि वो उसके निर्देशों पर अमल न करने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि आयोग का कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण के मामलों से निपटने के योग्य नहीं है। क्या आपने किसी विशेज्ञष एजेंसी जैसे आईआईटी को जोड़ा है। तब केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि उन्होंने एनईआरई के विषेषज्ञों को लिया है। तब कोर्ट ने कहा कि हमने देखा है कि बैठक में बहुत से लोग मौजूद नहीं रहते हैं। अगर ऐसे सदस्य हैं तो वे कमेटी में रहने के लायक नहीं हैं।सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार से पूछा कि राज्य सरकार पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतरा रही है। इसरो आपको वह स्थान बता रहा है, जहां आग लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। हरियाणा सरकार के वकील ने कहा कि हमने इस साल करीब 17 एफआईआर दर्ज की है।

# महाकुम्भ 2025 : भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे बोर्ड को 1600 कर्मचारियों की आवश्यकता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 13 से 26 जनवरी, 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ मेला 2025 के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा और भीड़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए रेलवे को 1600 से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता है। रेलवे बोर्ड ने अन्य मंडलों को लिखित में यह सूचना दी है।

प्रयागराज और उसके आस पास के क्षेत्र दो रेलवे मंडल, उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) और पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के अंतर्गत आते हैं। इसलिए रेलवे बोर्ड ने अन्य मंडल से महाकुंभ मेले के दौरान अतिरिक्त सहायता के लिए बुकिंग क्लर्क, वाणिज्यिक- सह-टिकट क्लर्क, वाणिज्यिक प्रबंधन निरीक्षक, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक जैसे कर्मचारियों को भेजने को कहा है। बोर्ड के पत्र के अनुसार, एनसीआर मंडल को 1471 अतिरिक्त कर्मचारियों और पांच अधिकारियों की आवश्यकता है, जबकि एनईआर मंडल को वाणिज्यिक विभाग से 270 कर्मचारियों और पांच अधिकारियों की आवश्यकता है।

बोर्ड ने कहा कि छह स्नान दिवसों पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए इन दिनों 100 प्रतिशत कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। पत्र में कहा गया है कि क्षेत्रीय रेलवे, एनसीआर और एनईआर से सभी प्रयास और समन्वय की अपेक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई चूक नहीं हो और मेला सुचारू रूप से आयोजित हो सके।

# पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक ने किया रामबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## महाकुंभ में यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए हो रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने बुधवार को प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। महाकुंभ के मद्देनजर यहां पर चल रही तैयारियों को परखा। जीएम ने महाकुंभ को लेकर रेलवे की ओर से की जा रही तैयारियों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जो यात्री आएंगे उन्हें रेलवे अब तक की सबसे बेहतर सुविधा देने का प्रयास कर रहा है।

महाप्रबंधक ने कहा कि नवंबर के अंतिम या दिसंबर के शुरुआत तक सारे कार्य पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गंगा के ऊपर बन रहा रेलवे का नया पुल दिसंबर तक शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए सीआरएस इंस्पेक्शन होना है। कहा कि रेलवे स्टेशन पर काफी यात्री सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। प्रयागराज जंक्शन से रामबाग के बीच हुए रेल दोहरीकरण के बाद दोनों रेल ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन इसी माह शुरू हो जाएगा। कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी ( सीआरएस) इस रेलमार्ग का सोमवार 21 अक्तूबर को निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वह जहां एक ओर इस रेलखंड पर बिछे नए रेल ट्रैक का जायजा लेंगे तो वहीं दूसरी ओर प्रयागराज जंक्शन से रामबाग के बीच वह स्पीड ट्रायल भी लेंगे।

रामबाग से प्रयागराज जंक्शन के बीच स्पीड ट्रायल होने के बाद दिसंबर माह के पहले सप्ताह में सीआरएस दारागंज को झूंसी से जोड़ने के लिए गंगा पर बनाए गए नए पुल का भी निरीक्षण करेंगे। यहां भी सुरक्षा से पहलुओं की तमाम जांच सीआरएस द्वारा की जाएगी। उनकी ओके के बाद इस नए पुल पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।



बुधवार को प्रयागराज पहुंची पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने इसकी पुष्टि भी की।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर प्रयागराज रामबाग, झूंसी रेलवे स्टेशन पर जो विकास कार्य चल रहे हैं वह सभी समय से चल रहे हैं। हमारी तैयारी है कि नवंबर के अंतिम या दिसंबर माह के पहले सप्ताह तक सारे कार्य समाप्त कर दिए जाए। उन्होंने प्रयागराज रामबाग से प्रयागराज जंक्शन के बीच हुए दोहरीकरण और गंगा पर बने पुल पर सीआरएस निरीक्षण की बात भी कही। कहा कि उनके निरीक्षण के बाद गंगा पुल और इस रूट पर बिछाए गई नई रेल लाइन पर ट्रेनों का आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। डीआरएम वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के साथ प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ मेले से जुड़े कार्यों का जायजा लेने पहुंची महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने कहा कि मैं आश्वस्त करती हूं कि इस बार महाकुंभ में यात्रियों को अब तक की सबसे बेहतर सुविधा दी जाएगी। रामबाग स्टेशन के बाद जीएम झूंसी स्टेशन पहुंची। वहां निरीक्षण करने के बाद वह रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के कार्यालय भी पहुंची।

# चीन का दरवाज़ा बंद, नये घर की तलाश में धनी देशों के प्लास्टिक कचरे के पर्वत

**प्रयागराज।** विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्मश्री डा0 अजय कुमार सोनकर ने बताया कि चीन में पश्चिमी देशों से हर वर्ष सत्तर लाख टन प्लास्टिक कचरा आयात हो रहा था, जिसमें अकेले अमरीका की भागीदारी सात लाख टन है। इन अति दूषित व कैंसरकारी प्लास्टिक के कचरे से चीन ने तमाम प्लास्टिक के उत्पाद बनाकर दुनिया को लौटाया, इन घृणित कचरे से बने प्लास्टिक के उत्पाद बहुत सस्ती कीमत पर उपलब्ध होने के कारण भारत जैसे लो कास्ट कंट्री में खपत सबसे ज्यादा है। और इस तरह भारत विश्व का सबसे बड़ा प्लास्टिक कचरे का उत्पादक देश बन गया।

जिसकी चर्चा पिछले माह दुनिया-भर में हुई किन्तु इसके पीछे के असल कारण को कही छुपा लिया गया।डा0 अजय ने बताया कि पूरी दुनिया से पहुँच रहे रोगकारी पर्यावरण नाशक इस कचरे को 2018 से चीन ने अपने देश में लेने से मना कर दिया है।

# समस्या से मिली निजात, तैयार हुआ छिवकी स्टेशन रोड

## यात्रियों के लिए छिवकी रेलवे स्टेशन जाने का रास्ता हुआ आसान



**प्रयागराज।** प्रयागराज के दूसरे सबसे बड़े रेलवे स्टेशन छिवकी जाने आने वाले यात्रियों को अब परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से नैनी के मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से छिवकी रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क बन कर तैयार हो चुकी है । लगभग पांच सौ मीटर लंबे सड़क जो कि दो लेन की है और इसके दोनों ओर पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ भी बनाया गया है। वहीं पूरे रास्ते रौशनी के लिए विद्युत कार्य भी पूरा हो चुका है ,दूधिया लाइट से यह सड़क शाम होते ही जगमगा उठेगी।

आगामी महाकुंभ 2025 को देखते हुए लाखों तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए पीडीए की ओर से यह सड़क बन कर तैयार है जबकि इसके पहले छिवकी स्टेशन जाने - आने वाले यात्रियों के लिए यह रास्ता खासा मुश्किलों वाला था। महत्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद सिंगल लेन का वह भी गढ्ढों और सड़क पर बहते गंदे पानी से होकर यात्रियों को गुजरने पर मजबूर होना पड़ता था।

अब नई सड़क दो लेन की है जो 18 मीटर चौड़ी है , सड़क के दोनों ओर नाली बना है ताकि पानी सड़क पर नहीं बहे।

आम दिनों में छिवकी रेलवे स्टेशन पर रोजाना पचास जोड़ी ट्रेनों रुकती है जिससे कि पंद्रह हजार से ज्यादा यात्री ट्रेन से उतरे और चढ़ते हैं ।

वहीं अगर महाकुंभ की बात की जाय तो देश भर से आने वाले तीर्थ यात्रियों का आंकड़ा लाखों में होगा, क्योंकि छिवकी रेल रूट उड़ीसा ,पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र सहित दक्षिण भारत के सबसे महत्वपूर्ण रेल रूट पर पड़ता है। जाहिर कि इस सड़क के बन जाने से आगामी महाकुंभ में आने वाले लाखों तीर्थ यात्रियों के लिए एक सौगात है।

# बंद कताई मिल चालू कराने का सीएम से मिला आश्वासन

## विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने योगी आदित्यनाथ से मिलकर की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** दशकों से बंद पडी मऊआइमा सहकारी कताई मिल जल्द चालू कराने का मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट में विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी से कहे। उक्त जानकारी पी आर ओ अनुपम शुक्ला एडवोकेट ने बताया। बताया गया है कि बुधवार को मुख्यमंत्री आदित्य नाथ से विधान परिषद के सभापति संसदीय अध्यक्ष समिति विधान परिषद सुरेंद्र चौधरी ने शिष्टाचार भेंट के दौरान कही। बताया गया है कि जल्द दशकों से बंद पडी मऊआइमा सहकारी कताई मिल चालू करायी जाएगी। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन पर सोरांव विधानसभा में खुशी की लहर दौड़ गई है।

फोटो कैप्शन - मुख्यमंत्री योगी से मिलकर कताई मिल के सम्बन्ध में बात करते विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी।

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से करायें अनुपालन- जिला निर्वाचन अधिकारी

## फूलपुर उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक, दिए निर्देश

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में 256-फूलपुर विधानसभा उप निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयारियों के सम्बंध में नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे हुए सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने मतदान कार्मिको का समय से प्रशिक्षण कराये जाने एवं मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है।



बैठक में जिलाधिकारी ने मतदान एवं मतगणना कार्मिको की नियुक्ति, मतदान कार्मिको, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण से सम्बंधित कार्यो, मास्टर ट्रेनर से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्य, आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल की व्यवस्था, वीडियोग्राफी सम्बंधी कार्य, पोलिंग पार्टी प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति राजेश सिंह सहित अन्य नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# होलागढ़ में डेंगू का प्रकोप बढ़ा, नहीं हो रहा छिड़काव

## कैशलेश कार्ड का नहीं मिल रहा लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** होलागढ़ के कई गावों में इन दिनों डेंगू के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है।इलाके की नालियां बजबजा रही है।साफ सफाई का अभाव है। सीएचसी के अधीक्षक डाक्टर जितेंद्र सिंह की मानें तो मच्छर रोधी दवा के छिड़काव की जिम्मेदारी पंचायत विभाग अर्थात बीडीओ को दी गई है।बता दें कि चांटी ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक धीरज मिश्र कई दिन से बीमार है।उनका प्लेटलेट्स 15 हजार के पास तक पहुंच गया था। इस गांव में डेंगू के एक पटेल व एक हरिजन भी पीड़ित है। कमोवेश इसी प्रकार काशीपुर गांव के सफाई कर्मी राजनारायण पटेल तथा उनकी 13 वर्षीय बेटी और सफाई कर्मी राम मूरत पटेल की 22 वर्षीय बेटी भी पीड़ित है। इन लोगों का इलाज प्राची अस्पताल में चल रहा है। दोनों सफाई कर्मियों की माने तो पंडित दिन दयाल उपाध्याय योजना के तहत बने कर्मचारियों का कैश लेश कार्ड भी डाक्टर नहीं मान रहे हैं।जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। फिलहाल गावों में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव अतिशीघ्र न कराया गया तो यह बीमारी और बढ़ सकती है।




# आजाद, आरएसएसएफ हनुमानगंज और प्रयाग ब्वॉयज को मिली जीत

## आदित्य का हरफनमौला खेल, राघव का अर्धशतक, शारिफ की उम्दा गेंदबाजी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आदित्य यादव के हरफनमौला खेल (57 रन, 42 गेंद, सात चौके एवं 4/18) के खेल से आजाद स्पोर्ट्स क्लब, राघव दुबे के अर्धशतक (60 रन, 63 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) व शारिफ अहमद की गेंदबाजी (7.3-0-31-4) से राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन 'ए' और हनुमानगंज एएस क्लब एवं प्रयाग ब्वॉयज ने जीत दर्ज करके शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।

बुधवार को ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने 32.3 ओवर में 166 रन (आदित्य यादव 57, आकाश 24, संदीप 22, आफताब 4/38, अनुराग पटेल 2/22, अंकित कुमार 2/24) बनाकर गंगा डिग्री कॉलेज को 29 ओवर में 131 रन (अंशु पटेल 34, अंकित कुमार 31, आदित्य यादव 4/18) पर समेट दिया। मैच में अजय कुमार व रवि केसरवानी अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।



गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन 'ए' ने 39 ओवर में 152 रन (राघव दुबे 60, अंकुश 20, अमित 4/37, कर्तव्य पटेल 2/33) बनाकर गोपाल दास क्लब को 28.3 ओवर में 109 रन (अमित 26 नाबाद, अधिराज सिंह यादव 21, शारिफ अहमद 4/31, राधे वर्मा 3/25, यश पांडेय 2/11) पर समेट दिया। मैच में राहुल सिंह व तौसीफ शेख अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर सोनामती क्लब को 32.2 ओवर में 123 रन (आदर्श सिंह 52, अनुभव गुप्ता 3/23, शिवम कुमार 2/07, विवेक कुमार 2/24) पर समेटकर हनुमानगंज एएस क्लब ने 22 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन (अंशु विश्वकर्मा 37, नाबाद, अनुभव गुप्ता 32, शिवांश दुबे, सतीश गुप्ता व आदर्श सिंह एक-एक विकेट) पर समेट दिया। मैच में पवन वर्मा व हितेश श्रीवास्तव अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

डीएवी कॉलेज मैदान पर प्रयाग ब्वॉयज क्लब ने 39.2 ओवर में 140 (अनंत पाल 39, शुभम यादव 4/37 विराज 2/15) बनाये। जवाब में फोर्ड स्कूल 'ए' की टीम 39.5 ओवर में 130 रन (देवांश कुमार स्वप्निल 51, अर्चित सिंह 23, सागर केसरवानी 3/21, अनंत पाल 3/28, शुभ निषाद 2/25) पर सिमट गई। मैच में मोहम्मद आरिफ व अभिषेक मिश्र अंपायर एवं उमंग मिश्रा स्कोरर रहे।

# रोहित की आतिशी पारी, सुमित की गेंदबाजी व्यर्थ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रोहित मधवार की आतिशी बल्लेबाजी ( 51 रन, 36 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) से चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब को पांच विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग (2023-24) में पूरे अंक प्राप्त किये। पराजित टीम के वामहस्त स्पिनर सुमित पांडेय (7-1-39-4) की गेंदबाजी व्यर्थ हो गई।

केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गये मैच में टॉस हारकर चौधरी नौनिहाल क्लब ने 35 ओवर में 6 विकेट पर 131 रन (बृजेंद्र त्रिपाठी 42, अभिषेक यादव 15, आदर्श पांडेय 2/08, अभिनव तिवारी 2/39) बनाये। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' ने 18.2 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन (रोहित मधवार 51, मयंक दुबे 33, अमन पटेल 24 नाबाद, सुमित पांडेय 4/39) बना लिये। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व सुधीर सोनकर अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

# सभी यूटीएस एवं पीआरएस टिकट काउंटर हुए क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा से युक्त



**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे में स्टेशन टिकट काउंटर, जेटीबीएस, एटीवीएम एवं यूटीएस ऐप के माध्यम से यात्रियों को टिकट वितरण किया जाता है। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज के नेतृत्व में रेलवे यात्रा के अनुभव को सुखद बनाने के क्रम में प्रयागराज मंडल के सभी यूटीएस एवं पीआरएस टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज मंडल हिमांशु शुक्ला के मार्ग निर्देशन में वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा सभी यूटीएस और पीआरएस टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया गया। वर्तमान समय में प्रयागराज मण्डल के 174 यूटीएस काउंटर एवं 25 पीआरएस टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। वहीं मण्डल के 27 यूटीएस कम पीआरएस टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड इंस्टॉलेशन का कार्य प्रगति पर है जिसे इसी माह पूरा कर लिया जाएगा। विभाग का कहना है कि प्रयागराज मंडल में क्यूआर कोड के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा से टिकट वितरण प्रणाली को और अधिक सुविधाजनक बना दिया गया है। प्रयागराज मण्डल में यह सुविधा पहली बार प्रयागराज जंक्शन पर 26 जुलाई 2024 को एक अनारक्षित टिकट काउंटर पर शुरू की गयी थी। टिकट वितरण में क्यूआर कोड द्वारा यूपीआई ऐप के माध्यम से भुगतान की सुविधा ने यात्री सुविधाओं एवं डिजिटलीकरण को नया आयाम दिया है।

## यश हॉस्पिटल ट्रॉफी अंडर-15 क्रिकेट आज से

**प्रयागराज।** यश हॉस्पिटल ट्रॉफी अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। उद्घाटन मुकाबला शिवपुर क्लब एवं दौलत हुसैन कॉलेज के बीच सुबह नौ बजे से खेला जायेगा। आयोजन सचिव परवेज आलम के अनुसार उद्घाटन मैच में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर मुख्य अतिथि होंगे।

# सदस्यता अभियान: प्रयागराज महानगर 192000 का आंकड़ा पार किया

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र की सदस्यता अभियान के अंतर्गत 15 अक्टूबर तक की रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज महानगर तेजी के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि सदस्यता अभियान के दूसरे चरण 15 अक्टूबर तक काशी क्षेत्र ने कुल 26 लाख 1200 लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया है जिसमें से प्रयागराज महानगर 192200, सदस्य बनाकर छठवें स्थान पर रहा। प्रतापगढ़ 254100 सदस्य बना कर प्रथम स्थान, गाजीपुर 218300 सदस्य बनाकर द्वितीय स्थान और मीरजापुर 210400 सदस्य बनाकर तृतीय स्थान पर रहा। वाराणसी जिला 202100 बनाकर चौथे स्थान पर और चंदौली जिला 194800 सदस्य बनाकर पांचवें स्थान पर रहा। विधानसभा के टॉप टेन के आंकड़े में वाराणसी कैंट विधानसभा ने 86800 बनाकर प्रथम स्थान और मिर्जापुर विधानसभा 77800 बनाकर द्वितीय स्थान पर रहा। प्रयागराज शहर उत्तरी विधानसभा 75100 सदस्य बनाकर तृतीय स्थान पर रहा। रानीगंज 716 00 बनाकर चतुर्थ और 69800 प्रतापगढ़ सदस्य बनाकर पांचवें स्थान पर रहा। 63000 सदस्य बनाकर प्रयागराज का शहर दक्षिणी विधानसभा छठवें स्थान पर रहा।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि तीसरे चरण में 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान के साथ-साथ प्राथमिक सदस्यता अभियान भी चलेगा।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक आज

**प्रयागराज।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अमित भार्गव (अ0प्रा0) ने अवगत कराया कि जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक 17 अक्टूबर को अपराहन 01.30 बजे संगम सभागार, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित की जायेगी। यह बैठक उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहुत की जानी है, जिसमें जिले के नामित पदाधिकारी एवं समस्त विकास खण्डों के भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी-अपनी समस्यायें जिलाधिकारी के समक्ष रखते हैं।

# जजिया कर जैसा है सरकार द्वारा लगाया गया पार्किंग शुल्क- अनुग्रह नारायण सिंह

## सरकार इस पर करे पुनर्विचार नहीं तो होगा जन आंदोलन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उ0 प्र0 नगर विकास विभाग, उ0 प्र0 सरकार ने 12 सितम्बर को उ0 प्र0 नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निमार्ण, अनुरक्षण और प्रचालन) नियमावाली, 2024 अधिसूचित करके प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों में निवासित पहिये पर आधारित वाहन (साइकिल, दो पहिया, तिपहिया, चार पहिया) धारकों/निम्न व मध्यम वर्ग के स्वामियों पर पार्किंग शुल्क के नाम पर घनघोर आर्थिक बोझ व शोषण की नीति बनाकर, ÷सुविधा के अनुसार शुल्क÷ के न्यायिक सिध्दांत की धज्जियाँ उड़ाकर 12 अक्टूबर से प्रभावी बना दिया है। यह बातें पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनुग्रह नारायण सिंह ने आज प्रेस वार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि उक्त नियमावली पर 30 दिन के अंदर नागरिकों द्वारा आपत्ति व सुझाव माँगी गयी किन्तु प्रयागराज के दो समाचार पत्रों में यह 6 अक्टूबर को सार्वजनिक सूचना के रूप में प्रकाशित की गई। इसी समय महान पर्व विजयादशमी व शारदीय नवरात्रि के कारण आपत्ति/सुझाव नहीं दिये जा सके। यह नियमावली उ0 प्र0 नगर निगम अधिनियम 1959 तथा उ0प्र0 मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 के संयुक्त प्राविधानों से युक्त है।इसमें मार्ग से इतर तथा मार्ग पर पार्किंग स्थल का प्राविधान है। मार्ग से इतर के अंतर्गत खुला/धरातल, अधोतल (भूमिगत), बहुस्तरीय/बहुमंजलीय तथा यांत्रिक पार्किंग स्थल हैं।

अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि ÷मार्ग पर पार्किंग÷ का तात्पर्य सार्वजनिक सड़क या मार्ग के किनारे वाहनों/यानों की पार्किंग है। मोटरयान अधिनियम की धारा 34 के अनुसार ÷सार्वजनिक स्थान÷ से ऐसी सड़क, गली या मार्ग या अन्य स्थान, चाहे व आम रास्ता हो या नही, अभिप्रेत है जिस पर जनता को पहुँच का अधिकार प्राप्त है, और इसके अंतर्गत कोई स्थान या अड्डा भी हैं जहाँ पर गाड़ी द्वारा यात्रियों को चढ़ाया उतारा जा सकता है।

पूर्व विधायक ने कहा कि आम जनता पर सरकार ने जजिया कर जैसा कर लगाया गया है। उन्होंने आम जनता से इस नियमावली के खिलाफ जन आंदोलन छोड़ने की अपील की है प्रेस वार्ता में पार्षद शिवसेवक सिंह पार्षद आनंद घिल्डियाल और वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट के के राय भी उपस्थित थे।

# साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में एमवी कान्वेन्ट में किया गया जागरुक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा बढ़ते हुए साइबर क्राइम अपराध से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, कॉलेजो व अन्य सार्वजनिक स्थानों में साइबर अपराध से जागरूक करने हेतु निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आज एमवी कांवेन्ट स्कूल ओसा के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं व बच्चो को साइबर जागरूकता कार्यक्रम साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर सम्बन्धित अपराध के बारे में बताया व जागरूक किया गया और गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही साईबर हेल्प लाईन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई, जिस पर तत्काल कॉल वा वेबसाईट में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिससे आमजनमानस साइबर फ्रॉड से बच सके। कार्यशाला में बताया गया कि प्रलोभन में आने के चलते लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई खो बैठते हैं। इसलिए किसी भी प्रलोभन में न आएं। उन्होंने बैंक से संबंधित, क्यूआर कोड स्कैन, वाट्सएप हैक, ओएलएक्स के माध्यम से ठगी, केवाइसी, हनी ट्रेपिंग, डुप्लीकेट एप, आनलाइन लोन स्कैम, केबीसी, इंटरनेट मीडिया से ठगी, एटीएम, सेक्सटार्शन, कंप्यूटर संबंधी फ्राड और बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी व साइबर ठगी होने पर 1930 पर सूचना देने की अपील की गयी। आज के दौर में सबसे ज्यादा हो रहे सेक्सटार्शन व न्यूड काल ब्लैकमेल गैंग के सदस्य फेसबुक पर खूबसूरत लड़की की फोटो लगाकर रखते हैं, सबसे पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं फिर फ्रेंड लिस्ट में शामिल होते ही चौटिंग करना शुरू कर देते हैं इसके बाद बातों में फंसाकर वाट्सएप नंबर मांगते हैं, वीडियो काल से बात करने को कहते हैं, काल करने पर जैसे ही दूसरी तरफसे काल रिसीव होता है सामने न्यूड गर्ल दिखाई देने लगती है। इस दौरान काल करने वाले का वीडियो रिकार्ड कर लिया जाता है। इसके बाद ब्लैकमेल कर राशि मांगना का खेल शुरू हो जाता है। इनकार करने पर रिकार्ड वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हैं, यही नहीं आज के दौर में जिनका मो0 नं0 आनलाइन पड़ा हुआ है उनको सीधे विडियो काल आ जा रही है जब तक हम कुछ समझ पाते है तब तक विडियो स्क्रिन रिकार्ड कर लेते है ऐसे में किसी भी अन्जान नम्बर से विडियो काल आने पर रिसीव ना करें, रिसीव भी करना हो तो कैमेरे पर अंगूठा रख दे। इसके अलावा अन्य साइबर सुरक्षा के बारे में बताया गया।

# सहायक आयुक्त व जिला सहायक निबंधक ने किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सहायक आयुक्त एवं जिला सहायक निबंधक द्वारा निरीक्षण किया गया। मानपुर गौरा पैक्स साधन सहकारी समिति जवई पडरी पैक्स साधन सहकारी समिति थी। पैक्स मोहम्मदपुर पइंसा साधन सहकारी समिति का निरीक्षण जिसमें उर्वरक यूरिया डीएपी तथा एपीएस का मिला। नपीओ इस मशीन से किया गया जो की सही पाई गई इसके उपरांत नैनो यूरिया नैनो डीएपी को किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

# महगाव इंटर कॉलेज ने डी एस इंटर कालेज को साथ विकेट से हराया, रंग लाई पिंकू की मेहनत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कस्बा स्थित डॉ. ए. एच. रिजवी पी. जी. कॉलेज के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी के मार्गदर्शन में दिनांक 15 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार से महाविद्यालय के मैदान में अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का दूसरा दिन था स महाविद्यालय के खेल समन्वयक डॉ0 मोहित त्रिपाठी एवं उनके टीम के अनुसार बताया गया कि आज कुल तीन मैच खेले गए।

सुबह 10:30 बजे आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज सराय अकिल एवं महादेव इंटरमीडिएट कॉलेज सेलरहा के बीच प्रथम मैच खेला गया स जहां महादेव इंटर कॉलेज के कप्तान शिवम श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

आदर्श इंटर कॉलेज सराय अकिल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत के लिए 55 रनों का लक्ष्य रखा जिसे महादेव इंटर कॉलेज सेलरहा ने आसानी से पूरा करते हुए



6 विकेट से मैच जीत लिया स महादेव इंटर कॉलेज के सैफ अली ने 30 रन बनाया स उन्हें उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया स दूसरा मैच मंहगांव इंटर कॉलेज एवं डी. एस. यादव इंटर कॉलेज असाडा के बीच खेला गया स डी. एस. यादव इंटर कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए कुल 26 रन बनाए जवाब में मंहगांव इंटर कॉलेज ने आसानी से 7 विकेट से मैच जीत लिया स मंहगांव इंटर कॉलेज के पिंकू को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया जिन्होंने तीन विकेट लिया। तीसरा मैच दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाखरगंज एवं सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज सराय अकिल कौशाम्बी के बीच खेला गया स जहां सरदार वल्लभभाई पटेल ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया स दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाखरगंज ने पहले बैटिंग करते हुए 111 रन बनाया जवाब में सरदार वल्लभ भाई पटेल 47 रन ही बना सकी स दिलीप सिंह इंटर कॉलेज के आलोक कुमार भारती को को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफद मैच दिया गया।

जिन्होंने 58 रन बनाए स इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्वान शिक्षक उपस्थित रहे।

# भीखमपुर में आयोजित पशु आरोग्य मेले में 510 छोटे बड़े पशुओं का हुआ ईलाज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** मूरतगंज विकाश खण्ड क्षेत्र के गांव भीखमपुर में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 510 पशुओं का पंजीकरण कर उनका उपचार किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान बरई सलेम भाजपा नेता सियालाल पटेल और ग्राम प्रधान भीखमपुर नितिन कुमार पटेल ने किया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में भरवारी व मुरतगंज के पशु चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप कुमार ने पशुपालकों को पशुधन बीमा व पशुओं को बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर होने वाले टीकाकरण की जानकारी दी। पशुधन प्रसार अधिकारी वीएन सिंग, अजय कुमार सिंग, अश्वनी कुमार ने पशुपालकों को योजनाएं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही चिकित्सकों ने पशुओं में बांझपन, कृत्रिम गर्भधारण, बुखार सहित विभिन्न रोगों का उपचार किया। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी चेतन कुमार सहित , पशुपालक, ग्रामवासी सहित अन्य कई मौजूद रहे।

# खाकी की निगहबानी में नारा में अमन चैन, छः दंगाई गिरफ्तार अन्य की तलाश में लगाई गई चार टीम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नारा, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के नारा बलीपुर गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान गुलाल पड़ने को एक समुदाय ने पत्थर बाजी कर कई लोगों को लहूलुहान कर दंगा कराने की कोशिश किया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए लेकिन पुलिस की सूझबूझ से दंगाई अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी,आईजी, डीएम और एसपी मौके पर जाकर जनसंवाद कर शांति व्यवस्था की अपील करते हुए उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाए। गांव में कोई बवाल न हो इसके लिए पुलिस का सुरक्षा पहरा लगा दिया गया है। मामले में दलित उत्पीड़न समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। 12 अक्टूबर शनिवार को मूर्ति विसर्जन को लेकर बलीपुर गांव में बवाल हो गया था। हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर बवाल करने वालो के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी से मिले। दंगा कराने वालों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक ब्रजेश



श्रीवास्तव ने चार टीमों का गठन किए। दंगाइयों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही है। जिसमें से 6 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बाकी अन्य की तलाश के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी में जुटी है। दंगे के बाद से गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। गिरफ्तारी के डर से उपद्रवी घर छोड़कर फरार है। हालांकि गौरैया बाबा धार्मिक स्थल को लेकर पूर्व में भी दो समुदाय आमने सामने हुए थे। तभी से एक समुदाय के अंदर बदले की चिंगारी सुलग रही थी। शनिवार को मौका पाकर सुनियोजित तरीके से एक समुदाय ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गुलाल का बहाना पाकर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। लेकिन पुलिस की सूझबूझ से दंगाई सांप्रदायिक हिंसा फैलाने में असफल रहे।

## पांचवें दिन नारा गांव की गलियों में सन्नाटा, चप्पे चप्पे पर पुलिस

नारा, कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली के बलीपुर नारा गांव में पांच दिन पूर्व देवी मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद गलियों में सन्नाटा पसरा है। वही चप्पे चप्पे पर पुलिस निगरानी कर रही है। घटना में शामिल आरोपियों के घरों में ताले लटक रहे है। बलीपुर नारा गांव में शनिवार को मॉ दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान धार्मिक स्थल पर गुलाल पढ़ने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान ईट, पत्थर चलने से करीब एक दर्जन लोग जख्मी हुए थे मामले की सूचना पर डीएम एसपी मौके पर पहुंचकर मामला शांत करके मूर्ति का विसर्जन कराया था। इसके दूसरे दिन भी दो समुदायों के बीच इसी मामले को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद भास्कर मौके पर पहुंकर स्थिति का दर्जा लिया इस दौरान गांव को माहौल न खराब हो सके किसको लेकर के लिए पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है।

वही एक पत्थर के दौरान घायल हुए लोगों की तहरीर पर पुलिस ने एक समुदाय के 23 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जान शुरू कर दी है। बवाल के बाद घटना में शामिल आरोपी घर में ताला बंद कर फरार हैं।

# जिलाधिकारी ने क्राप कटिंग का किया स्थलीय निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कृषि संख्यिकी एवं फसल बीमा की गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए ग्राम-अम्बावा पश्चिम के कृषक जय कुमर के खेत में किये जा रहे धान की क्राप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान फसल उपज की तौल भी कराया। जिलाधिकारी ने कृषक जय कुमार को पुष्प और अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने के उपरान्त जनपद में क्राप कटिंग की सुरूआत स्वयं फसल काटकर की। उत्पादकता एवं उत्पादन तथा क्षतिपूर्ति के आंकलन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत सी0सी0ई0एग्री ऐप के द्वारा क्राप कटिंग सम्पन्न करायी गयी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार मोबिन, राजस्व निरीक्षक कृष्णदेव त्रिपाठी, राजस्व लेखपाल अजीत सिंह, फसल बीमा के ब्लाक कोओर्डिनेटर सुधीर सिंह व ग्राम प्रधान पप्पू के साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 11 कुंतल चोरी के बिजली के तार के साथ छह गिरफ्तार

● बाजार में दस लाख कीमत का बताया जा रहा बिजली तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** करारी पुलिस ने बिजली के चोरी के तार के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लिखापढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर विनीत कुमार सिंह,एसएसआई प्रभुनाथ सिंह 03. दीवान शिव पूजन, सिपाही छीतर सिंह, योगेश चौधरी, बृजेश कुमार व अनूप कुमार के साथ बुधवार की भोर क्षेत्र पर भ्रमण पर थे। पिंडरा चौराहे पर उन्हें सीएस इंफ्रा कंसट्रकसन के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर व सराय स्टोर के प्रबन्धक मिले। उन्होने ने बताया कि बारा ब्लॉक से कम्पनी का 22 वायर बण्डल (बिजली के तार) चोरी हो गये है। जिन्हे वह तलाश कर रहे है। इस पर पर पुलिस चोरी गये सामग्री का तलाश शुरू की। तलाश के दौरान नेवारी पुल के पास पहुंचें तो दो लोडर वाहन संदिग्ध दशा में दिखाई दिये। पुलिस ने ओवरटेक करके रोककर तलाशी ली गयी तो भारी मात्रा में कम्पनी से चोरी गये बिजली के तार बरामद हुए। कम्पनी के अधिकारियों ने उक्त बरामद तार को पहचान की। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा पुत्र दर्शन सिंह नि0 आदिलाबाद थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर, राजेश मौर्या पुत्र बनवारी लाल मौर्या निवासी मुस्तफाबाद थाना व जनपद कौशाम्बी, मनोज साहू पुत्र शिवचन्द साहू निवासी राधानगर थाना राधानगर जनपद फतेहपुर, धर्मेन्द्र कुमार उर्फ पिन्टू पुत्र जवाहर लाल नि0 मुस्तफाबाद थाना व जनपद कौशाम्बी, सूरज अग्रहरि पुत्र जगत नारायम निवासी मुस्तफाबाद थाना व जनपद कौशाम्बी बताया। साथ में एक किशोर भी था। पुलिस पांचो आरोपियों के खिलाफ लिखापढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया। जबकि किशोर को बाल सुधार गृह भेज गया।

## तीन वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी शिव भवन निवासी डुडीबाग थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी ज्ञान चन्द उर्फ लालवा निवासी कल्याणपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 शकील अहमद मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी नफीस निवासी सैलावी थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 117 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 15 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना सराय अकिल से 01, थाना चरवा से 02, थाना संदीपनघाट से 03, थाना सैनी से 01, थाना कड़ाधाम से 07 ) कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# डॉ. रिजवी कॉलेज में फ्रेसर पार्टी में बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कस्बा स्थित डॉ. ए एच रिजवी पीजी. कालेज में जूनियर्स विद्यार्थियों के लिए बुधवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन सीनियर्स विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लुबना फातिमा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते व अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक गाना भी गुनगुनाया। प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना ने कहा कि यहां से शिक्षा अर्जित कर हमारे विद्यार्थी एक सम्मानित नागरिक के तौर पर अपनी सेवाएं देश के हर कोने में दे रहे हैं। डॉ. राजेश सक्सेना ने डॉ. ए. एच. रिजवी पी. जी. कालेज करारी कौशाम्बी में नवागन्तुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य देश हित में अनुशासित एवं बेहतर नागरिक तैयार करना है, जिसमें हम सदैव खरा उतरने का प्रयास करते हैं तथा हमारे विद्यार्थियों द्वारा अपने बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से यह साबित भी किया गया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपनी मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ने की



प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने सभी को धन्यवाद भी दिया।

कार्यक्रम का आरंभ रचनात्मक तरीके से किया गया जिसके बाद विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम में ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, गजल, सोलो सांग, डुएट और फैशन वाक शो जैसी कलाओं को शामिल किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. कैप्टन अबू तल्हा अंसारी, डॉ. अशरफ अब्बास, डॉ. मुकुंद देव द्विवेदी और डॉ. मदन मोहन मिश्र आदि ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले सिराज रिजवी को मिस्टर फ्रेशर तथा फिरदौस बानो को मिस फ्रेशर घोषित किया। कार्यक्रम का समापन दोपहर 2:10 बजे राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. शमीम अहमद खान, डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के निर्देशक डॉ. इश्तियाक अहमद एवम डॉ. रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पांडे के साथ महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ. कैप्टन अबू तल्हा अंसारी, डॉ. महेंद्र सिंह पटेल, डॉ. अशरफ अब्बास, डॉ. मुकुंद देव द्विवेदी (मुख्य अनुशासनाधिकारी), डॉ. मदन मोहन मिश्र, डॉ. मोहित त्रिपाठी, डॉ. शैला भारती, अवधेश मिश्र, मुकेश कुशवाहा, गुलनाज नकवी, रश्मि सिंह कुमारी समीरा एवं नीतू मिश्रा आदि विभागाध्यक्ष एवं विद्वान शिक्षक मौजूद रहे।

# भगवान के राज्याभिषेक के साथ कार्यक्रम का हुआ समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** श्री रामलीला कमेटी दारानगर के 245 वें ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव का राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया।मंगलवार की रात दारानगर बाजार में बड़ी दरबार के उत्तराधिकारी अभिजीत शुक्ल द्वारा भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया।कमेटी के पुरोहित चंद्रिका प्रसाद मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान का राज्याभिषेक कराया।भगवान का राज्याभिषेक होते ही पूरा नगर जय श्री राम के उद्घोष से गुंजयमान हो गया।नगर वासियों ने दीप जलाकर खुशियां मनायी।राज्याभिषेक कार्यक्रम के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा।कार्यक्रम का संचालन कमेटी के संरक्षक मूल प्रकाश त्रिपाठी ने किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेंद्र सिंह ने किया।इस अवसर पर चेयरमैन रागिनी अरुण केसरवानी, कमेटी के अध्यक्ष जयमणि तिवारी, आद्या प्रसाद पांडेय, अतुल पाठक, मुन्ना दुबे, शिवम मिश्रा, अजय शुक्ला, मनोज पटेल, शशिकांत पांडेय, मनोज सहगल, नीलकमल मिश्रा, रेवती रमन पांडेय, संजय पाठक, दीनानाथ अवस्थी, राकेश पांडेय, सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भ्रमण व चौपाल लगाकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

## उपनिरीक्षक संजय राय की देख रेख में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, गांव,विद्यालय व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंझनपुर उपनिरीक्षक संजय राय द्वारा मंझनपुर क्षेत्र में भ्रमण किया उनके साथ एंटी रोमियो टीम महिला



उपनिरीक्षक राखी विश्वकर्मा, महिला उपनिरीक्षक तहसीन बानो, महिला कांस्टेबल आरती रावत, एवं महिला कांस्टेबल रीमा भारती द्वारा बस स्टैंड पर टीम द्वारा चेकिंग की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों के नाम पता नोट कर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना कड़ाधाम द्वारा मां शीतला धाम मन्दिर में, थाना कोखराज द्वारा ग्राम नौडिया करेटी में चौपाल लगाकर, थाना सैनी द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, महिला थाना द्वारा प्राथमिक विद्यालय राघवपुर में, थाना महेवाघाट द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, थाना संदीपनघाट द्वारा इमामगंज में भ्रमण कर, थाना पिपरी द्वारा ग्राम कसेंदा में चौपाल लगाकर, थाना चरवा द्वारा ग्राम काजू में चौपाल लगाकर कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी के तहत मंझनपुर उपनिरीक्षक संजय राय द्वारा आरएसएस कार्यक्रम स्थल डायट मैदान मंझनपुर का जायजा लिया गया, और सकुशल कार्यक्रम का समापन किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन-जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर जनपद के समस्त श्रीराम/हनुमान मंदिरों पर भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण पाठ, भजन आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रमूल्यों के व्यापक प्रचार प्रसार व जनमानस को इससे जोड़ने के लिये महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों/मन्दिरों आदि पर दीप प्रज्जवलन/दीपदान के साथ-साथ अनवरत वाल्मीकि रामयण पाठ 8, 12 तथा 24 घंटे तक किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनोन के लिये लिये जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिये है कि प्रत्येक आयोजन स्थल पर कार्यक्रम से पूर्व साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ध्वनि, प्रकाश एवं दरी बिछावन आदि की व्यवस्था कर लें तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये जनसामान्य के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें।

## जगन्नाथपुर के खाद्यान्न की दुकान में प्रीती का हुआ चयन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जगन्नाथपुर में सरकारी खाद्यान्न की दुकान की बुधवार को हुई चयन प्रक्रिया में प्रीती को सफलता मिली। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विमलेश कुमार मिश्र की देखरेख में कोटे की दुकान के चयन को लेकर मतदान कराया गया। मतदान में गांव के सिकंदर की पत्नी प्रीती को दो सौ चौहत्तर मत मिले। वहीं निकटतम जितेन्द्र पुत्र रामसुमेर को सत्तावन मत प्राप्त हुए। चयन प्रक्रिया में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी आईएसबी आत्माराम मौर्य व ग्राम विकास अधिकारी पूनम शुक्ला शामिल रहीं। चयन प्रक्रिया के दौरान प्रधान शान्ती देवी, राहुल सिंह, राकेश सिंह, सुनील सिंह, अजय सिंह, पवन पटेल, जीवन लाल सरोज, गंगाराम, भीम सरोज, कमलेश सिंह, कमाल सिंह आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## रास्ते की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत

**कुंडा प्रतापगढ़ ।**कालाकांकर के ग्राम पंचायत संग्रामपुर उपरहार गांव के लोग मंगलवार को तहसील पहुंचे। एसडीएम से मिलकर पूर्व प्रधान सुशीला देवी, पूर्व प्रधान अनीता देवी, फूलचन्द्र यादव, रज्जनलाल, बृजेश कुमार, विक्रम प्रताप, राजेश पाल, कमलेश यादव, सुभाषनी, वीर सिंह, लालजी, फूला, अम्बिका प्रसाद, रवीन्द्र प्रताप आदि लोगों के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र दिया। आरोप लगाया कि गांव के रास्ते, बंजर आदि सरकारी जमीन पर गांव के कुछ असरदार लोग अवैध रूप से कब्जा करके भवन निर्माण कर रहे हैं। आरोप है कि मार्च 2023 से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। भवन का निर्माण लगातार चल रहा है। आरोप है कि सड़क किनारे की जमीन पर कब्जा कर सरकारी सम्पत्ति का नुकसान किया जा रहा है। एसडीएम भरतराम ने नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि मामले की जांच कर स्पष्ट आख्या संस्तुति सहित कार्रवाई के लिए दी जाए।

## सड़क हादसों में छह लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवानाभवानीगंज गांव निवासी ओम प्रकाश की 40 वर्षीय पत्नी रेनू वाहन की टक्कर से घायल हो गई। महेशगंज थाना क्षेत्र के भरिष्ता गांव निवासी रमेश चन्द्र सरोज की 18 वर्षीय बेटी रुपा देवी वाहन की चपेट में आने से घायल हो गई। फतेहपुर के अहमद बारी गांव निवासी 50 वर्षीय बाबूलाल, बाघराय के लाला का पुरवा गांव निवासी कमलेश की 40 वर्षीय पत्नी जानकी, कुंडा के विदासिन गांव निवासी 45 वर्षीय राम लखन, बाघराय के ऐमाजाटूपुर गांव निवासी 40 वर्षीय कौशिल्या हादसे में घायल हो गई। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा है।

## भूमि विवाद में मां-बेटे को पीटा, तीन पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।**कोतवाली के मौली खास गांव निवासी राम कैलाश ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि उसके मां प्रेमी देवी के नाम की भूमिधरी जमीन पर सरियावां निवासी तनवीर मिल्की सात अक्तूबर की शाम करीब छह बजे अपने दो साथियों संग कब्जा करने पहुंचा। आरोपी जमीन पर कब्जा करने लगे। उसने विरोध करने पर मारा पीटा। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां प्रेमा देवी को भी धक्का देकर गिरा दिया और जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पीड़ित राम कैलाश की तहरीर पर पुलिस ने तनवीर मिल्की को नामजद करते हुए उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चोरी गयी बैटरी बरामद, चार आरोपी भेजे गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बैटरी चोरी का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार यादव व दीपक यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कोतवाली क्षेत्र की एक बाग के समीप पुलिस ने चार संदिग्धों को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी पडोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के किठावा निवासी भीमशंकर पाण्डेय के पुत्र शुभम पाण्डेय तथा इसी गांव के देव प्रदीप सिंह के पुत्र रौनक सिंह तथा जिले के अंतू थाना के किठावर बाजार निवासी शिवप्रसाद के पुत्र अमित पाण्डेय उर्फ मोहित व किठावर बाजार निवासी अछितानंद पाण्डेय के पुत्र पीयूष पाण्डेय के पास से पुलिस ने चोरी गयी दो बैटरी तथा सब्बल, पेंचकस व चाबी का गुच्छा बरामद किया है। पकड़े गये आरोपियों पर बीती तेरह अक्टूबर को सलोन के किठावां में दो बैटरी चोरी करने का केस दर्ज हुआ है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गयी बैटरी बरामद कर ली है। पकड़े गये आरोपी शुभम सिंह व रौनक के खिलाफ रायबरेली के सलोन थाने में पहले से भी आपराधिक मुकदमा दर्ज हैं।

## हनुमान मंदिर चिलबिला में सजे पंडाल में विराजित मां की प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**प्रतापगढ़** जय मां दुर्गा पूजा समिति हनुमान मंदिर चिलबिला तालाब पर विराजित मां का भक्तों ने गाजे बाजे के साथ आज मां बेल्हा देवी सई तट पर बने तालाब में विसर्जन किया। सभी मां के भक्त शाम को मां की प्रतिमा का मंदिर परिसर में पूजन आरती कर नाचते गाते निकले।पंडाल के संचालक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि हनुमान मंदिर चिलबिला में 1997 से मां के भक्तों द्वारा भव्य पंडाल सजाया जाता है। उसी क्रम में हनुमान जी महाराज की कृपा से इस वर्ष भी भव्य पंडाल सजा था। भक्तगण टनल के अंदर से चढ़ते हुए आस्था के ओवर ब्रिज का आकर्षण एवं ब्रिज के ऊपर विराजमान गणपति गजानन का दर्शन करते हुए गुफा के अंदर शीतल जल से होते हुए क्रिस्टल स्टोन से बनी मां की भव्य प्रतिमा एवं गुहान स्टोन से बने शेर का दर्शन कर भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो रही थी। इस पंडाल के अध्यक्ष हनुमान जी महाराज और संरक्षक भगवान भोलेनाथ हैं। भक्तगण उन्हीं की प्रेरणा से मां का भव्य पंडाल सजाते आ रहे हैं। इस अवसर पर शनि महाराज, सोनू महाराज, आदर्श कुमार, आशीष कुमार, श्याम बाबू, राकेश कुमार, विजय बाबू,विवेक यादव, अमन गुप्ता,आयूश, गोलू ,आशीष लाइट, प्रियांशु, अनुज, सूरज, सुरेश, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, सचिन, आनंद, रोहन, विशाल, सिद्धार्थ आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें अधिकारी-गीता विश्वकर्मा

● राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने महिला उत्पीड़न की सुनवाई की

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत महिला उत्पीड़न मामलों में त्वरित न्याय दिलाने के लिये उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने आज लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में महिला उत्पीड़न से जुड़े शिकायतों की सुनवायी की। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 17 शिकायतें महिला आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत हुई। राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष आज शिकायतकर्ता सरिता गुप्ता अष्ट भुजा मोड़ ने शिकायत किया कि मेरी ननद संगीता गुप्ता जो मैके में रहती है ससुराल नही जाती है मेरी सास कमला देवी को अपने प्रभाव में लेकर मुझे आये दिन परेशान करती है, दोनो मिलकर मुझे घर से निकाल देना चाहती है, जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने जिलाधिकारी को मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है। शिकायतकर्ता शगुना देवी ने बताया कि मैं पूरेवंशी की रहने वाली हूॅ, मेरे पति की मृत्यु हुये लगभग 21 वर्ष हो गया है, मुझे ससुराल का हक नही मिला, मेरे पास एक बेटी है



जिसकी शादी करने में बहुत असमर्थ हूॅ, मुझे ससुराल से कोई जायदाद नही मिला है, मैं मैके ग्राम धनीपुर पूरेछमी में रहती हूॅ। शिकायतकर्ता ने कहा कि ससुराल पक्ष से मेरा हक दिलाने व बेटी की शादी कराने के लिये सामूहिक विवाह का मदद कराया जाये, इस प्रकरण पर महिला आयोग की सदस्य ने जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। इसी प्रकार सरोजा देवी निवासी धनीपुर (पूरेछेमी) ने शिकायत किया कि मेरे पास कोई बालक-बालिका नहीं है, पति के मृत्यु के बाद मेरी विधवा पेंशन लगी थी जो ग्राम प्रधान द्वारा लगाया गया था जो एक वर्ष मिली फिर बन्द हो गयी है, साथ ही मुझे आकस्मिक मृत्यु पर आपदा सहायता भी नही मिली है, इस प्रकरण पर महिला आयोग की सदस्य ने जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

इसी प्रकार राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष शिकायतकर्ता सोनिया गुप्ता निवासी रंजीतपुर चिलबिला, रीना यादव निवासी ग्राम डेईडीह, सूरजकली निवासी सराय इन्द्रावत डेरवा, महजबीन बानो निवासी अन्तू, सुनीता मिश्रा निवासी विवके नगर, लालती विश्वकर्मा निवासी लाखीपुर कस्बा आदि ने अपनी-अपनी शिकायतें राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत की।

महिला जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हुई समस्त शिकायतों कों राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतें आये उसका निस्तारण गम्भीरता पूर्वक अधिकारी करें और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि शासन की योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिया जाये। उन्होने यह भी कहा कि महिलायें जनसुनवाई के दौरान अपने उत्पीड़न सम्बन्धी कोई भी शिकायत उपस्थित होकर शिकायती प्रार्थना पत्र दे सकती है। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य सहित अजीत कुमार सिंह, प्रतिभा सिंह, ऋचा ओझा, अभय कुमार सहित महिला थाना के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानों ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन ज्ञापन के जरिए कमीशन का लगाया आरोप




लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मनरेगा सामाग्री मद हेतु आवंटित धनराशि में कमीशन के आरोप को लेकर नाराज प्रधानों ने बुधवार को यहां ब्लाक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रमेश प्रताप सिंह की अगुवाई में प्रधानों ने ब्लाक मुख्यालय पर इकटठा होकर मनरेगा सामाग्री मद हेतु आवंटित धनराशि में खण्ड विकास अधिकारी पर कमीशन मांगने का कथित आरोप लगाया है। विरोध कर रहे प्रधानों ने उपायुक्त श्रम रोजगार को संबोधित ज्ञापन में आरोप लगाया है कि कमीशन न देने पर प्रधानों को भुगतान नही हो सका है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि दो वर्ष से भुगतान न होने के कारण फर्म वाले पैसे के लिए प्रधानों पर लगातार दबाव बनाये हुए है। गांव में भुगतान न होने की स्थिति में विकास कार्य बाधित होने को लेकर प्रदर्शनकारी प्रधानों में आक्रोश देखा गया। इस मौके पर दिनेश सिंह, विजयलक्ष्मी, कल्पना देवी, निशा, देवेन्द्र सिंह आदि प्रधान रहे। प्रदर्शन के दौरान ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ समेत अधिकारियों की नामौजूदगी को लेकर प्रधानों का जत्था ज्ञापन देने जिला मुख्यालय रवाना हुआ बताया गया।

## रंजिशन छप्पर में आग लगाने का आरोप

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के मलावांछजईपुर गांव निवासी रामचंद्र यादव के घर के पास बने छप्पर में मंगलवार की रात अचानक आग लग गई। इससे छप्पर में रखा चारपाई, कुर्सी, मेज और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित राम चन्द्र यादव ने रंजिश में छप्पर में आग लगाए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

## जिलाधिकारी ने तहसीलदारों का किया स्थानान्तरण

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनहित एवं प्रशासनिक आधार पर जनपद के तहसील में तैनात तहसीलदारों का स्थानान्तरण कर दिया है। उन्होने तहसीलदार सदर अरविन्द कुमार को तहसीलदार कुण्डा के पद पर स्थानान्तरण किया है तो वही तहसीलदार (न्यायिक) सदर सुप्रिया चतुर्वेदी को तहसीलदार सदर के पद पर स्थानान्तरण किया है।

## सैनिक बन्धु की बैठक 17 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र (अ0प्रा0) ने बताया है कि सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर को कलेक्टेऊट सभागार में दोपहर 12 बजे से किया जायेगा जिसमें जिले के समस्त पूर्व सैनिक/उनकी विधवायें/आश्रित/अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हो सकते है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

▶▶ महिला आयोग की सदस्य ने महिला बन्दियों से जिला कारागार में मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला बंदियों की समस्याओं को सुना एवं जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने महिला बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से जानकारी ली कि सभी व्यवस्थायें जिला कारागार में मिल रही है कि नही तो महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि सभी व्यवस्थायें बराबर मिल रही है। महिला आयोग की सदस्य ने महिला बन्दियों के बच्चों को बेबी किट एवं



खाने की सामग्री भेंट की। उन्होने महिला बैरक में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया जहां पर थैले की सिलाई की जा रही थी, महिला बन्दियों द्वारा बनाये गये बच्चों के डेऊस को देखा और निर्देशित किया कि बच्चे के ड्रेस उच्च गुणवत्तायुक्त बनाये जाये जिससे बाजारों में उसकी अलग पहचान रहे।

जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा निर्मित आंवला उत्पाद, आंवला जूस, आंवला अचार, आंवला मुरब्बा इत्यादि का अवलोकन किया गया। उक्त आंवला प्रसंस्करण केंद्र उत्तर प्रदेश शासन की ओ डी ओ पी योजना की तर्ज पर कारागार विभाग की वन जेल वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है, जिसमे कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त बंदियों को नियोजित किया गया है।

इसका मुख्य उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों को स्वावलंबी बनाना तथा उनमें उद्यमिता का विकास करना ताकि कारागार से छूटने के बाद भी वे जीवकोपार्जन करते हुए समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपराध की दुनिया से विमुख हो सकें। उन्होने जिला कारागार में बने अस्पताल का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य, दवाओं आदि की जानकारी ली। उन्होने पाकशाला का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को देखा तथा पुस्तकालय में रखी पुस्तकों का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर अजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर आफताब अंसारी सहित ऋचा ओझा, अभय कुमार आदि उपस्थित रहे।

महिला आयोग की सदस्य ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवगढ़ का निरीक्षण किया एवं वहां पर छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और पठन-पाठन को बेहतर करने के निर्देश। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## कायाकल्प टीम ने सीएचसी सांगीपुर में किया औचक निरीक्षण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत खंगालने अचानक पहुंची कालाकल्प टीम को लेकर सांगीपुर सीएचसी में हडकंप मच गया। स्वास्थ्य योजनाओं के कल्याणकारी क्षेत्र में ढांचागत सुधार को लेकर प्रदेश मुख्यालय से कायाकल्प टीम अचानक बुधवार को सीएचसी आ धमकी। डा0 तारिक इकबाल की अगुवाई में यहां पहुंची टीम ने ओपीडी, आपरेशन कक्ष, आपात सेवा, वार्ड एवं दवाओं के वितरण आदि का अवलोकन किया। टीम ने लैब में भी पहुंचकर रक्त सम्बन्धी जांचों की प्रक्रिया को देखा। टीम ने निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डा0 आनन्द तिवारी को परिसर में साफ सफाई के प्रबन्ध को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डा0 सुधांशु शेखर, डा0 सत्येन्द्र सिंह, ब्लाक पर्यवेक्षक आशीष पाण्डेय, अनुभव शुक्ला मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार यादव निवासी पूरेबिच्छूर ने बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत पूरे बिच्छूर में पंचायत भवन निर्माण में हुई अनियमितता की जांच हेतु कुल 10 बिन्दुओं पर मय शपथ पत्र जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग किया था परन्तु जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (प्राविधिक) को निर्देशित



कर जांच प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जबकि न ही जांच की गयी और न ही कोई आख्या आयी। इस प्रकार सभी को गुमराह कर मामले को फर्जी ढंग से निस्तारित कर दिया, ऐसी स्थिति में उसमें शामिल सभी लोगों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना परम आवश्यक है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करें एवं आख्या उपलब्ध करायें। शिकायतकर्ता अरसिया बानो निवासी बड़नपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी के पति ने आबादी भूमि 600 का बैनामा भूमि स्वामिनी से लेकर काबिज दखील है, प्रार्थिनी क्रय की गयी भूमि पर भवन निर्माण हेतु नक्शा स्वीकृत कराना चाहती है, खतौनी हेतु लेखपाल प्रदीप दूबे से बराबर मिलकर प्रतिलिपि चाहती है, लेखपाल आदेश के बाद भी खतौनी नहीं दिये, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया है कि पूर्व के आदेशों का अनुपालन करायें एवं सम्बन्धित से स्पष्टीकरण लें कि अनुपालन क्यों नहीं हुआ। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।

## परिवार रजिस्टर की नकल जारी होने में असुविधा को लेकर महिलाओं ने जताया आक्रोश




**लालगंज, प्रतापगढ़।** पंचायत भवन में ग्राम विकास अधिकारियों के न मिलने से परिवार रजिस्टर की नकल जारी होने में असुविधा को लेकर महिलाओं ने बुधवार को ब्लाक दिवस में विरोध प्रदर्शन किया। नारी संघ की पदाधिकारियों ने ब्लाक दिवस में आरोप लगाया कि पंचायत भवनों में पंचायत सचिव नहीं मिला करते हैं। इससे परिवार रजिस्टर की नकल को लेकर जरूरतमंद परेशान हो रहे हैं। वहीं आक्रोशित महिलाओं का आरोप है कि ब्लाक दिवस में भी जिम्मेदार अधिकारी नही मिला करते। विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का कहना है कि शासन की अनेक योजनाओं से महिलाएं अधिकारियों की उदासीनता के कारण लाभान्वित नही हो पा रही है। इस मौके पर मीना, सुनीता, रीना, पिंकी, राजकली आदि रहीं। नारी संघ की संयोजिका रीना ने ब्लाक दिवस में दिये गये ज्ञापन में कहा है कि मांगों पर विचार नही किया गया तो मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत दर्ज करायी जाएगी।

## देशी बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार की सुबह एक आरोपी को चार देशी बम के साथ धर दबोचा। दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। वर्मा नगर पुलिया से पचास मीटर दूर एक संदिग्ध आरोपी पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के पड़री निवासी जगराम सरोज के पुत्र सचिन के पास से पुलिस ने चार देशी बम बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## शुभम मिश्र बने एन एस यू आई के जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राज्य सभा में उपनेता प्रतिपक्ष व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा %मोना% के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पांडेय द्वारा शुभम मिश्र को एन एस यू आई प्रतापगढ़ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शुभम मिश्र का आज ÷जिला कांग्रेस कमेटी÷ कार्यालय %इंदिरा भवन% पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने माला पहनाकर व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वागत किया व खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि एन एस यू आई कांग्रेस पार्टी की छात्र विंग है।

षआशा व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के सभी महाविद्यालयों में एन.एस.यू.आई का इकाई गठन किया जाएगा द्य महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर धरना,प्रदर्शन,आंदोलन कर उनकी समस्याओं का समाधान कराना ही भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का मूल



ध्येय है द्य उन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा जी को अपनी ओर से बधाई व शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर एन एस यू आई के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शुभम मिश्र ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है, मैं उसपर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। श्री मिश्र ने अपने नेताओं, शीर्ष नेतृत्व, मा0प्रमोद तिवारी व %मोना% जी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सेवादल के जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, एनएसयूआई के निवर्तमान जिला अध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, अमित दूबे,अनूसूचित जाति विभाग के जिलाअध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, अशीष शुक्ला,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा, पृथ्वीराज गौतम, रामधन यादव, देवमणि पांडेय, नूर आलम, सतीश कुमार सरोज, सुमित पांडे, दिव्यांशु दुबे, मोहम्मद सलमान, यश प्रताप सिंह, अभिषेक पांडे, अभिनव तिवारी, मोहम्मद आजम,मोहम्मद सलीम, बृजेश शर्मा, विकास पांडे, आशीष शर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, अवनीश गुप्ता,अमन सिंह, शिवा पांडे, वैभव पांडे, अनुराग पटेल, शिवम गौतम, अभिनव सिंह,संजीव सिंह, शोभित शुक्ला,सत्यम मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# क्वॉड के गठन का प्रस्ताव

दुनिया क्वॉड को इसी रूप में जानती है कि यह इस समय अमेरिका की तरफ से चीन को घेरने के लिए बनाए जा रहे अनेक समूहों में से एक है। इसलिए इशिबा ने जो कहा, उससे भारत के अलावा किसी को परेशानी नहीं हुई है।जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा चीन के प्रति सख्त रुख के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने अपनी विदेश संबंधी प्राथमिकताएं वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक- हडसन इंस्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित एक लेख में बताई। इसमें उन्होंने चीन का मुकाबला करने के लिए एशियाई नाटो बनाने का आह्वान किया। इशिबा ने कहा कि एशियाई नाटो बनाने की जरूरत इस तथ्य से उपजी है कि अमेरिका की ताकत में तुलनात्मक कमी आई है। तो उन्होंने सुझाव दिया कि चार देशों- अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत- के समूह क्वॉड को एशियाई नाटो की भूमिका ग्रहण करनी चाहिए।इस बयान से भारत असहज हुआ है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस पर कहा कि भारत ÷एशियाई नाटो÷ का समर्थन नहीं करता। वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत जापान की तरह सैन्य गठबंधनों पर निर्भर नहीं है और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए उसकी अपनी अलग रणनीति है। कहा- ÷हम वैसे किसी रणनीतिक ढांचे के बारे में नहीं सोच रहे हैं।क्वॉड के गठन का प्रस्ताव मनमोहन सिंह सरकार के जमाने में ही आया था। लेकिन भारत ने ऐसे किसी समूह में शामिल होने से इनकार किया, जिसकी स्पष्ट पहचान किसी अन्य देश (यानी चीन) के विरुद्ध हो। नरेंद्र मोदी सरकार ने इस नीति को बदल कर क्वॉड का सदस्य बनने का निर्णय लिया। लेकिन तब से वह यह कहने में काफी ऊर्जा लगाती रही है कि यह समूह किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक एजेंडा है। कोरोना महामारी के दौर में ऐसा एजेंडा दिखाने के लिए वैक्सीन सहयोग की बात प्रचारित की गई।लेकिन बाकी तीन देशों की ऐसी कोशिश नहीं रही है। दुनिया क्वॉड को इसी रूप में जानती है कि यह इस समय अमेरिका की तरफ से चीन को घेरने के लिए बनाए जा रहे अनेक समूहों में से एक है। इसलिए इशिबा ने जो कहा, उससे भारत के अलावा किसी को परेशानी नहीं हुई है। बल्कि सवाल यह उठा है कि भारत ने खुद को अमेरिका की एशिया-प्रशांत रणनीति से संबंधित किया है, तो फिर यह कहने से उसे गुरेज क्यों है?




# भारत और कनाडा के खराब होते रिश्ते , किस पर कितना पड़ेगा असर





**अशोक भाटिया**

पहले से खराब भारत और कनाडा के साथ रिश्ते और खराब होते जा हैं। खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर जिस तरह से घटनाक्रम बदले, उसने भारत और कनाडा के बीच एक बार फिर नया राजनयिक संकट खड़ा कर दिया है। कनाडा के पुलिस कमिश्नर ने आरोप लगाया था भारतीय राजनयिक और कॉन्सुलर अधिकारी सीधे तौर पर या एजेंटों के जरिए भारत सरकार के लिए जानकारी जुटाने के लिए अपने पद का फायदा उठाते हैं। इसके बाद कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि हमने भारत के एजेंटों के आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के सबूत दिए थे। भारत से बार-बार आग्रह के बावजूद कोई सहयोग नहीं किया।इसके बाद भारत ने कनाडा में अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा समेत कई राजनयिकों को वापस बुला लिया है। इसके साथ ही भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया है और उन्हें 19 अक्टूबर तक भारत छोड़ने को कह दिया है।बताया जाता है कि अगर कनाडा का यही रवैया रहा तो जाहिर है कि इसका असर दोनों देशों पर पड़ेगा। भारत के हाथ में कनाडा की सबसे बड़ी ताकत है। अगर भारत ने अपना हाथ खींच लिया तो कनाडा की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। दरअसल, द्विपक्षीय व्यापार के अलावा कनाडा भारत के स्टूडेंट्स पर भी काफी डिपेंडेड है। अगर कनाडा के रवैये के कारण भारत के साथ उसके रिश्ते खराब हुए तो कनाडा की इकोनॉमी पर असर पड़ना तय है। कनाडा में बड़ी तादाद में भारतीय स्टूडेंट्स पढ़ाई करने जाते हैं और देश की अर्थव्यवस्था और यहां के कॉलेजों के लिए पैसे का बड़ा स्रोत हैं। ऐसे भारतीय स्टूडेंट्स कनाडा की इकोनॉमी में बड़ा योगदान हैं।भारत सरकार के डाटा के अनुसार , 13 लाख से ज्यादा भारतीय स्टूडेंट्स विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं। हर साल भारी तादाद में भारतीय बाहर पढाई करने जाते हैं। वहीं सबसे ज्यादा कनाडा भारतीय स्टूडेंट्स की पढ़ाई की पहली पसंद है। सबसे ज्यादा भारतीय स्टूडेंट्स कनाडा पढ़ाई करने जाते हैं। मौजूदा समय में कनाडा में 4,27,000 भारतीय स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। कनाडा में 40 पर्सेंट भारतीय स्टूडेंट्स हैं और ये कनाडा की अर्थव्यवस्था में ढाई लाख करोड़ रुपये का योगदान देते हैं, जिससे कनाडा की इकोनॉमी मजबूत होती है। कनाडा भारतीय छात्रों की पहली पसंद इसलिए है क्योंकि उनके जरिए दी जाने वाली फीस यहां बाकी देशों से कम है। हालांकि, ये फीस कनाडाई नागरिकों के लिए और भी कम है और विदेशी छात्रों को उनसे चार गुना ज्यादा फीस भरनी पड़ती है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारतीयों समेत विदेशी छात्र कनाडा में औसतन 8.7 लाख रुपये फीस भरते हैं।जानकारों का कहना है कि भारत के स्टूडेंट्स कनाडा की इकोनॉमी में सिर्फ फीस और पढ़ाई करके ही योगदान नहीं कर रहे हैं बल्कि वो यहां नौकरी करके भी देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ा रहे हैं। 2022 के डाटा के मुताबिक, कनाडा की अर्थव्यवस्था में विदेशी छात्रों का योगदान 22.3 बिलियन डॉलर का था जबकि इसमें 10.2 बिलियन डॉलर यानी 85,000 करोड़ रुपये तो अकेले भारतीय स्टूडेंट्स ही योगदान कर रहे थे।यही नहीं, कनाडा में कई कॉलेज यूनिवर्सिटीज भारत के भरोसे ही चल रही हैं। ऐसे में अगर भारतीय स्टूडेंट्स वहां जाना छोड़ दें और नौकरी न करें तो ट्रुडो की हेकड़ी निकल जाएगी। भारत ने अगर भारत के स्टूडेंट्स पर प्रतिबन्ध लगा दिया तो कनाडा की इकोनॉमी को कम से कम 85 हजार करोड़ का झटका लगेगा, ये वही पैसा है जो भारतीय वहां पढाई लिखाई और रहने खाने पर खर्च कर रहे हैं।गौरतलब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो 2015 से इस पद पर हैं।। पहली बार सत्ता में आने के बाद ट्रूडो ने अपनी कैबिनेट में 4 सिख सांसदों को मंत्री बनाया था । उस चुनाव में कुल 17 सिख सांसद जीते थे। इनमें से 16 ट्रूडो की लिबरल पार्टी से थे।मार्च 2016 में ट्रूडो ने अमेरिका में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा था । उन्होंने कहा था कि मेरी कैबिनेट में मोदी की तुलना में ज्यादा सिख हैं।% तब मोदी सरकार में दो सिख मंत्री श्रीमती मेनका गांधी और हरसिमरत कौर बादल ही थीं।अभी ट्रूडो की कैबिनेट में एकमात्र सिख मंत्री हरदीप एस। सज्जन हैं। हरदीप सज्जन को भारत विरोधी माना जाता है। सोमवार को जब कनाडा ने भारत के राजनयिकों को निष्कासित किया, तो हरदीप ने इसकी तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, %कनाडा की धरती पर कनाडाई लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालने के गंभीर आरोप के कारण आज भारतीय राजनयिकों को निष्कासित कर दिया गया। ये देखना अच्छा लगता है कि कानूनी एजेंसियां एक ऐसे मामले में लगातार काम कर रही है, जो सिख समुदाय को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। मैं खुशनसीब हूं कि हम कनाडा में रहते हैं, जहां कानून अपना काम करता है।देखा जाता है कि कनाडा में ट्रूडो का सिख समुदाय, खासकर खालिस्तानी समर्थकों के प्रति प्रेम हमेशा से ज्यादा गहराता जा रहा है। जब 2018 में जस्टिन ट्रूडो अपनी पत्नी सोफी के साथ सात दिन की भारत यात्रा पर आए थे। इस दौरान ट्रूडो और उनकी पत्नी कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक जसपाल अटवाल भी दिखा था।मुंबई और दिल्ली में जस्टिन ट्रूडो के कार्यक्रम का जसपाल अटवाल को न्योता मिला था। मुंबई में सोफी ट्रूडो के साथ जसपाल अटवाल साथ दिखाई दिया था। इस कार्यक्रम में कनाडा के मंत्री अमरजीत सोही भी साथ थे। इस पर जब बवाल हुआ तो कनाडा ने दिल्ली में जस्टिन ट्रूडो की डिनर पार्टी के लिए जसपाल अटवाल को दिया न्योता रद्द कर दिया। जसपाल अटवाल खालिस्तान का समर्थक रहा है और प्रतिबंधित संगठन %इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन% से जुड़ा रहा है। 1986 में कनाडा के वैंकूवर में पंजाब के मंत्री मलकियत सिंह सिद्धू की हत्या की कोशिश के लिए जसपाल को कनाडाई कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उस हमले में तो मलकियत सिंह बच गए थे, लेकिन भारत में उनकी हत्या कर दी गई थी। कनाडा की अदालत ने जसपाल को 20 साल की सजा सुनाई थी।इतिहास देखे तो 2015 से सत्ता में बने ट्रूडो न तो 2019 में बहुमत हासिल कर सके और न ही 2021 में। मगर दूसरी पार्टियों के सहारे उनकी लिबरल पार्टी सत्ता में बनी रही। कनाडा में अगले साल अक्टूबर में संसदीय चुनाव होने हैं। ट्रूडो की पार्टी लगातार कमजोर हो रही है। कनाडाई संसद में कुल 338 सीटें होती हैं और सरकार बनाने के लिए 169 सीटों की जरूरत पड़ती है। ट्रूडो की लिबरल पार्टी के पास अभी 154 सीटें हैं। ट्रूडो को पता है कि सत्ता बचाए रखनी है तो सिखों को अपने साथ रखना जरूरी है। इसी फायदे को देखते हुए वे लगातार भारत से पंगा ले रहे है । अपना जनाधार खोने के डर से ट्रूडो अब सिखों को खुश करने में जुटे हैं। जानकारों का मानना है कि 2025 में सत्ता में वापसी की उम्मीद के कारण ट्रूडो ऐसी भारत विरोधी हरकतें कर रहे हैं।ट्रूडो सरकार में विदेश नीति के सलाहकार रहे ओमर अजीज के अनुसार ऐसा नहीं है कि मोदी हमेशा कनाडा के अच्छे दोस्त रहेंगे, लेकिन इन सबसे बड़ा नुकसान कनाडा को हुआ है। दुनिया में मोदी की स्वीकार्यता बढ़ी है, जबकि कनाडा अलग-थलग है। उन्होंने लिखा था कि सीधे-सीधे आरोप लगाने की बजाय कनाडा को कनाडाई नागरिक की हत्या की जांच करनी थी और उसके नतीजों को सार्वजनिक करना चाहिए था और भारत के साथ तनाव कम करने की कोशिश की जानी चाहिए थी।ओमर अजीज के इस बात समझा जा सकता है कि %वोटबैंक% के लिए भारत से रिश्ते बिगाड़ना ट्रूडो पर ही भारी पड़ सकता है, क्योंकि कनाडा में बहुत सारे लोग ट्रूडो जैसा नहीं सोचते।बताया जाता है कि कनाडा और भारत के रिश्ते और बिगड़ते है तो सब कुछ कनाडा का ही बिगड़ेगा क्योकि भारत के पास कनाडा की अपेक्षा खोने को कुछ खास नहीं है । कनाडा जी-7 का सदस्य है। क्या जी-7 के बाकी देश कनाडा का साथ देंगे? जी-7 में बाकी देश यूएस, यूके, जर्मनी, फ्रांस, जापान और इटली सभी से भारत के रिश्ते अच्छे हैं। बताया जाता है कि अमेरिका के कनाडा से खास रिश्ते हैं तो शायद वह कनाडा का साथ दें लेकिन बाकी देशों से भारत के अच्छे रिश्ते हैं। जी-7 की साझी सोच भारत के साथ साझेदारी की है। जी-7 पहले से ही दबाव में है क्योंकि ब्रिक्स की बढ़ती छवि और ब्रिक्स देशों की कलेक्टिव जीडीपी ग्लोबल जीडीजी का करीब 37 पर्सेंट हो गई है। जबकि जी-7 की जीडीपी सिर्फ 30 पर्सेंट है। जी-7 के देश भारत से अपना तालमेल बिगाड़ना नहीं चाहेंगे।अब अगले साल कनाडा जी-7 शिखर सम्मेलन को होस्ट कर रहा है। कई सालों से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 में विशेष अतिथि के तौर पर जाते रहे हैं। कनाडा क्या निमंत्रण देगा और क्या प्रधानमंत्री मोदी जाएंगे? और जी-7 के बाकी देश क्या करेंगे? इस पर भी सबकी नजरें रहेंगी।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# पार्टियां मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर वोट लेती रहेंगी

**अजीत द्विवेदी**

देश में चुनाव का सीजन चल रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद दो राज्यों के चुनाव हुए हैं और दो अन्य राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। अगर पूछा जाए कि इस साल के हर चुनाव का केंद्रीय मुद्दा क्या था तो जवाब होगा, मुफ्त की रेवड़ी। चुनाव में और भी बहुत सी चीजें होती हैं लेकिन मुख्य रूप से मुफ्त की रेवड़ी पर ही सभी पार्टियों ने चुनाव लड़ा। तभी जब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने गर्व से कहा कि उन्होंने दिल्ली के लोगों को %छह मुफ्त की रेवड़ी' दी है और सातवीं रेवड़ी देने वाले हैं तो आश्चर्य नहीं हुआ। आखिर मुफ्त की रेवड़ी के आधुनिक संस्करण के जनक केजरीवाल ही हैं। इसलिए अगर वे इस पर गर्व कर रहे हैं और प्रधानमंत्री की ओर से बोले गए इस जुमले को तमगा बना कर सीने पर टांक रहे हैं तो उस पर क्या हैरान होना?केजरीवाल ने अपने को और अधिक एक्सपोज करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी प्रचार करने को तैयार हैं अगर वे एनडीए के शासन वाले 22 राज्यों में बिजली फ्री कर दें। सोचें, कैसी वैचारिक, नैतिक और राजनीतिक गिरावट है? जिस भाजपा और नरेंद्र मोदी को केजरीवाल, उनकी पार्टी और उनका पूरा गठबंधन संविधान के लिए, देश के लिए और समाज के लिए खराब मानता है उनके लिए भी सिर्फ बिजली फ्री होने पर प्रचार किया जा सकता है! क्या यही केजरीवाल की वैचारिक प्रतिबद्धता है कि बिजली फ्री हो जाए तो मोदी के लिए भी प्रचार करेंगे? क्या इसी आधार पर मोदी के खिलाफ लड़ेंगे?सवाल है कि अगर मोदी की पार्टी ने दिल्ली में बिजली फ्री कर दी तो क्या करेंगे केजरीवाल? अगर मोदी ने बिजली के साथ साथ वो तमाम चीजें मुफ्त में देने की घोषणा कर दी, जो केजरीवाल की सरकार दे रही है तो क्या केजरीवाल दिल्ली की सत्ता छोड़ देंगे और मोदी के लिए प्रचार करेंगे? ऐसा तो कतई नहीं होगा क्योंकि मुख्यमंत्री की कुर्सी छोडने के अगले दिन से ही उनकी बेचैनी बढ़ी है और वे नवंबर में ही चुनाव कराने की चुनौती भाजपा को दे रहे हैं। फरवरी तक इंतजार करने का धीरज भी उनमें नहीं दिख रहा है!इसलिए केजरीवाल की बातों पर हैरानी नहीं होती है। वे इस तरह की विरोधाभासी और बेतुकी बातें करते रहते हैं। हैरानी इस बात पर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुफ्त की रेवड़ी का जुमला गढ़ा और इसका मजाक उड़ाया फिर भी उनकी पार्टी इसी की राजनीति कर रही है!

उन्होंने कहा था कि मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति से देश की अर्थव्यवस्था बरबाद हो जाएगी। लेकिन उनकी पार्टी अब इस राजनीति की चैंपियन बन गई है। भाजपा दूसरी सभी पार्टियों को इस राजनीति में पीछे छोड़ रही है। अभी झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने महिलाओं को नकद पैसे देने के लिए मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना शुरू की, जिसमें महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं तो भाजपा ने गोगो दीदी योजना का ऐलान किया, जिसमें सरकार बनने पर हर महिला को हर महीने 21 सौ रुपए दिए जाएंगे।यानी जितना हेमंत सरकार देगी उसका दोगुना। इसके अलावा भी भाजपा ने बहुत कुछ मुफ्त में देने का ऐलान किया है। उसने महाराष्ट्र में लड़की बहिन योजना शुरू की है, जिसमें हर महीने महिलाओं को डेढ़ हजार रुपए दिए जा रहे हैं। इस योजना के मद पर हर साल 46 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। तभी पिछले दिनों केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इस योजना पर सब्सिडी इतनी ज्यादा है कि बाकी योजनाओं की सब्सिडी का पैसा समय पर दिया जा सकेगा या नहीं यह तय नहीं है।इसका मतलब है कि मुफ्त की रेवड़ी वाली योजनाओं से सभी सरकारों का बजट प्रभावित हो रहा है इसके बावजूद सभी पार्टियों में होड़ मची है। पार्टियों के नेता गर्व से कह रहे हैं कि उन्होंने छह मुफ्त की रेवड़ी दी है और सातवीं देंगे।

हैरानी नहीं होगी, अगर आम आदमी पार्टी के मुकाबले में भाजपा की ओर से आठ वस्तुएं या सेवाएं मुफ्त में देने का वादा किया जाए। यह होड़ ऐसी है कि झारखंड में भाजपा ने महिलाओं को 21 सौ रुपए हर महीने देने का ऐलान किया तो सत्तारूढ़ जेएमएम ने कहा है कि अगली सरकार बनी तो वह एक हजार रुपए की राशि को बढ़ा कर ढाई हजार कर देगी।सोचें, पार्टियां राजस्व का स्रोत नहीं बता रही हैं। राजस्व बढ़ाने के उपायों की चर्चा नहीं हो रही है। बुनियादी ढांचे के विकास पर बात नहीं हो रही है। देश और राज्य के संरचनात्मक विकास की चर्चा नहीं हो रही है। लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाने की बातें नेपथ्य में चली गई हैं।

अब सिर्फ मुफ्त की रेवड़ी की बात हो रही है। चुनाव जीतने के लिए ऐसे ऐसे वादे किए जा रहे हैं, जिन्हें पूरा करने में राज्यों का वित्तीय ढांचा चरमरा रहा है। सरकारों के पास वेतन और पेंशन देने के पैसे पूरे नहीं हो रहे हैं। सरकारें तय सीमा से कहीं ज्यादा कर्ज ले चुकी हैं और उनके राजस्व का बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में जा रहा है। लेकिन पार्टियों को इसकी परवाह नहीं है। उनको किसी तरह से सत्ता में आना है, उसके बाद चाहे जो हो। चुनाव जीतना राजनीति का परम लक्ष्य हो गया है। पार्टियां और उसके नेता सोच नहीं रहे हैं कि उनकी यह राजनीति एक दिन देश की पूरी अर्थव्यवस्था को मलबे के ढेर में बदल देगी।पार्टियों का सत्ता का अंध मोह तो समझ में आता है। उनके लिए सत्ता सर्वोपरि है और वे इसके लिए ही राजनीति करती हैं। लेकिन ज्यादा हैरानी आम नागरिकों की सोच को लेकर हो रही है। बुनियादी ढांचे का विकास नहीं होने, शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था बेहतर नहीं होने, रोजगार की जरुरत पूरी नहीं होने और भयंकर महंगाई व गरीबी के बावजूद वे मुफ्त की रेवड़ी के जाल में फंसे हैं। उनको समझ में नहीं आ रहा है कि सरकारें उनका खून चूस रही हैं। जिस तरह से स्वच्छैक रक्तदान करने पर स्वंयसेवी संस्थाएं और अस्पताल वाले रक्तदान करने वाले को जूस का एक ट्रेटा पैक देते हैं।उसी तरह सरकारें अलग अलग किस्म के टैक्स के जरिए जनता की जेब खाली कर रही हैं यानी उनका खून निकाल रही हैं और बदले में जूस का एक टेट्रा पैक यानी मुफ्त की रेवड़ी दे रही हैं। रक्तदान के बाद तो फिर शरीर में खून बन जाता है लेकिन ऐसे ही लोगों की कमाई नहीं बढ़ रही है। जब तक लोग अपने व्यापक और दूरगामी हितों को देख कर मतदान नहीं करेंगे तब तक पार्टियां मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर उनका वोट लेती रहेंगी और उनका शोषण करती रहेंगी।

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज हासिल हो सकता है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। मनोबल और आत्मविश्वास बना रहेगा। प्रभावशाली लोगों से अच्छे ताल मेल बनेंगे। |
| वृष | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। |
| मिथुन | आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे, साथ ही आज किसी महत्वपूर्ण या राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यो में मन लग सकता है। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम-धंधा अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में अच्छे दोस्त से सलाह मिल सकती है। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को कोई बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें। |
| धनु | आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। |
| मकर | आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं। |
| कुम्भ | आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में बिजी रहेंगे। |

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### शरद पूर्णिमा

श्री राधा कृष्ण
महारास रचावे
बृंदावन में!
गोपियों संग
खेले नाच नाचवे
बृंदावन में!
माता अमृत
महाखीर बनावे
वृंदावन में!
भोग लगा के
अन्नपूर्णा ख़िलावे
वृन्दावन में!
पूजा उत्सव
खूब मैया को भावे
वृंदावन में!
शरद ऋतु,
चंदा चकोरी भावे,
बृंदावन में!
करत लीला ,
श्याम राधा संग
बृंदावन में!
खेले चंद्रमा
चंचल किरणों से,
वृंदावन में।।



**आशी प्रतिभा ( स्वतंत्र लेखिका)**
**मध्य प्रदेश, ग्वालियर**

### ... सच बोलता कौन है


आजकल सच यहाँ बोलता कौन है।
बात में है वजन तौलता कौन है।।
झूठ पर ही टिके हैं सभी लोग अब।
सच यहाँ बोलना जानता कौन है।।
रात दिन झूठ संवाद जिसने किया।
सत्य को अब यहाँ मानता कौन है।।
कौन है जो कहेगा कि नफ़रत नहीं।
प्रेम दिल में भला घोलता कौन है।।
ज़ाम पीते रहे राह में बैठ कर।
ज़ाम पीकर पता पूछता कौन है।।
जाने कितने दफ़न राज सब हो गए।
राज सच का भला खोलता कौन है।।
सत्य जो बोलकर ख़ाक में मिल गए।
अब उसे ज्ञान पहचानता कौन है।।



**ज्ञानन्द चौबे ज्ञान**
**झारखंड**

### असर मैं छोड़ जाऊँगा

बिछड़ के तुझ से वो असर मैं छोड़ जाऊँगा,
रगो में इश्क़ की लहर मैं छोड़ जाऊँगा।।
तड़प तड़प के तू गुजार देगी ज़ीस्त को,
नज़र पे तेरी वो असर मैं छोड़ जाऊँगा।।
नहीं मिलेंगे ढंग के रदीफ़ क़ाफ़िये,
ग़ज़ल इसी तरह अगर मैं छोड़ जाऊँगा।।
अगर तू खुशबुओं की याद को भुला गई,
उसी समय तेरा नगर मैं छोड़ जाऊँगा।।
लबों पे सिर्फ़ मेरी चाहतों का जिक्र हो,
वो कायनात पर मुहर मैं छोड़ जाऊँगा।।
ग़ज़ब हसीन है मुक़ामे आशिक़ी मधुर,
ये इश्क़ का हसीं शहर मैं छोड़ जाऊँगा।।



**नित्यानन्द पाण्डेय मधुर**
**कुशहरी देवरिया उत्तरप्रदेश**

लोकमित्र
● प्रतापगढ़, गुरूवार ,17 अक्टूबर 2024



# संसद की वित्त मंत्रालय स्थायी समिति में प्रमोद तिवारी को दोबारा मिली अहम जिम्मेदारी

▶▶ राज्यसभा की इथिक्स कमेटी में भी उपनेता को मिली जगह
▶▶ राज्यसभा सदस्य प्रमोद के बढ़े सियासी कद से समर्थकों व कार्यकर्ताओं के खिले चेहरे



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भारत सरकार की संसद में महत्वपूर्ण संसदीय कमेटी वित्त मंत्रालय की स्थायी समिति में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को दोबारा लगातार अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के लम्बे संसदीय ज्ञान तथा वरिष्ठता को देखते हुए उन्हें राज्यसभा की सर्वाधिक शक्तिशाली इथिक्स कमेटी का भी मेम्बर बनाया गया है। राज्यसभा में सांसदों के नैतिक आचरण की निगरानी के साथ सदस्रों के नैतिक व अन्य कदाचार के सन्दर्भ में जांच करने वाली इथिक्स कमेटी का उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा प्रमोद तिवारी को सदस्य नामित करना प्रतापगढ़ के लिए एक और बड़ी सियासी उपलब्धि आंकी जा रही है।

वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के संसदीय अनुभव को देखते हुए उनका सियासी कद भी और बढ़ा है।

यह कमेटी सांसदों से जुड़े नैतिक आचरण के साथ केन्द्र एवं राज्यों के प्रशासनिक ढ़ांचे में भी आचार समिति के रूप में जांच का विशेषाधिकार रखती है। संसद सचिवालय द्वारा जारी परिपत्र में प्रमोद तिवारी को पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी.चिदम्बरम के साथ संसद की वित्त मंत्रालय की अहम स्थायी समिति का दोबारा सदस्य नामित होने की अधिसूचना जारी की गयी है। वहीं राज्यसभा के सभापति एवं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तरफ से जारी संसदीय अधिसूचना में वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी को इथिक्स कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। यूपी विधानसभा में नौ बार के लगातार विधायक और दूसरी बार राज्यसभा सांसद के कार्यकाल में प्रमोद तिवारी के संसदीय अनुभव को देखते हुए उन्हें इथिक्स कमेटी में जगह मिली है। इन दोनों महत्वपूर्ण समितियों में प्रमोद तिवारी को अहम जिम्मेदारी से बेल्हा का सियासी कद एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर चमका है। संसद की इन स्थायी समितियों में उपनेता प्रमोद तिवारी के चयन की जानकारी बुधवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की वित्त मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण कमेटी के सदस्य के साथ संसद के उच्च सदन राज्यसभा में इथिक्स कमेटी में महत्वपूर्ण प्रतिनिधायन की जानकारी कार्यकर्ताओं व प्रशंसकों को हुई तो वह खुशी से चहक उठे।

## दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त गिरफतार

**सुवंशा,प्रतापगढ़।** दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश कुमार राय के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभांशु कुमार राय मय हमराह हे0का0 राजेश यादव का0 विवेक यादव द्वारा अभियुक्त देवा प्रसाद पाण्डेय उर्फ सध्धू पुत्र रमाशंकर पाण्डेय निवासी ग्राम छानापार थाना फ्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 16.10.2024 को थानाक्षेत्र के छानापार नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

# राजा भइया ने जनता की समस्याओं का किया निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री, कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया पिछले कई दिनों से राजभवन बेंती में जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण किया। बुधवार को भी समस्याओं को लेकर जनता दरबार में प्रदेश के कोने-कोने से आए हुए लोगों की राजा भइया ने समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण किया। इस दौरान पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा, पीआरओ अजीत सिंह, पीआरओ जिवेंद्र पाल,प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह,प्रमुख विहार राम चंद्र



सरोज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, पूर्व प्रमुख कालाकांकर बैजनाथ सिंह, कुंडा चेयरमैन प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, समाजसेवी सोनू सिंह नरियावां, बबलू शुक्ला नरियावां, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव,बब्बन सिंह कुंडा, सुमित तिवारी फूलमती, आजाद सिंह परसीपुर, सानू सोनकर, अन्नू सिंह टिकरियां , रवि सरोज, अमित पांडेय,समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का लहू लुहान शव मिला



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ-** कोतवाली देहात अंतर्गत कटरा मेदनी गंज स्थित एटीएल ग्राउंड के वीरान इलाके में मंगलवार की रात लाश मिली । लाश मिलने के बाद रातों-रात पुलिस ने लाश को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के द्वारा सुबह 4ः00 बजे परिजनों को खबर की गई। खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया । युवक की पहचान कटरा मेदनीगंज निवासी 22 वर्षीय युवक अमन राइन पुत्र शराफत राईन के रुप में हुई । खून से लथफथ शव मिलने पर परिजनों ने पुलिस से हत्या की आशंका जताई। पुलिस प्रशासन ने युवक की लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजन युवक की हत्या की आशंका जता रहे है,उनका कहना है एक दिन पहले कुछ लोगों से मारपीट हुई थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस हत्या को दुर्घटना दिखाना चाहती है। मृतक युवक के परिजनों ने दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। चर्चाओं पर गौर करें तो पुलिस ने एक आरोपी को उठा लिया है, जिससे पूछताछ जारी है। परिजनों ने बातचीत के दौरान बताया कि पुलिस मामले को लेकर संजीदा नहीं है। पुलिस हत्या को दुर्घटना बताकर पल्ला झाड़ लेना चाहती है। बीती रात नगर पंचायत क्षेत्र में भारी फोर्स भरत मिलाप के चलते चौराहे पर मौजूद थी। पुलिस द्वारा दुर्घटना रात 10ः00 बजे की बताई जा रही है। परिजनों का आरोप है कि यदि दुर्घटना हुई होती तो सोशल मीडिया के माध्यम से खबर मिल गई होती । बीते दो दिन पहले प्रतापगढ़ भरत मिलाप के दिन युवक व उसके दोस्त से नामजद युवकों से मारपीट की घटना हुई थी ।जिसमें विपक्षियों ने युवक को मौत के घाट उतारने की बात कही थी ।मृतक के पिता मानसिक रूप से बीमार हैं। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था और घर का खर्च चलाता था। बाकी भाई-बहन सभी नाबालिग हैं। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# जनपद से चयनित हुए बाल वैज्ञानिक , बनेंगे महान वैज्ञानिक

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।**आज बुधवार को सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज में 52वीं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का रंगारंग आयोजन फादर आनंद कुमार जॉन प्रधानाचार्य सेंटेंस ऑन इंटर कॉलेज के कुशल आयोजित प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी द्वय डॉ विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमकार राणा जिला विद्यालय निरीक्षक रहे।



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली एवं, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के निर्देश पर राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 2024 का जनपद स्थल का आयोजन संपन्न हुआ। इस वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य विषय *सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है*। इसके साथ-साथ विषय निर्धारित किए गए हैं जिन पर छात्रों ने अपने अपनी क्रिया कारी और स्थिर मॉडल प्रस्तुत किया जैसे भोजन स्वास्थ्य और स्वच्छता, यातायात संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल सोच, कचरा प्रबंधन, एवं संसाधन प्रबंधन आदि। जनपद स्तर पर चयनित प्रत्येक उप विषय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बाल वैज्ञानिक एवं शिक्षक नवंबर 2024 में मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल और गाइड शिक्षकों के साथ प्रयागराज में प्रतिभा करेंगे।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी से छात्र छात्रा की वैज्ञानिक सोच को एक प्लेटफार्म उपलब्ध होता है। आज के यह बाल वैज्ञानिक कल के बड़े वैज्ञानिक रूप में जाने और पहचाने जाएंगे जो जनपद और अपने देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बच्चों का आवाहन किया कि आप के नए-नए विचारों से और नए-नए मॉडल से देश और समाज का विकास होगा और विज्ञान को एक नई दिशा और दिशा प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि अपने मॉडलों को आप और अधिक अच्छा करे और अधिक सुधार करें ताकि आप सभी के मॉडल मंडल एवं राज्य स्तर के लिए चयनित हो सके।

निर्णायक मंडल में डॉ पुष्पेंद्र सिंह, महजबीन बानो, एवं अरविंद कुमार विश्वकर्मा ने माडलों का गहनता से परीक्षण करके मूल्यांकन किया।इस अवसर पर डीसी रंजन प्रताप,श्रीमती कुसुम मौर्या,डॉ रुचि पांडेय, डॉ स्निग्धा पांडेय,शिखा त्रिपाठी,उमर जमील, मधुबाला पांडे, अनिल कुमार नीलय, श्रीमती रंजीता गुप्ता, प्रत्यूष चंद्र यादव, संतोष कुमार, वैभव सिंह चौहान,जान कुजूर, मैडम अंजू, आशीष त्रिपाठी,प्रसनजीत,प्रदीप मिश्रा,सुबोध आदि रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से बनाया शारीरिक संबंध नौकरी मिलते ही शादी से किया इंकार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** पढ़ाई करते समय ही छात्र-छात्रा प्रेमी-प्रेमिका बन गए। प्रेमी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिया, लेकिन प्रेमी को जैसे ही सरकारी नौकरी मिल गई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़ित प्रेमिका ने दगाबाज प्रेमी समेत अन्य परिजनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के बरवलिया मजरे अतौलिया गांव का है। गांव का सुशील कुमार पुत्र बसंत लाल तथा गांव की एक लड़की दोनों साथ-साथ पढ़ते थे। तभी दोनों के बीच प्रेम के बीज अंकुरित हो गए। कुछ दिन बाद दोनों सहपाठी प्रेमी-प्रेमिका बन गए। प्रेमी ने प्रेमिका को अपने माया जाल में ऐसा फंसाया कि शादी का आश्वासन देकर उससे शारीरिक संबंध भी बना लिया। इसकी जानकारी प्रेमी-प्रेमिका के परिजनों को भी थी। प्रेमी सुशील कुमार की कुछ दिन पूर्व अनपरा सोनभद्र में नौकरी लग गई। प्रेमी की नौकरी लगते ही प्रेमिका को चिंता सताने लगी, कि जल्द शादी हो जाए नहीं तो कहीं पंछी उड़ ना जाए। प्रेमिका को जिस बात का डर था, आखिरकार हुआ भी वही। प्रेमी ने शादी करने के लिए प्रेमिका को अपने तैनाती स्थल अनपरा सोनभद्र बुलाया। जब प्रेमिका वहां पहुंची तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। तब तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। हताश व निराश होकर अपने घर पहुंच कर दगाबाज प्रेमी के खिलाफ दुराचार करने तथा उसके परिजनों के खिलाफ गाली गलौज करने व मानसिक उत्पीड़न के संबंध में मानिकपुर थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# सदभावना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया पं. बद्री प्रसाद पाण्डेय का जन्मदिन

● पूरे छतऊ में संगोष्ठी तथा काव्यपाठ में सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश में सौहार्द की मजबूती पर दिया गया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे छतऊ ढ़िगवस में शिक्षामनीषी एवं समाजसेवी स्व0 पं. बद्री प्रसाद पाण्डेय की जयन्ती सदभावना दिवस के रूप में धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के डीन डॉ. सूर्यप्रकाश त्रिपाठी व वरिष्ठ अधिवक्ता पं. रामसेवक त्रिपाठी एवं धर्माचार्य अनिरूद्ध रामानुजदास ओमप्रकाश पाण्डेय ने स्व0 बद्री प्रसाद पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में लोकगायन आल्हा तथा प्रख्यात गायिका दिव्या दुबे के भजन गायन से समां बंधी दिखी। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सूर्यप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पं. बद्री प्रसाद पाण्डेय ने समाज में जातिपात



तथा ऊंच नीच का भेदभाव मिटाकर सदभावना का माहौल बनाने में अप्रतिम योगदान दिया। पं. रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि स्व0 बद्री प्रसाद ने सभी धर्मो का समान आदर कर समाज में समरसता का मापदण्ड मजबूत बनाया। सदभावना दिवस में संयोजक तथा प्रोफेसर डॉ. शक्ति कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम के ध्येय पर प्रकाश डाला। प्रख्यात गजलकार राजमूर्ति सिंह सौरभ, गीतकार सुनील प्रभाकर व कवि सुरेश पाण्डेय सम्भव, साहित्यकार चंद्रभानु त्रिपाठी के सदभावना गीत से भी आयोजन में चार चांद लगा दिखा। संचालन भाजपा नेता अशोक मिश्र ने किया। समारोह को डॉ. अजीत कुमार कुलश्रेष्ठ, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता आलोक पाण्डेय, विजय मिश्र गुरूजी, सौरभ पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रघुवीर प्रसाद उपाध्याय, प्रभाशंकर पाण्डेय, भारत तिब्बत सहयोग मंच के काशी प्रान्त अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने भी संबोधित कर राष्ट्रीय एकता एवं सदभावना की मजबूती पर जोर दिया। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, भाजपा नेता हौसिला प्रसाद ओझा, बसंत कुमार पाण्डेय, हरीश मिश्र, दिनेश सिंह, राहुल मिश्र आदि रहे।

## हत्या के प्रयास में अभियुक्त गिरफतार

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** मारपीट, गाली गलौज, हत्या के प्रयास के अभियोग में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सांगीपुर श्री मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 हरिन्द्र कुमार मय हमराह का0 रामनिवास यादव, का0 प्रदीप कुशवाहा द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त अल्ताफ खान पुत्र मो0 हारून गिरफ्तार किया गया ।

# धूमधाम और शांति पूर्ण तरीके से अंतू का ऐतिहासिक भरत मिलाप आयोजित



**प्रतापगढ़।** जनपद के नगर पंचायत अंतू का ऐतिहासिक भरत मिलाप समारोह बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सोनी ने मुख्य अतिथियों का एवम् कलाकारों का माल्यार्पण कर प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।यह आयोजन राम-भरत के मिलन की ऐतिहासिक कथा को दर्शाने के लिए हर वर्ष किया जाता है। जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जनपद के कोने कोने से भारी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग अंतू के ऐतिहासिक भरत मिलाप समारोह में शामिल हुए। समारोह में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भोलेनाथ, काली माता एवम् अन्य देवी देवताओं की कई आकर्षक झांकी निकाली गई। जो बाबूगंज बाजार और अंतू के विभिन्न कस्बों में कला का प्रदर्शन और भ्रमण करते हुए अंतू के मेला क्षेत्र पहुंची। जहां सभी झांकियों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। भरत मिलाप के इस दृश्य को देखकर लोग भाव विभोर हो गए और जय श्री राम के नारों से वातावरण गूंज उठा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अंतू थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह ने भारी पुलिस बल को जगह जगह तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे।नगर पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सोनी ने मेले में आए हुए सभी श्रद्धालुओं का और प्रशासन के लोगों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# समाज कल्याण महाराजा अग्रसेन की रहीं हैं प्रथामिकता - जय नारायण

▶▶ हर्षोल्लास से मनाया गया महाराजा अग्रसेन की जयंती



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** अग्रवाल समाज के अयोजकत्व में शहर के भंगवा चुंगी निकट एक होटल में महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

तदुपरांत समाज की महिलाओं ने अग्रसेन महराजा की आरती उतारी।इस मौके पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने की समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन समानता के प्रति समर्पण और पुरानी संकीर्ण विचारधारा के प्रति अपने दृढ़ विरोध के लिए भी प्रसिद्ध थे। उन्होंने कहा कि उनका शासन केवल युद्धों तक सीमित नहीं था बल्कि समाज कल्याण ही उनकी प्राथमिकता थी। इस मौके पर सुनील गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन अपने आदर्शो और समाज कल्याण के लिए प्रमुख रूप से जाने जाते हैं,लेकिन अपने सामाजिक कार्यो के कारण वे केवल एक समाज या समुदाय तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि उनकी करुणा, दयालुता और दूरदर्शी सोच और लोगों को जोड़कर रखने की क्षमता ही उन्हें महान बनाती थी। इस मौके पर समाज के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता , मेंढक रेस,म्युजिकल चेयर, बैलून गेम सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ साथ महिलाओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल में चार चांद लगाया। आयोजित प्रतियोगिता में शामिल बच्चों व महिलाओं कों समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे अशोक अग्रवाल ने सभी आगंतुकों व अतिथियों के आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बबिता अग्रवाल, श्रीमती मधु अग्रवाल श्रीमती सुधा अग्रवाल, श्रीमती रेखा गोयल, विपिन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, शिवानी मातन हेलिया, अनुपमा अग्रवाल, निधि,राहुल, डॉ घनश्याम अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, राजू,पवन, सुरेश, राहुल तुल्सियान, अमित सहित आदि मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिये उकसाने का अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** आत्महत्या के लिए उकसानाध्आत्महत्या कर लेने के अभियोग में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा, अजीत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कुण्डा प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में दिनांक 16.10.2024 को थाना कुण्डा के उ0नि0 मनोज कुमार मय हमराह का0 हरेन्द्र कुमार, चालक का0 विवेक कुमार द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी व रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 298द्24 धारा 191(2), 108 बीएनएस से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त सत्येन्द्र उर्फ सोनू पुत्र कल्लू सरोज निवासी हरिपुर टिकरिया थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत खेमीपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# सुवंशा का भरत मिलाप भव्यता से संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंशा का भरत मिलाप पूर्व विधायक अभय कुमार ओझा और प्रशासन की सूझबूझ से शुरू हुआ। सुवंशा बाजार का भरत मिलाप बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राम और भरत का मिलन देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। वहीं लोगों को आकर्षक चौकिया लुभाती रही। श्री बालाजी चौकी, शंकर दल चौकी, नव एकता दल, बजरंग दल चौकी प्रमुख रूप से अपना प्रदर्शन की। भरत मिलाप के दौरान पूरे क्षेत्र में भारी भीड़ भाड़ रही। जब रात में सतरंगी झालरों से पूरा बाजार जगमग हो गया और चौकियों ने अपना प्रदर्शन शुरू किया तो राम भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। सारी रात विद्युत लाइटों और चौकियों को देखने भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरी रात पुलिस प्रशासन बड़ी मेहनत करके इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया। राम भरत मिलाप के पंडालों और चौकियों के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धीरज ओझा रहे। मुख्य अतिथि का राम भरत मिलाप समिति द्वारा स्वागत किया गया जिसमें विशेष रूप से अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, प्रबंधक दुर्गा प्रसाद तिवारी, संरक्षक राकेश कुमार मिश्रा, संयोजक बलराम



विंद, महामंत्री सालिकराम पाण्डेय , उपाध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी, अंगद मौर्या,अनिल कुमार सिंह,राहुल राणा, विवेक यादव, सभासद राकेश बिंद, राधेश्याम चौरसिया, अनिरुद्ध कुमार मिश्रा, आदि बहुत से लोगों ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। पूर्व विधायक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि आप लोग आपस में एक हो कर रहिए तभी सनातन धर्म जिंदा रहेगा।जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत सुवंशा अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद रहे। नगर पंचायत सुवंशा अध्यक्ष ने भरत मिलाप समिति के सभी आयोजकों और मेला में आए हुए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी।उनके साथ में प्रमुख रूप से विपिन मिश्र, सभासद दीपक प्रजापति, सभासद योगेश सिंह आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे। राम भरत मिलाप कमेटी के सभी पदाधिकारी और चौकियों के अध्यक्षों ने पूरी रात मशक्कत करके कार्यक्रम को सफल बनाया। भरत मिलाप,प्रशाशन की सूझबूझ से बहुत कुशल ढंग से संपन्न हो गया। विशेष रूप से उप जिलाधिकारी रानीगंज दीपक वर्मा, क्षेत्राधिकार रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, थाना फतनपुर प्रभारी राकेश कुमार राय,थाना रानीगंज प्रभारी आदित्य कुमार सिंह, पुलिस चौकी सुवंशा प्रभारी महेश कुमार ,उपनिरीक्षक शेषनाथ यादव भारी पुलिस बल, महिला सिपाही और नगर पंचायत के कर्मचारी भी पूरी रात कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने में लगे रहे। राम भरत मिलाप कमेटी के पदाधिकारियों ने पत्रकारों को सम्मानित किया। कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक का जोरदार स्वागत किया। भरत मिलाप सकुशल संपन्न होने पर समिति के पदाधिकारी और प्रशासन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति सभी का ह्रदय से वंदन और अभिनंदन करती है। भरत मिलाप सकुशल संपन्न होने पर राम भरत मिलाप कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल और प्रबंधक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख राकेश कुमार सरोज,पूर्व प्रमुख सोपाल सोनी,डाक्टर शेरबहादुर यादव,पूर्व प्रमुख संतोष यादव, सिराज अहमद,राकेश कुमार जायसवाल,विजय कुमार शुक्ला ,विजय कुमार उमर वैश्य,अजय कुमार पटेल,राजेश कुमार,अशोक कुमार सोनी,राहुल चौरसिया,पवन कुमार मौर्य,डॉक्टर गिरजा शंकर सिंह,संगम तिवारी,शंकर तिवारी,ललित मिश्र भीट, नीरज तिवारी,अनिल मिश्र वैद्य, शिवकुमार सोनी, रामू मौर्य, शंकर मौर्य,चिंता मणि तिवारी, मोतीलाल गौतम आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## पैतृक सम्पत्ति बेचने की शिकायत

लोकमित्र

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छाछामउ त्रिलोचनुपर निवासी विवेक कुमार मौर्या पुत्र स्व. राम बहादुर मौर्या ने बाबा पर पैतृक सम्पत्ति बेचने का आरोप लगाया है। साथ ही जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस सम्बंध में पीड़ित का आरोप है कि उसके माता एवं पिता की मृत्यु हो चुकी है। जबकि बाबा राधेश्याम एवं उनकी पत्नी रामदुलारी जीवित है। माता पिता की मृत्यु होने के कारण मै अनाथ हो गया हूं।

मेरे बाबा राधेश्याम उक्त पैतृक सम्पत्ति बेच रहे है। पीड़ित ने रजिस्टार कुण्डा से मांग किया है कि मेरी पैतृक सम्पत्ति बेचने न दिया जाए। साथ ही ऐसा होता है तो मुझे इसकी जानकारी दिया जाए।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय सदर न्यायिक जनपद प्रतापगढ़
मु0नं0 6059/2022
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202202570306059
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0दी0
नाम फरीकेन गुलवन्ती बनाम लल्लू राम आदि
बनाम
1. लल्लू राम उम्र 60 वर्ष 2. लालजी उम्र लगभग 55 वर्ष 3. परिमिल कुमार उर्फप्रवीन कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष सुतगण स्व0 हरीलाल 4. शिव कुमार लगभग 40 वर्ष 5. पवन कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष सुतगण स्व0 दयाराम 6. त्रिभुवन उम्र लगभग 40 वर्ष 6/1. गुड्डी पत्नी त्रिभुवन उम्र लगभग 38 वर्ष 6/2. राम करन उम्र लगभग 22 वर्ष सुतगण त्रिभुवन 6/3. अर्जुन उम्र लगभग 17 वर्ष 6/4. भीम उम्र लगभग 15 वर्ष सुतगण त्रिभुवन अवयस्क बाबिलायत श्रीमती गुड्डी माता स्वयं समस्त निवासीगण ग्राम जिरियामऊ पर0 तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 7. विनोद कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष 8. दिलीप कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष 9. सुजीत कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष सुतगण स्व0 श्यामलाल 10. रामलाल उम्र लगभग 65 वर्ष सुत पाले उर्फ पोले उर्फ फूले निवासी ग्राम जिरियामऊ पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 11. भुअर उम्र लगभग 55 वर्ष 12. सुरेश उम्र लगभग 50 वर्ष 13. हरीराम उम्र लगभग 45 वर्ष सुतगण स्व0 सरजू 14. बबलू उम्र लगभग 28 वर्ष 15. गुड्डू उम्र लगभग 25 वर्ष सुतगण स्व0 पन्ने लाल निवासीगण ग्राम मुबारकपुर प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 16. श्रीमती काजल बानो उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्री रसीद निवासी पुलिस लाइन सिविल लाइन बेल्हा घाट प्रतापगढ़ 17. ग्राम पंचायत जिरियामऊ द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जिरियामऊ प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
अन्तर्गत धारा 116 रा0सं0उ0प्र0 2006
तारीख पेशी 19.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 2134/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0दी0
नाम फरीकेन राजाराम बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम कपासी मजरे अन्तू नगर पंचायत अन्तू प0त0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.10.2024 05.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.10.2024 05.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**आवश्यक सूचना**
मैं राहुल कुमार जायसवाल पुत्र अविनाश कुमार जायसवाल निवास ग्राश रखहा बाजार पोश पाइक नगर जिला प्रतापगढ़ का मूल निवासी हूं ।
मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम अविनाश जायसवाल है जबकि मेरे आधार कार्ड,पैनकार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम अविनाश कुमार जायसवाल है । यह दोनों मेरे पिता के ही नाम है। अविनाश कुमार जायसवाल मेरे पिता का सही नाम है ।
प्राथी =
राहुल कुमार जायसवाल
ग्रामङ्करखहा, पोस्ट-पाइक नगर
तहश रानीगंज, प्रतापगढ़ (उ. प्र.)
दिनांक 16 अक्टूबर 2024

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर कलेक्टर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0दी0
नाम फरीकेन रामधनी बनाम गांवसभा
बनाम
1. दिलीप कुमार सुत जगदीश प्रसाद 2. अभिषेक कुमार सुत उमेश नारायण 4. सुरेन्द्र बहादुर सिंह 5. वीरेन्द्र बहादुर सिंह 6. महेन्द्र प्रताप सिंह 7. रमेश कुमार सिंह 8. अरूण कुमार सिंह सुतगण राम सजीवन सिंह नि0 चौसा प0 बिहार तह0 कुण्डा प्रतापगढ़
तारीख पेशी 18.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 25 महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 6176/20
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0दी0
नाम फरीकेन सुधांशु सिंह बनाम संजय सिंह
बनाम
संजय सिंह आयु लगभग 38 वर्ष पुत्र स्व0 लल्लन सिंह उर्फ ललन सिंह निवासी ग्राम महुली पो0 माधोगंज पर0तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**संकेतिक नोटिस**
**No.:- MCF/RBL/Estt/Gaz/CMPs/Section** **Date:- 05.10.2024**
**विषय: आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 06 CMP (06 GDMO) के अनुबंध हेतु साक्षात्कार।**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली में **06 CMP (06 GDMO)** को अनुबंधित करने हेतु 21.10.2024 को 15:00 (अपराह्न) में प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में walk-in-Interview का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।
**नोट:** इस सूचना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं निबंधन की शर्तों हेतु आरेडिका की वेबसाइट **www.mcf.indianrailways.gov.in** पर देखें।
**कृते महाप्रबंधक/कार्मिक**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लोकपाल के हस्ताक्षेप से बन रही स्कूल की अधूरी बाउन्डी

लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार,प्रतापगढ़।** लोकपाल की सक्रियता से बिहार ब्लाक के देववर पुर के मिडिल स्कूल की अधूरी बाउंड्री कराई जा रही पूर्ण । ग्राम के सर्वेश शुक्ल की शिकायत पर लोकपाल ने सी डी ओ से की थी आवश्यक जांच व कार्यवाही की अपेक्षा ।

गाँव के युवा यदि सजग हो जिम्मेदारी से अपना दायित्व निभाए तो मनरेगा सहित ग्राम्य विकास की योजनाओ को पंख लग जायेंगे। ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है बिहार ब्लाक के देववर पुर ग्राम पंचायत के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में। लोकपाल की सक्रियता से अधूरी बाउंड्री का निर्माण पंचायत द्वारा तेजी से कराया जा रहा है। ग्राम के ही नागरिक सर्वेश शुक्ल द्वारा 1 अक्टूबर को लोकपाल कार्यालय में विद्यालय की अधूरी बाउंड्री की शिकायत की गई थी। 1 अक्टूबर को ही सुनवाई करते हुए लोकपाल समाज शेखर ने प्रथम दृष्ट्या मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित बीडीओ बिहार को




आवश्यक आख्या के साथ कार्यवाही का निर्देश दिया। वहीं 3 अक्टूबर को मुख्य विकास अधिकारी महोदया को पत्रांक संख्या 63 द्वारा 15 अक्टूबर से पहले आवश्यक कार्यवाही हेतु अपेक्षा की गई थी। वहीं आज ग्राम से रिपोर्ट ली गई तो अवगत कराया गया की बाउंड्री का निर्माण कार्य काफी तेजी से हो रहा है।

ज्ञातव्य हो की लोकपाल की जनसुनवाई में 1 अक्टूबर को शिकायत कर्ता द्वारा तत्कालीन बिहार बी डी ओ व ग्राम पंचायत के विरूद्ध गम्भीर अरोप लगाया गया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय देववरपुर में बाउन्ड्री वाल का निर्माण पंचायत द्वारा दस माह पूर्व शुरू किया गया था। गुणवत्ता युक्त कार्य न होने पर ग्रामवासियों की शिकायत पर तत्कालीन बीडीओ द्वारा गुणवत्ता की जांच करके कार्य बन्द करा दिया गया था और प्रधान को मानक के अनुरूप कार्य कराने को कहा था। परन्तु आज तक कार्य अधूरा पडा है। वहीं अवगत कराया है कि ब्लाक के मनरेगा कर्मियों प्रधान सचिव द्वारा धनराशि निकाल ली गई है। उनका सवाल है कि बिना जांच किए एफ0टी0ओ0 कैसे जारी हुआ और कार्य अभी भी अधूरा पडा है। उन्होने कहा है कि पैमेन्ट के एक माह बाद भी अभी भी बाउन्डी वाल में किसी भी प्रकार का कार्य नही लगाया गया है। उन्होने विद्यालय के बाउन्डी वाल के निर्माण की मांग की थी।

चूंकि मामला गम्भीर प्रकृति का था ऐसे में उक्त मामले की समुचित जांच अपने स्तर से कराके आवश्यक कार्यवाही कराने तथा की गई कार्यवाही तथा वस्तु स्थिति की रिपोर्ट 15 अक्टूबर 2024 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सीडीओ से लोकपाल ने अपेक्षा की थी। 15 अक्टूबर तक आख्या तो नही आ सकी परंतु लोकपाल द्वारा ग्राम से प्रगति रिपोर्ट ली गई तो काफी उत्साह जनक परिणाम दिखा प्रधान द्वारा अधूरे बाउंड्री का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है।

ग्राम वासी भी काफी उत्साहित है और उम्मीद कर रहे है की मनरेगा मे जन भागीदारी व निगरानी से गाँव का कायाकल्प जरूर हो सकेगा।

## महिला आयोग की सदस्य ने जिला महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला सीएमएस अनुपस्थित पायी गयी जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सीएमएस महिला के विरूद्ध कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होने ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया तो वहां पर गन्दगी पायी गयी तथा बेड की चादरे फटी पायी गयी और सभी बेडों पर चादरे नहीं पायी गयी, शौचालय एवं हाथ धुलने वाली बेसिन की टोटी भी खराब पायी गयी जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और साफ-सफाई, नियमित चादरे बदलने हेतु निर्देशित किया। उन्होने ओपीडी में भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान वन स्टाप सेन्टर की इन्चार्ज नीरजा कुमारी, चाइल्ड लाइन की डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर ऋचा ओझा सहित अभय शुक्ला भी उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीराम का तीर लगते ही धूं-धूं कर जला रावण

### ▶▶ कटरामेदनीगंज के ऐतिहासिक मेले में उमड़ी भारी भीड़

लोकमित्र ब्यूरो

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** श्री रामलीला मंडली एवं दशहरा मेला मैदान में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र भगवान ने रावण के पुतले को तीर मारा रावण धू धू कर जल गया।

मेला मैदान में दर्शक ने जयकारा लगाया सियापति रामचंद्र की जय, राम चंद्र की जय के उद्घोष से मेला परिसर गूंज गया। श्री राम की सेना ने पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाए। कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव एवं मेला व्यवस्थापक राजू मैनेजर ने सभी की आरती की।

ऐतिहासिक कटरा गुलाब सिंह का मेला सम्पन्न हो गया दुर्गा देवी की चौकी ,गणेश कार्तिकेय भगवान श्री राम,लक्ष्मण ,हनुमान जी की चौकी आ गयी। तभी लोग जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा करने लगे। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव नगर पंचायत के बड़े बाबू हीरालाल यादव ,डॉ अमर बहादुर सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष, देवी मिश्र प्रबंधक ,मेला अध्यक्ष अजय श्रीराम अग्रहरी , मेला



व्यवस्थापक राजू मैनेजर अनिल अग्रहरि,संकुल तिवारी, कमलेश वैश्य, दिनेश अग्रहरि ने सभी की आरती की और उपहार भेट किया। थाना जेठवारा की पुलिस मुस्तैद रही। मेला देखने मे लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कटरा गुलाब सिंह बाजार रोशनी से जगमग हो गया। रामा दल हनुमान दल सहित आधा दर्जन मनमोहक झांकियां भी निकाली गई। बच्चों ने मेले का आनन्द लेते हुए झूले का लुत्फ उठाया। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जगह जगह राधा कृष्ण शिव तांडव का कलाकारों ने प्रस्तुत किया, जिसका लुत्फ लोगो ने उठाया। मेले में आये लोगों का आयोजक अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर आडिटर कमलेश वैश्य,कोषाध्यक्षय दिनेश अग्रहरि,घनस्याम पप्पू शंकर लाल,जगनारायण अग्रहरि ,सभासद प्रतिनिधि दीपक जायसवाल, सभासद प्रतिनिधि इंद्रेश सिंह ,सुनीता देवी सभासद पूरे तोरई, संजय बटुक आदि लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया भरत मिलाप

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा मेदनी गंज का ऐतिहासिक भरत मिलाप बड़े धूमधाम से मनाया गया। शाम छः बजे से ही विद्युत झालरो सतरंगी लाइटों से पूरा नगर पंचायत जगमग हो गया था। रात्रि नौ बजे से रथो और चौकियो पर सवार कलाकारों ने शिव तांडव तथा महिषासुर वध आदि धार्मिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन करना शुरू किया तो राम भक्तों का सैलाब उमड पड़ा। सारी रात चौकिया और विद्युत लाइटों को देखने वालों का जन सैलाब उमड पड़ा था। पूरी रात पुलिस प्रशासन ने बहुत मेहनत करके इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया। बुधवार को भोर में प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण,हनुमान जी महाराज भरत चौक पहुंचे। वहाँ पर पहले से ही भरत, शत्रुघ्न के मौजूद रहे। प्रभु श्री राम, माता जानकी, भाई लक्ष्मण एवं भक्त हनुमान के साथ मिलन को देखकर सभी दर्शकों की आंखें भर आई। सागर गुप्ता ने सभी



चौकिया पर सुशोभित प्रभु श्री राम जानकी लक्ष्मण हनुमान भरत एवं शत्रुघ्न सहित देवी देवताओं की आरती उतारी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सीता देवी पत्नी अजय कुमार गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों को शाल और गमछा देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर रोशन लाल अग्रवाल विष्णु अग्रहरि गोपाल जी साहू गेंदालाल डॉ जाकिर हुसैन अनुराग अग्रवाल टोनी संजय दादा आदि नगर पंचायत क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित रहे ।अराजक तत्वों की निगरानी के लिए एंटी रोमियो टीम प्रभारी रिचा पाल अपने सहयोगियों के साथ तथा चौकी प्रभारी मृत्युंजय पांडे पूरी रात मेले को सफल बनाने के लिए गस्त करते रहे। भरत मिलाप सकुशल संपन्न हो जाने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## 25 हजार का ईनामियां लूटेरा गिरफतार

**सुवंशा,प्रतापगढ़।** बीट आरक्षी दशरथ पटेल के जाल में फंसा 25 हजार रुपये का इनामियां लूटेरा धर्मेन्द्र सरोज को गिरफ्तार किया गया।अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार नें बीट पुलिसिंग प्रणाली को जनपद में मजबूती के साथ विकसिक करके आरक्षियों के कंधों को विश्वास और जिम्मेदारी से लैस किया । आरक्षी दशरथ पटेल ने भी खाकी का फर्ज अदा करके 25 हजार रूपये का इनामिया लूटेरा धर्मेन्द्र सरोज पुत्र पुत्र करिया सरोज निवासी जुड़ऊपुर थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को सलाखों के पीछे धकलने में अहम भूमिका निभायी है । अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के मार्गदर्शन में बीट आरक्षी अपराधियों की धड़पकड़ में अपनी पैनी नजर बिछाये साये की तरह पीछा कर रहें हैं ।गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि मैं और मेरे साथियों द्वारा दिनाँक 30.08.2023 को पावर हाऊस के पास एक व्यक्ति से पैसे, मोबाइल व अन्य सामान छीनकर भाग गये थे । मेरे हिस्से में जो पैसे आये थे वह खर्च हो गये है। मोबाइल खराब होने के कारण सही नही हो पाया था । जिसे मैनें फेंक दिया था ।

## पुलिस मुठभेड में 50 हजार का ईनामियां हत्यारोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**जेठवारा,प्रतापगढ़।** पुलिस मुठभेड़ में हत्या के अभियोग में वांछित 50000- रूपये का इनामिया अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना जेठवारा पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष के आधार पर दिनाँक 15.10.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 260/24 धारा 103(1),351(3),303(2) बी0एन0एस0 से संबंधित वांछित अभियुक्त विनय कुमार पटेल पुत्र मेवालाल पटेल निवासी ग्राम पूरे सुखदेव थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर के साथ थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत मेनहूँ तिराहा से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर दिनाँक 16.10.2024 को थाना जेठवारा पर मु0अ0सं0-261/24 धारा 109,352 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मेरा मृतका के साथ पूर्व से बातचीत था । मृतका की शादी दूसरे व्यक्ति से हो जाने के कारण मैं बहुत परेशान रहता था और उससे मिलने की कोशिश करता था ।

मृतका के ससुराल से वापस घर आने की जानकारी होने पर घटना के दिन मैं उससे घर के पास खेत में मिला था । मृतका द्वारा बताये जाने कि मै विवाहिता हूँ और यह सब गलत है । जिससे मैने परेशान होकर मृतका की गला दबा कर हत्या कर दी थी ।

## बंदीपट्टी की रामलीला आज से

**सुवंशा।** नगर पंचायत सुवंसा अंतर्गत श्री रामलीला समिति बंदीपट्टी, बिकरामपुर नौड़ेरा का कार्यक्रम 17 अक्टूबर से शुरू होगा। यह इसकी 48वीं वर्षगांठ होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन राजेश दुबे कमिश्नर द्वारा किया जाएगा।इस कार्यक्रम की जानकारी रामलीला समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र ने दी। समिति के प्रमुख लोगो में राजेश सिंह, कुलदीप धुरिया,रबी सिंह ,सतेश्वर शर्मा,बिमल मिश्र,हरिहर सिंह, रवींद्र कुमार मिश्र, राहुल सिंह, पिंटू कश्यप, राघव प्रताप सिंह, निखिल सिंह आदि हैं।

## निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक


**कुंडा प्रतापगढ़।** विकास खंड बिहार के ग्राम पंचायत समसपुर दामू के प्रधान आदित्य प्रसाद मिश्र के छोटे भाई अर्जुन प्रसाद मिश्र की पत्नी आभा देवी के असामायिक निधन पर गांववासियों व क्षेत्र के प्रधानों व नगरहन का पुरवा चौराहे के व्यापारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष डाक्टर बांकेलाल चौरसिया, महामंत्री अनिल पांडेय समेत अन्य व्यवसायियों ने शोक व्यक्त किया। इसी क्रम में प्रधान संघ जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह व बिहार प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी उर्फ सुग्गा तिवारी ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

# आस्था का कलश सिर पर लेकर निकले श्रद्धालु

### ● श्रीमद भागवत कथारूपी समुद्र में गोता लगाएंगे लोग

लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार ,प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के बारौं प्रेम का पुरवा में शुरू हो रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भगवत् महापुराण कथा से पूर्व बुधवार को कलश यात्रा बड़े धूम-धाम से निकाली गयी। कलश यात्रा में महिला-पुरुष,बच्चे-बुजुर्ग सभी बड़े उत्साह से शामिल हुए।आस्था का कलश सिर पर रखकर सैकडों महिलाएं गांव में फेरी करते बारौं सचिवालय भवन के बगल से निकलते हुए, मंदिरध्शिवालयों पर पूजन-अर्चन करते हुए बारौं के प्रसिद्ध ग्राम देवता राजा तक्षक धाम पहुंचे। इस बीच डीजे पर बज रहे भक्ति गीत से झूमते श्रद्धालु भक्तिभाव से ओत-प्रोत रहे। इस कथा कार्यक्रम के मुख्य यजमान कृष्ण कुमार दुबे (झकोरे) व कथा व्यासध्वक्ता भागवतमर्मज्ञ पं0 राकेश तिवारी शास्त्री जी के श्री मुख से सप्त



दिवसीय कथा की रसधार बहेगी। जिससे क्षेत्रीय श्रद्धालु आह्लादित होंगे। बताते चलें कि यह श्रीमदभागवद कथा की अमृत धारा का श्रवण 17 अक्टूबर दिन वृहस्पतिवार से सांय 2 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा।जिसकी पूर्णाहुति 23 अक्टूबर को होगी।कलश यात्रा दौरान कथा व्यास रथ पर विराजमान रहे। कथा कार्यक्रम व्यवस्थापक सूबेदार दुबे ने ग्राम सभा समेत क्षेत्र को लोगों को कथा श्रवण के लिए कथा स्थल पर आने का निवेदन करते हुए 25 अक्टूबर दिन शुक्रवार को भंडारा प्रसाद प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया है। कलश यात्रा में हरिप्रसाद तिवारी, हवलदार दुबे,अवध बिहारी, जमुना प्रसाद,विजय नारायण पांडेय,लालता प्रसाद तिवारी, सुरेश तिवारी, भगवान तिवारी, राजेश तिवारी, सचिन तिवारी, पंकज पाल,पारस,पन्ने पटेल,शंकर,समय लाल यादव, शिव बहादुर यादव, मुकेश यादव, विजय कुमार, हरिशंकर मिश्रा,हरीराम सरोज,अवधेश तिवारी समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा का बेल्हा में भव्य स्वागत




**प्रतापगढ़।** बेल्हा में महिला और बाल उत्पीड़न के मामले में सुनवाई करने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा का समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा किया। राज्य महिला आयोग के सदस्य के रूप में जिम्मेदारी मिलने के बाद वह पहली बार बेल्हा आई थीं। उनके आगमन की जानकारी मिलते ही विश्वकर्मा समाज के प्रमुख लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज की बेटी होने के नाते उन्हें बधाई दिया।विश्वकर्मा ब्रिगेड के प्रदेश सचिव बबलू विश्वकर्मा ने उन्हें पटका एवं भगवान विश्वकर्मा का चित्र भेंट कर स्वागत किया। वरिष्ठ समाजसेवी सुरजीत विश्वकर्मा,समाजसेविका रंजना विश्वकर्मा, डॉ अनिल विश्वकर्मा, प्रभावती विश्वकर्मा, व्यवसायी विजय विश्वकर्मा, श्रीराम विश्वकर्मा चौधरी, पप्पू विश्वकर्मा, बृजेश विश्वकर्मा सहित समाज के दर्जनों गणमान्य लोगों ने उन्हें माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

9452526750, 9839665450,8565970115
**दैनिक लोकमित्र**
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादक: संतोष भगवन

# जिला अस्पताल में बाहर से दवाईयाँ लिखे जाने की जाँच का सीडीओ ने दिया आदेश!

## सीडीओ ने स्वयं माना कि अधिनस्थों पर नही है सीएमएस प्रदीप कुमार का नियंत्रण





**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला अस्पताल में ड्रग्स माफियाओं के इशारे पर बाहर से दवाईयाँ लिखे जाने के मामले पर अंकुश लगाने के लिए अब जिले के मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं वीणा उठा लिया है,जिससे जिला अस्पताल के सीएमएस से लेकर भ्रष्ट चिकित्सक तक में खलबली मची हुई है,सीएमएस से जहाँ दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है तो वहीं सीएमओ को सीएमएस पर कार्यवाही के आदेश भी दिये गये हैं।

बताते चलें कि जिले के राना बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय में बाहर से दवाईयाँ लिखे जाने के मामले आये दिन समाचार पत्रों की सुर्खियाँ बनते रहते हैं,जिनका संज्ञान लेते हुए जिले के मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने मंगलवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया,जिसमें बहुत सी खामियाँ भी सामने आयी थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डेगू,ए0ई0एस0/जे0ई0 वार्ड में मरीजों से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल में मौजूद जीवन रक्षक दवाइयां ही मरीजों को उपलब्ध कराई जाए,वहीं जो भी चिकित्सक समय से मरीजों को देखते नहीं हैं उन पर भी कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जिला चिकित्सालय में औषधियां पर्याप्त मात्रा में स्टाक में उपलब्ध होने के बावजूद चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रदीप कुमार द्वारा मरीजो से बाहर से दवाइयां मंगाकर दिया जा रहा है।इस पर सीडीओ ने सीएमओ को निर्देशित किया कि डॉ0 प्रदीप कुमार के विरूद्ध तत्काल नियमानुसार कड़ी कार्यवाही कर दो दिन में उन्हें अवगत कराएं। मुख्य विकास अधिकारी का कहना है कि सीएमएस का अपने अधीनस्थों पर न तो प्रभावी नियंत्रण है और न ही उनके स्तर से प्रभावी अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अपना स्पष्टीकरण दो दिन में उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी को भी निर्देशित किया कि टीम गठित कर जाँच कराएं कि जिला चिकित्सालय महिला/पुरुष में इस प्रकार का कोई और प्रकरण तो नहीं है? उन्होंने सभी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी डॉक्टरों द्वारा बाहर से दवाएं लिखने/मंगाने सम्बन्धी प्रकरण की समिति गठित कर जॉच करवा कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**...सीडीओ साहब !इमरजेंसी की तरफ भी ध्यान दें,यहीं पर सबसे ज्यादा लुटते हैं मरीज!**

बता दें कि अब सीडीओ साहब को गुप्त रूप से (खास तौर पर रात्रि के समय) जिला अस्पताल की इमरजेंसी पर भी जाँच करवायी जाये तो हर मरीज से बाहर से मंगवाये जाने वाले 740 रुपये के इंजेक्शनों का मामला भी सामने आ जाएगा।बताया जाता है कि इन भारी भरकम कमीशन वाले इंजेक्शनों का प्रतिदिन पचासों हजार रुपये का कारोबार जिला अस्पताल प्रशासन,अस्पताल के कुछ भ्रष्ट ईएमओ तथा ड्रग्स माफियाओं की सांठगांठ के चलते धड़ल्ले से फलफूल रहा है,परन्तु जब कोई पत्रकार अथवा पीड़ित सीएमएस से शिकायत करता है तो सीएमएस साहब पर्ची देते समय की वीडियो की मांग करने लगते हैं,जबकि वीडीओ बनाना तो दूर की बात है,इमरजेंसी में मोबाईल हाथ में देखते ही अस्पताल के कर्मचारी मरीज तथा तीमारदार के साथ हाथापाई पर उतारू हो जाते हैं,अब ऐसे में वीडियो कैसे बने,यह तो सीएमएस साहब ही जानें।

# पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को किया गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में दिनांक 16.10.2024 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के पंद्रहवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया। यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए। वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगाकर चलने वाले वाहनों के शीशे से काली फिल्म निकलवाई गई तथा वाहन मालिकों को भविष्य में इस प्रकार से काली फिल्म शीशे में न लगाने हेतु चेतावनी दी गई एवं उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई भी की गयी। साथ ही अनाधिकृत रूप से वाहनों में हूटर लगाकर चलने वाले वाहनों तथा विधायक पास तथा सचिवालय पास अनाधिकृत रूप से लगाकर चलने वाहनों की चेकिंग की गई। अनाधिकृत वाहनों में पास लगे होने पर उनके पास निकलवाए गए तथा आगे से उनको इस प्रकार के पास न लगाने हेतु चेतावनी दी गई। उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 387 चालान करते हुए 546500 का जुर्माना योजित किया गया।

# जगदीश यादव बने महराजगंज कोतवाली प्रभारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र में अपराधी व अपराध को बढ़ावा देने वाले लोग या तो क्षेत्र छोड़ दे या फिर अपराध करना छोड़ दे अन्यथा अपराध में शामिल पाए जाने पर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। यह उद्गार आज दिन बुधवार को महराजगंज नवागत कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे।

बताते चले की रायबरेली जिले के पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात हुए तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा चलाई गई तबादला एक्सप्रेस में लगभग 15 माह से महराजगंज कोतवाली में तैनात कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम को खीरों थाने की कमान दी गई है तो वही रायबरेली में मानीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव को महराजगंज कोतवाली प्रभारी बनाया गया। बताते चले की पूर्व में बछरावां एसओ,व जगतपुर एसओ के पद पर रहकर अपनी कुशल कार्य क्षमता व तेज तर्रार कार्य प्रणाली के चलते क्षेत्र की जनता की जन समस्या का निस्तारण करने का प्रयास करने वाले कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव को नवागत पुलिस अधीक्षक ने महराजगंज कोतवाली का प्रभारी बनाकर जनता को एक नया जनादेश देने का काम किया।

इस मौके पर निरीक्षक हरिकेश सिंह, उप निरीक्षक दिनेश गोस्वामी, सचिन शर्मा, सचिन सिंह, राजवीर सिंह, रोहित कुमार, चैकी इंचार्ज रवि पवार, चैकी इंचार्ज राहुल मिश्रा, उप निरीक्षक सचिन शर्मा व सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति के तत्वाधान में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सहज सरल और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे गजाधर सिंह**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सहज सरल और सौम्य व्यक्तित्व के धनी राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक गजाधर सिंह का आकस्मिक निधन 13 अक्टूबर 2024 को हो गया था। इस दुखद खबर ने रायबरेली जनपद के प्रत्येक वर्ग के जनमानस की आंखों को नम कर दिया। राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली के तत्वाधान में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें जनपद रायबरेली के सभी वर्गो ने शिरकत कर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।भावपूर्ण श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समिति के अध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में युद्ध है संघर्ष है युद्ध नहीं है जिनके जीवन में हुए बड़े अभागी होंगे रन से भागी होंगे। पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय गजाधर सिंह जुझारु जमीनी नेता रहे हैं उन्होंने गजाधर सिंह से संबंधित कई व्याख्यान भी सुनाएं। वही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास ने कहा कि संघर्ष में गजाधर सिंह का कोई सानी नहीं था वह हमेशा संघर्ष को अपना हथियार मानते थे। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि पिताजी के न रहने पर वे अभिभावक की तरह हमेशा साथ खड़े रहे। डायट प्राचार्य जय प्रताप सिंह ने कहा कि 1979 से उनसे मेरा जुड़ाव रहा मेरा अधिकारी बनना उनकी कृपा प्रसाद व उनकी प्रेरणा है। समिति के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि वह हमेशा अध्यक्ष जी के रूप में संबोधित करते थे। राजनीति को पैसा कमाने का जरिया नहीं बनाया पूर्ण रूप से सामाजिक व्यक्ति थे। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि गजाधर सिंह जनमानस के नेता थे अपने कर्तव्य का निर्वहन बड़ी सरलता से करते थे। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि रायबरेली जनपद के गौरव रहे सिंह कहा करते थे कि हार जीत जीवन संघर्ष का हिस्सा है डरो मत अपना कार्य करते रहो। हरिहर सिंह ने कहा कि वह हमेशा बाबू साहब कैसे हो टाइगर पुकारते थे उनका जीवन संघर्ष प्रेरणादायक है। वहीं भाजपा के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा निडरता से अपनी बात रखने वाले गजाधर सिंह हमेशा युवाओं का मनोबल बढ़ाते रहते थे। सरेनी के ही पूर्व विधायक अशोक सिंह ने कहा अपनों की समस्याओं के लिए उनके जैसा संघर्ष करने वाला दूसरा नहीं देखा। समिति के सदस्य राजवंत सिंह ने कहा कि हमने तो बचपन से ही उनके संघर्षो से प्रेरणा ली है। विजय रस्तोगी ने कहा कि मेरे लिए प्रेरणा स्रोत थे गजाधर सिंह से अदृश्य छाया की तरह उनका आशीर्वाद मिलता रहा है। वहीं भाजपा नेता व समिति के उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि सामाजिक व राजनीतिक दायित्व का निर्वाह करने में स्वर्गीय सिंह आगे रहे और वह संघर्ष के पर्याय थे। अरविंद श्रीवास्तव ने कहा जिस काम को स्वर्गीय सिंह ठान लेते थे उसे पूरा करके ही दम लेते थे। भाजपा नेता व व्यापारी संघ के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा कि जीवन व समाज के सभी क्षेत्रों में गजाधर सिंह ने कार्य किया। पंकज मुरारका ने कहा कि रायबरेली ने महान व्यक्तित्व को खो दिया। मुकेश श्रीवास्तव ने कहा स्वर्गीय सिंह सबको संबल प्रदान करते थे। अजय कछवाह जहाजी ने कहा तीन पीढ़ी से हमारे रिश्ते थे उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा। आरएसएस के संजय सिंह ने कहा शून्य से शिखर तक की यात्रा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अच्छे कार्य करता थे। जगतपुर क्षेत्र के बुधेंद्र बहादुर सिंह ने कहा जीवन में ऐसा अवसर आता है जब भावनाओं का साथ वाणी नहीं दे पाती है और वाणी का साथ भावनाएं नहीं दे पाती हैं। सभासद एसपी सिंह ने कहा स्वर्गीय गजाधर सिंह सबका ध्यान रखने वाले व्यक्तित्व थे। अवसर पर बीपी सिंह, दिनेश सिंह, टी एन सिंह, राम लखन सिंह भदोरिया, राजू राठौर, सुनील भदोरिया, सुनील प्रताप सिंह, युवराज सिंह, शिवम सिंह, बबलू सिंह केसरिया, माधव सिंह, अजीत सिंह, रमेश सिंह, हरीशानंद मिश्रा, धनंजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, मोहित सिंह, गोपाल खन्ना, धीरेंद्र सिंह, गोविंद खन्ना, शिवकुमार सिंह, रामदेव पाल, विजय बाजपेई, देवेंद्र सिंह, सोनू सिंह, महेंद्र अग्रवाल, ओम सिंह, अजय पाल सिंह, शिवेंद्र सिंह, आलोक सिंह, रामबली सिंह, अमित सिंह, शशांक राठौर, त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, ब्रह्मकुमारी ज्योति, ब्रह्मकुमारी शालिनी, ब्रह्मकुमारी अंजू, ब्रह्मकुमारी शिखा, ब्रह्मकुमारी जागृति, विक्रम सिंह, राघवेंद्र सिंह, कमलेश सिंह भदोरिया, सुनील मेजर, भाजपा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधा अवस्थी, महामंत्री रागिनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अधिर भय नैना,नीरस हुई हर गली,विसर्जन माँ चली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** सलोन कस्बे में बड़ी दुर्गा का छोटी दुर्गा के मिलन के साथ ही नवरात्रि पर्व का धूमधाम से समापन हो गया।बहराइच कांड को लेकर सीओ सलोन ने चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा लगा रखा था।नौ दिनों तक चली जगत जननी की उपासना के बाद बुधरवार को माता की प्रतिमा विसर्जन में जन समुदाय उमड़ पड़ा।ढोड नगाड़े की धुन और डीजे पर भक्तो ने थिरकते हुए जमकर अबीर गुलाल उड़ाये और माता के अंतिम विदाई में शामिल हुए।सर्वप्रथम कस्बे के जानकीपुरम बाईपास स्थापित अम्बे माता की प्रतिमा विषर्जन यात्रा निकाली गई।विषर्जन यात्रा में आसपास की महिलाएं शमलित हुई।वही मन्कामेश्वरी मन्दिर के पास अम्बे माता की प्रतिमा को पंडाल में स्थापित रही बड़ी दुर्गा की प्रतिमा का मिलन अलौकिक रहा।प्रतिमा विसर्जन कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए सलोन बस स्टाप पंहुचा।जहाँ भक्तो का हुजूम उमड़ पड़ा।पुलिस को भीड़ संभालने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।सीओ प्रदीप कुमार पुलिस फोर्स के साथ प्रतिमा विसर्जन के दौरान मौजूद रहे।जिसके बाद डीजे की धुन पर विसर्जन का काफिला ऊँचाहार मार्ग की ओर मुड़ा और गोकर्ण घाट पर माता का भूमि विसर्जन किया गया।

इस दौरान रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी के संरक्षक चन्द्रशेखर रस्तोगी,अध्यक्ष विपिन कौशल,मुरारी साहू,कपूर रस्तोगी,सुभाष जायसवाल,विनय रस्तोगी,अमर दीप गुप्ता,रोहन साहू,दीपक साहू,रवि कौशल,नेवी गुप्ता,सन्देश अग्रहरि,अंकित साहू सहित भारी हुजूम मौजूद रहा।

# आरेडिका में अनुवाद में सृजनशीलता विषय पर वैब गोष्ठी का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में हिंदी राजभाषा के विकास हेतु अनुवाद में सृजनशीलता विषय पर भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी के तत्वावधान में वैब गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वैब गोष्ठी को डा0 बरूण कुमार ( निदेशक राजभाषा, रेलवे बोर्ड) के द्वारा सम्बोधित किया गया। वैब गोष्ठी में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अनुवाद में सृजनशीलता सिखायी तथा समझाया कि हम किस प्रकार एक प्रभावशाली अनुवाद कर सकते हैं और अपने राजभाषा हिंदी के ज्ञान का प्रचार-प्रसार कर सकते हैं।

मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के वैब गोष्ठी रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। इस वैब गोष्ठी में आरेडिका के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग लिया।

# लालगंज कोतवाल संजय कुमार का हुआ ट्रांसफर, लोगों ने फूलमालाओं से की विदाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कोतवाल संजय कुमार का ट्रांसफर ऊंचाहार हो गया है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा किए गए स्थानांतरण पर उन्होंने संतोष जताया है। उनके ट्रांसफर होने पर सीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अपने छोटे से कार्यकाल में कोतवाल संजय ने लालगंज में बढ़िया काम किया है। कई बड़े झंझावातों के बावजूद उन्होंने बड़े ही धैर्य के साथ मामलों का निपटारा करने का प्रयास किया। उन्होंने संजय कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की। संजय का ट्रांसफर होने पर लालगंज कोतवाली के पुलिसकर्मियों सहित नगर के संभ्रांत लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर भावभीनी बिदाई दी। इस मौके पर मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ,प्रवक्ता मोहम्मद याकूब, उपाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी, किसान नेता रमेश सिंह सहित चैकी इंचार्ज राजेश यादव, उप निरीक्षक भारत सिंह तोमर ,उप निरीक्षक समय सिंह, चैकी इंचार्ज विवेक तिवारी, चैकी इंचार्ज आर के सिंह सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके लालगंज कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना की है। बताते चले कि 25 जून को उन्होंने सरेनी थाने से आकर लालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक का दायित्व संभाला था। मिलनसार और मृदभाषी व्यक्तित्व के धनी संजय कुमार ने थाने आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार किया और कानून सम्मत कार्यवाही करके सभी का दिल जीत लिया।

# श्री परशुराम सभा के तत्वाधान में रामगोपाल मिश्रा को दी गई श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बहराइच जिले में मां दुर्गा मूर्ति विसर्जन के समय सनातन विरोधी लोगों ने जहां मां दुर्गा की मूर्ति को खंडित किया था वही रामगोपाल मिश्रा की निर्मम हत्या करदी थी। रामगोपाल मिश्रा को श्रद्धांजलि देने के लिए लालगंज में लोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में परशुराम सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ,महामंत्री अशोक शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे,व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि रामगोपाल की हत्या सनातन धर्म की हत्याहै। मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने जिस बर्बरता के साथ रामगोपाल मिश्रा की हत्या की है।वह बहुत ही निंदनीय और हिंदू जगत के लिए कष्टदायक है। श्री परशुराम महासभा रामगोपाल मिश्रा के हत्यारो को शीघ्र फांसी दिए जाने की मांग करती है और योगी सरकार से यह भी मांग करती है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो। बताते चले कि रामगोपाल मिश्रा की हत्या होने से जहां उनकी तीन माह की विवाहित पत्नी अनाथ हो गई है वहीं पूरे परिवार पर संकट खड़ा हो गयाहै। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में परिवार को अहेतुक सहायता देकर जोरदार संबल प्रदान किया है लेकिन किसी भी सहायता राशि से परिवार का व्यक्ति वापस नहीं आ सकता है। समय आ गया है कि हिंदू समुदाय एकजुट होकर ऐसी सनातन विरोधी शक्तियों का डटकर मुकाबला करे। श्री परशुराम सभा मुख्यमंत्री जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती है।

इसके साथ ही व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा सहित भाजपा नेता अनूप पांडे, मनोज अवस्थी, चंद्र प्रकाश पांडे, शिव प्रकाश पांडे, राजन अवस्थी, कैलाश बाजपेई, राकेश द्विवेदी ,बृजेश द्विवेदी, श्याम दीक्षित मनोज अवस्थी शुभम तिवारी मृत्युंजय बाजपेई,राजन अवस्थी,दिव्यांशु तिवारी,अतुल त्रिपाठी, देवेश अग्निहोत्री, देवेश शुक्ला, संतोष बाजपेई मंटू, चंद्र प्रकाश तिवारी, अनुज अवस्थी,गणेश शंकर दीक्षित, सुरेंद्र गुप्ता, संजय चड्ढा, चंदन त्रिवेदी, उमेश सिंह, सतीश पटवा,विकास तिवारी , रणविजय सिंह,मृदुलेश त्रिपाठी, राम शंकर ने भी शोक संवेदना जताई है।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने जनसंपर्क कर लोगों की सुनी समस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार विधानसभा अतुल सिंह ने गौरा ब्लॉक के तिवारीपुर थुलरई,मेलथुआ,कुम्हारन का पुरवा,छिछौरा,पूरे चैहान,पूरे माफी आदि गांव में चैपाल एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता बिजली,पानी,सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से अभी भी वंचित है।विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन पात्र लोगों को नहीं मिल रहा है।हमारा प्रयास है कि ऊंचाहार के जरूरतमंदों को जल्द से जल्द लाभ मिले।श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी देश के संविधान को बचाने की एवं देश की एकता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। रायबरेली एनटीपीसी,रेल कोच, आईटीआई जैसे बड़े कारखाने के साथ एम्स जैसा बड़ा अस्पताल गांधी परिवार की देन है।श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता छुट्टा जानवरों से बहुत परेशान है। सरकार को इससे कोई लेना-देना नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव आरके सिंह,पूर्व प्रधान लाल बहादुर यादव, जसवंत सिंह, प्रदीप अग्निहोत्री, यदुनाथ यादव, अनुराग गुप्ता, रवि सिंह, भोला साहू, राधेश्याम यादव, दिनेश कुमार, उदयभान सिंह, श्याम लाल लोधी ,बाबूलाल लोधी, ओमप्रकाश पटेल, कल्लू सरोज, रहमुद्दीन, सुरेश सिंह, आशु सिंह, राजू पाल, बैजनाथ लोधी, रज्जन लाल लोधी, आशीष सरोज आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अब देश की संसद में भी गूंजेगी नारी शक्ति की बुलंद आवाज-दीपेंद्र गुप्ता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** नारी सशक्तिकरण की प्रतीक, लोकतंत्र एवं संविधान के मूल्यों की सशक्त पैरोकार, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को वायनाड से प्रत्याशी बनाये जाने पर लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपेंद्र गुप्ता ने हार्दिक बधाई एवं जीत की मंगलकामनाएँ दी है। श्रीमती सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वायनाड से लोकसभा सांसद का टिकट प्रियंका गांधी को देकर सराहनीय कार्य किया है।वायनाड एक बार फिर देश की राजनीति में सुनहरा इतिहास रचने के लिए तैयार है। दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि वायनाड की जनता एक बार फिर गांधी परिवार पर मोहर लगाएगी और प्रियंका गांधी को जिताकर संसद भेजेगी। प्रियंका गांधी निश्चित रूप से संसद में महिलाओं की आवाज बुलंदकरेगी। इसके अलावा लालगंज क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने पर प्रसन्नता जताई है।

# प्राथमिक स्कूल के पास भवन नहीं, कैसे हो पढ़ाई

## कोरांव के किंहुनी कला का मामला, प्रधान व शिक्षकों ने लगाई गुहार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** कोरांव तहसील क्षेत्र के किंहुनी कला में बने प्राथमिक विद्यालय के पास भवन नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। मजबूरी में शिक्षक जूनियर हाईस्कूल के कक्षाओं में बैठाकर संचालन करते हैं। वहीं विद्यालय का पुराना भवन वर्ष 2092 - 93 में बना हुआ था। तो कि पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जिसे ढहाने के लिए कई बार उच्च अधिकारियों को पत्राचार भी किया गया है।




प्राथमिक विद्यालय में लगभग 100 विद्यार्थी पढ़ते हैं। इसके अलावा गांव में कोई अन्य स्कूल नहीं है। सरकारी भवन बेहद जर्जर होने के कारण उससे पूर्व में ही शिक्षकों ने निष्प्रयोजित घोषित कर दिया था। नए भवन को बनवाने और पुराने भवन को ध्वस्त करने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखकर शिक्षकों ने मदद की गुहार भी लगाई। इसके बाद भी अभी तक सुनवाई नहीं हो सकी। वर्तमान समय में शिक्षक जूनियर कक्षाओं में तीन कमरों में एक से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को बैठाकर पढ़ा रहे हैं। एक कमरों में ही दो - दो कक्षाओं का संचालन होने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

प्राथमिक विद्यालय किंहुनी कला का सरकारी भवन जर्जर होने के कारण विद्यार्थियों की जिंदगी ख़तरे में रहती है।

ग्राम पंचायत के पास नया भवन बनाने का फंड नहीं होता है। जर्जर भवन की मरम्मत भी नहीं कराई जा सकती है। ऐसे में अधिकारियों से निवेदन है कि वह भवन आवंटित करें।

**प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार किंहुनी कला**

स्कूल की स्थिति की जानकारी लिखित तौर पर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई है। जर्जर भवन को तुड़वाने के लिए भी लिखा पढ़ी की गई है। बेहतर पठन - पाठन के लिए सभी अध्यापकों को निर्देशित किया गया है।

**ज्ञानेन्द्र तिवारी प्राथमिक विद्यालय किंहुनी कला**

सूचना मिली है। यदि विद्यालय निष्प्रयोज्य हो गया है तो उसकी शासन से डिमांड कर जल्द विद्यालय निर्माण कर कराएं जाने की प्रक्रिया की जाएगी।

**मो, रिजवान खान खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव**

# सच्चे भाव से पुकारने पर भगवान दौड़े चले आते हैं- आचार्य देवव्रत जी महाराज

**खीरी (प्रयागराज)।** भगवान के प्रति साधक की अगर सच्ची और सुदृढ़ प्रेम भावना है तो भगवन को स्वयं भक्त की पुकार पर आना होता है। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय भागवत प्रवक्ता आचार्य देवव्रत जी महाराज द्वारा खीरी बाजार के मंगला प्रसाद त्रिपाठी के आवास पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के पांचवें दिन की कथा के दौरान बतलाई गई।आगे बतलाया कि पानी पीने गए हाथी का पांव मगरमच्छ ने पकड़ लिया तब हाथी में भगवान विष्णु को याद किया भगवान स्वयं चल कर आए और हाथी की रक्षा की। इसी क्रम में महाभारत काल में जब द्रोपती का चीरहरण बीच सभा में होने लगा तब द्रोपदी के आह्वान पर भगवान कृष्ण आए और उनकी लाज रखी ।अतः आपको भगवान के प्रति पूर्णतया विश्वास रखना होगा।

# नवीन प्राथमिक में डॉक्टर नदारद,उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहने से झोलाछाप की चांदी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र में इन दिनों प्रत्येक गांवों में डायरिया, बुखार, टाइफाइड , मलेरिया जैसे बीमारियों से लोग पीड़ित हैं। वहीं नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की तैनाती नहीं है। विकास खंड के प्रत्येक गांव में बने उप स्वास्थ्य केन्द्र न खुलने से झोलाछाप से इलाज कराने को मजबूर है । इससे मरीजों का जान का खतरा बना रहता है ।




सरकार की ओर से भारी लागत से कोरांव ब्लाक में करपिया, डीही खुर्द, पवांरी, बहरैचा आदि गांवों में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किया गया है । वह बदहाल है । इन उप केंद्रों पर अभी तक कोई डाक्टर नहीं बैठते हैं । डाक्टर बैठने लगे तो ग्रामीणों को इलाज कराने में सुविधा होगी । कई बार शिकायत के बाद भी आज तक डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने से झोलाछाप सक्रिय हैं । इनके इलाज से ग्रामीणों के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है । न्याय पंचायत शिकरो , डीही खुर्द, पवांरी के अंतर्गत कई गांव आते हैं । अगर उप स्वास्थ्य केन्द्र चालू हो जाए तो काफी गांव वालों को इलाज कराने के लिए झोलाछाप के पास न जाना पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेड़ियारी से पन्द्रह किलोमीटर दूर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरांव गांव वालों से दूर पड़ता है । शिकरो से सीएचसी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने के लिए लगभग नौ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है । इस उप स्वास्थ्य केंद्र से आसपास के गांव करपिया, रतेवरा, बड़ोखरा, डिघिहा , विरहा , सहित दर्जनों ग्राम सभाओं को इसका लाभ मिलेगा । वहीं महिलाओं को डिलवरी, टीकाकरण समेत अन्य बीमारियों का उपचार हो जाएगा । गांव के सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश कुमार, साजन, शशि तिवारी करपिया , श्याम नारायण बिंद , सुनील कुमार कुशवाहा , साधन सहकारी समिति लेड़ियारी अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह आदि लोगों ने डाक्टरों की नियुक्ति करने की मांग उठाई है ।

# तालाब में डूबे दो किशोरों के घर पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष

## शोकाकुल परिजनों से मिल हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**घूरपुर (प्रयागराज)** मंगलवार की शाम समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ घूरपुर के ललसहिया सेमरा कल्वना गांव पहुंचे। तालाब में डूबे दो किशोरों के गमजदा परिजनों से मिल गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।ज्ञातव्य हो कि बीते रविवार को सुबह ललसहिया गांव निवासी अतुल कुमार पाल 16 वर्ष पुत्र लाल बाबू पाल जो 11वीं कक्षा का छात्र था व पड़ोस के रवि प्रजापति 13 वर्ष पुत्र रामनरेश जो कक्षा सातवीं का छात्र था उसे साथ लेकर पास के गांव सेमरा कल्बना स्थित एक तालाब में भेड़ धोने के लिए गए। उसी दौरान अतुल तालाब में कूदीं भेड को बाहर निकालने के लिए तालाब में गया और वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। जिसे देख रवि भी उसे बचाने कूद गया और देखते ही देखते दोनों पानी में समा गए थे। पुलिस की मदद से ग्रामीणों ने काफ़ी मशक्कत के बाद दोनों किशोरों के शव को बाहर निकाला था। शोकाकुल परिजनों से मिलने के बाद सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल गौहनियां बारा विधानसभा में शिव कुमार उर्फ़ पप्पू यादव के ऑक्सीजन बॉटलिंग प्लांट में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष के साथ एमएलसी डॉक्टर मानसिंह यादव, इंजी विक्रम यादव, पप्पू लाल निषाद, रामसिंह पाल, जयसिंह यादव, हरिश्चन्द्र यादव, संतलाल वर्मा, बहादुर यादव, दिनेश पटेल,बृजेश यादव, भागीरथ बिंद, बाल गोविंद यादव, बलबीर सिंह ,मोहम्मद शमशाद आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजगद्दी समारोह में भजन गायिका शहनाज अख्तर के भजन पर झूमे लोग


**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)** सार्वजनिक रामलीला कमेटी ट्रस्ट द्वारा स्वदेशी काटन मिल परिसर में चल रही रामलीला के मंचन में मंगलवार को भगवान श्री राम का राजगद्दी समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सुविख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपने भजनों की खूबसूरत प्रस्तुति से सबका दिल जीता लिया। इस मौके पर कमेटी द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने का भरपूर प्रयास किया गया था। कमेटी के अध्यक्ष राकेश जायसवाल एवं टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम को बेहद खुसूरत एवं शांतिपूर्ण बनाने का प्रयास किया। नैनी कोतवाल वैभव सिंह एवं पुलिस टीम भी सुरक्षा बंदोबस्त में डटी रही। भजन संध्या का आरंभ करीब दस बजे रात के बाद हुआ लेकिन सुविख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर से भजन सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग शाम से ही पहुंचने लगे थे। गायिका शहनाज ने एक के एक भजन प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरी। कार्यक्रम देर रात तक चला।इस मौके पर संरक्षक सुधीर शर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, समर बहादुर सिंह रणजीत सिंह, सुनील पांडे, हरि कृष्ण तिवारी, मनोज सिंह, पवन यादव सोनू, दीपू जयसवाल, अजय मिश्रा पीलू, सुधीर चड्ढा, अनूप पासी, अजीत जायसवाल, रणविजय सिंह डब्बू, सुशील शुक्ला जी रंजीत सिंह जी बीबी अग्रवाल, वेद दुबे, चंद्रभूषण सिंह राजेश शर्मा राजन शुक्ला नर्सिंग अभिषेक तिवारी ,रवि किशन सिंह, रमेश नेगी,



अध्यक्ष राकेश जयसवाल कार्यवाहक अध्यक्ष प्रमोद सिंह उपाध्यक्ष योगेश सिंह उपाध्यक्ष, ऋषि कुमार पांडे ,महामंत्री अजय यादव ,कोषाध्यक्ष दिलीप केसरवानी ,बृजेश सिंह, शिव तिवारी भैरव पाठक, रजत रितेश शुक्ला, उज्जवल यादव विनोद यादव धर्मराज पटेल,समर सिंह, सूरज सौरभ पांडे, हिमांशु पांडे, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह उपाध्यक्ष आलोक सिंह मोनू शर्मा आनंद जी शर्मा सुरेश पटेल संदीप द्विवेदी दिनेश केसरवानी श्रीमती शालू चड्ढा श्रीमती आकांक्षा जायसवाल ,रुचि सिंह, श्रीमती जूही जायसवाल, डॉक्टर प्रियंका श्रीवास्तव आदि की मौजूदगी रही।

# बार एसोसिएशन बारा के पूर्व अध्यक्ष पंडित देवी प्रसाद त्रिपाठी का निधन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नारीबारी(प्रयागराज)।** बार एसोसिएशन बारा के भूतपूर्व अध्यक्ष रहे पंडित देवी प्रसाद त्रिपाठी का विगत बुधवार की रात को निधन हो गया।त्रिपाठी जी पिछले दो वर्षों से मुँह के कैंसर से पीड़ित थे। नारीबारी अंचल के सलैया खुर्द में जन्में पंडित देवी प्रसाद त्रिपाठी विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के स्वामी थे।सन 1981 से उन्होंने वक़ालत शुरू की।अपने वक़ालत के दौरान उन्होंने असहायों,गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद, सेवा धर्म मानकर करते रहे।शान्त, मृदुभाषी,मिलनसार, विद्वान,कुशल वक़्ता, सरल,कानून के जानकर व स्नेहिलता उनकी पहचान थी।धार्मिक सद्भाव उनके जीवन का अभिन्न अंग था।कितने ही स्वयं सेवी संस्थाओं व अनाथालयों में दान व सेवा उनकी दिनचर्या का हिस्सा था।इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने के बाद बारा से अंचल की सेवा में संलग्न पण्डित देवी प्रसाद बारा वकील संघ में समरसता की अनूठी मिसाल थे।दिनभर ईश्वर का नाम ज़बान पर होने के कारण इन्हें सीताराम नाम से लोग पुकारने लगे थे।आज दिवंगत त्रिपाठी जी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए।


फाइल फोटो

# विश्व खाद्य दिवस पर बी एल एकेडमी ने छात्रों को दिया संदेश



**नैनी(प्रयागराज)।** आज बी एल एकेडमी एवं डे बोर्डिंग स्कूल ने विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर सभी को भोजन की अहमियत समझाने और भोजन की बर्बादी रोकने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर प्रबंधक राज कुमार तिवारी ने भोजन की बर्बादी रोकने पर चर्चा की उन्होंने बच्चों को भोजन की अहमियत को बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल श्रीमती शालिनी त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल ने छात्रों को स्वस्थ आहार अपनाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जागरूकता कार्यक्रम और विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर शिक्षिका स्वाति,दरक्षन, नमिता, प्रीति , हिमांशी, पायल, शताक्षी, आयुषी और अल्का एवं शिक्षक अवनीश का विशेष योगदान रहा।

# सप्ताह भर पहले दबंगों द्वारा हमले में घायल युवक की मौत

## पुलिस ने मारपीट का नहीं दर्ज किया था मुकदमा, परिजनों ने शव थाने के सामने रखकर किया घेराव

**घूरपुर (प्रयागराज)।** दबंगों द्वारा सप्ताह भर पहले लाठी डंडे से पीटे गए युवक की उपचार के दौरान मंगलवार रात को स्वरूप रानी अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को कंजासा गांव के रामवृक्ष निषाद पुत्र स्वर्गीय मिश्रीलाल निषाद उम्र 28 वर्ष सुबह जमुना नहाने जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही दो दबंग युवकों ने रामवृक्ष को रोक कर लाठी डंडे से बुरी तरह मारा पीटा जिससे वह बेहोश हो गया तो छोड़कर भाग गए। खबर मिलने पर परिजन एवं गांव के लोग मौके पर पहुंचे रामवृक्ष को तत्काल लेकर घूरपुर थाने पहुंचे जहां प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई किंतु उनकी एफआईआर नहीं लिखी गई।



घूरपुर पुलिस ने परिजनों को हिलाहवाली देकर टरका दिया। हालत बिगड़ती देख परिजन गंभीर हालत में घायल युवक को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में ले जाकर दाखिल कराया। जहां उपचार के दौरान सप्ताह भर जीवन मौत से संघर्ष करने के बाद मंगलवार रात में रामवृक्ष ने दम तोड़ दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शाम 4ः00 बजे लाश घर पहुंचने पर परिजन घूरपुर थाने के सामने लाश रखकर थाने का घेराव करते हुए मुकदमा लिखा जाने का दबाव बनाया एवं आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। थोड़ी देर में रीवांरोड पर अच्छा खासा जाम लग गया। एसीपी विवेक कुमार यादव मौके पर पहुंचकर मुकदमा लिखने का आश्वासन दिया तब जाकर परिजन लाश उठाने को राजी हुए। मृतक की पत्नी मालती एवं पुत्र अरविंद 6 वर्ष , अभी 4 वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

# शैक्षिक भ्रमण एवं रोजगार परक कार्यक्रमों की दी गई जानकारी

**नैनी(प्रयागराज)।** आर0 के0 ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तत्वाधान में संस्थान परिसर में रोजगार परक पाठ्यक्रम में प्रवेश, योग्यता इत्यादि हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन हुआ जिसमें श्रीमती इन्दिरा गांधी इण्टरमीडिएट कॉलेज, अकोढ़ा करछना, में अध्ययनरत 12वीं के छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रों का नेतृत्व कर रहे उनके विद्यालय के शिक्षक गेंदा लाल कुशवाहा जी को संस्था रजिस्टार अनुज शुक्ला ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। आयोजक 12वीं के छात्र-छात्राओं को उनके बोर्ड परीक्षा एवं 12वीं के बाद शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश परीक्षा की तिथि, प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्रों को जागरूक किया गया। जिससे वह समय पर अपने इच्छित पाठ्क्रम में प्रवेश लेने से वंचित न रह जाए। छात्रों को संस्थान में नर्सिंग, फार्मेसी के प्रयोगशाला में ले जाकर विभिन्न एवं आवश्यक जानकारी दी गयी साथ ही विधि (लॉ) में कैरियर बनाने से लेकर विधि की उपयोगिता के बारे में भी जानकरी दी गयी। छात्रों के लिए ब्रेन गेम एवं जैम गेम का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता जैम गेम पायल मिश्रा एवं ब्रेन गेम में प्रथम विजेता अनिकेत केशरवानी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर रोहित तिवारी, प्रवीण द्विवेदी, गौरव मालवीय, प्रशान्त पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, अर्पिता यादव, सतेन्द्र कुशवाहा, नेहा मिश्रा, शुभम मिश्रा, शुभम सिंह, शिवांगी पाण्डेय इत्यादि उपस्थित रहे।




# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 रेलवे कर्मचारी किए गए सम्मानित

**प्रयागराज।** भारत सरकार की राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मंडल ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा, 1 से 15 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा और 2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। राष्ट्रव्यापी अभियान में प्रयागराज मण्डल की पहल स्वच्छता के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता का प्रतीक था। प्रयागराज मण्डल का स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य 131 स्टेशनों, अस्पतालों, प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य सुविधाओं में स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।



मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज, हिमांशु बडोनी ने स्वच्छता के लिए चलाए गए अभियान में असाधारण योगदान के लिए दस रेलवे कर्मचारियों आरके राय, मुख्य स्वास्थय निरीक्षक प्रयागराज, एके गंगवार, मुख्य स्वास्थय निरीक्षक कानपुर, अतुल, स्वास्थय निरीक्षक अलीगढ़, आरके गुप्ता, स्टेशन अधीक्षक सूबेदारगंज, संजय कुमार वर्मा, स्टेशन अधीक्षक बरगढ़, एमके कनौजिया, सीओएस ईएनएचएम डीआरएम कार्यालय, डीके सिंह, ओएस, ईएनएचएम डीआरएम कार्यालय, संजय कुमार, ओएस ईएनएचएम डीआरएम कार्यालय, गुलरेज फरीदी, ओएस ईएनएचएम डीआरएम कार्यालय एवं संजय कुमार सिंह, ओएस, ईएनएचएम डीआरएम कार्यालय को सम्मानित किया गया।
समारोह में वरिष्ठ मण्डल पर्यावरण एवं रखरखाव प्रबंधक प्रयागराज आलोक केशरवानी और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला शौचालय बनवाने की मांग करते हुए बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव अंतर्गत महिला शौचालय न होने से दिक्कत उठानी पड़ती है। जिसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।बताया जाता है कि शौचालय नहीं होने से आने जाने वाले फरियादी महिलाओं को शौच के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिससे इधर -उधर भटकना पड़ता है।जनपद से 70 किमी की दूरी पर स्थित है। जहां पर वादकारियों में पुरुष व महिलाएं बराबर आतीं हैं। किन्तु जहां केंद्र व राज्य सरकार लगातार खुले में शौच न जाने के लिए कटिबद्ध है, किन्तु तहसील कोरांव परिसर में आज तक महिलाओं के लिए कोई भी शुलभ शौचालय का आज तक निर्माण कार्य नहीं किया गया। जिसको लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामा कान्त त्रिपाठी ने खण्ड विकास अधिकारी से समस्या को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।जिस पर खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बैदवार गांव के ग्राम विकास अधिकारी से आख्या मांगते हुए जल्द ही तहसील कोरांव प्रांगण में महिला शौचालय के निर्माण का आश्वासन दिया।



# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह केस में रिकॉल एप्लिकेशन पर फैसला रिजर्व, हाईकोर्ट में डेढ़ घंटे सुनवाई हुई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को हिंदू और मुस्लिम पक्षों के वकीलों को सुना। रिकॉल एप्लिकेशन पर अपना फैसला रिजर्व कर लिया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के राष्टीय अध्यक्ष और पक्षकार एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े 18 वादों को एक साथ सुने जाने के लिए कोर्ट ने फैसला दिया था। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने रीकॉल एप्लिकेशन दाखिल की। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि ये वाद सुनवाई योग्य नहीं हैं। इस पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पक्ष की तरफ से कहा गया कि मामला उलझाया जा रहा है। रीकॉल एप्लिकेशन मामले को उलझाए रखने के लिए दाखिल की गई है। रीकॉल एप्लिकेशन किसी आदेश को वापस लेने के लिए दी जाती है।
जस्टिस मयंक कुमार जैन की पीठ के सामने मंदिर और मस्जिद पक्ष की तरफ से बहस की गई। दोपहर 2 बजे से हाईकोर्ट में सुनवाई शुरु हुई जो 3.30 बजे तक चली। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के सभी वाद को एकसाथ सुनने का फैसला कोर्ट ने दिया। मुस्लिम पक्ष की तरफ से इसका विरोध किया गया। कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने सभी मुकदमों की अलग-अलग सुनवाई करने की मांग की। आज बुधवार को करीब डेढ़ घंटे तक चली सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया।

# जन सेवा समिति रामलीला में श्री राम जन्म का मंचन

**नैनी (प्रयागराज)।** जन सेवा समिति रामलीला में श्री राम जन्म की लीला का अत्यंत सुंदर मंचन हुआ। पुत्रकामेष्टि यज्ञ के फल स्वरुप अग्नि देव द्वारा प्राप्त खीर प्रसाद को महाराज दशरथ की तीनों रानियां ग्रहण करती हैं। माता कौशल्या श्री राम को, माता कैकई भरत को एवं माता सुमित्रा लक्ष्मण तथा शत्रुघ्न को जन्म देती है । व्यास जी भजन गाते हैं,, भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी । हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी।।



महाराज दशरथ प्रसन्न होकर प्रजा जनों में अन्न, धन, मोती, माणिक्य, हाथी, घोड़े दान करते हैं । रामलीला स्थल पर जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगते हैं ।
रामलीला में प्रमुख रूप से हरिशंकर सिंह, आर एल डी दुबे, रामजीत सिंह, बजरंगी लाल, विशाल श्रीवास्तव, संतोष सिंह, रवि सिंह, विनय सिंह, आर के शुक्ला, सत्येन्द्र सोनकर, सनी केसरवानी, अनिल चौधरी, दयाशंकर तिवारी, शशि सिंह, दिनेश सिंह, हरि बाबू सिंह, सिलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पानी पर आधारित सिंघाड़े की खेती होती है लाभकारी

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** पानी से शुरुआत एवं पानी की समाप्त होने वाले सिंघाड़ा की खेती मेहनत वाली है । हालांकि इसकी खेती करने वाले मेहनतकश आमदनी एवं जीविकोपार्जन चलाने के लिए सिंघाड़ा फल की खेती कई वर्षो से लगातार कर रहे हैं । सिंघाड़ा की खेती करने वाले खोंचा निवासी उपेंद्र कुशवाहा बताते हैं कि हम लोगों ने नगदी फसल के लिए सिंघाड़ा की खेती प्रारंभ किया ।सिंघाड़ा चार प्रजाति का होता है।पहला पेड़ वाला जो हरा फल देता है । दूसरी प्रजाति का पेड़ भूरा रहता है। जो फल तो ज्यादा देता है। लेकिन छोटा होता है ।तीसरी प्रजाति का पेड़ लाल होता है` । और इसका फल भी लाल होता है । चौथी प्रजाति का पेड़ हरा एवं फल में कांटा अधिक होता है । इसकी मांग शहरी इलाके में ज्यादा रहती है।चैलारी निवासी रमा शंकर बिंद , नीबी के महेंद्र कुशवाहा लगभग 4 माह में एक बीघा तालाब के क्षेत्रफल में सिंघाड़ा की खेती करते हैं। सिंघाड़ा का उपयोग व्रत में फलाहार के रूप में अधिक होता है` । इस संबंध में डॉक्टर आशुतोष द्विवेदी कहना है कि कच्चे हरे सिंघाड़े में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है । इसके अलावा विटामिन सी , प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट सहित अन्य पौष्टिक तत्व भी पाया जाता है` । आयुर्वेद में कहा गया है । भैंस की दूध की तुलना में सिंघाड़ा में 22 प्रतिशत से अधिक खनिज लवण का क्षार तत्व अधिक पाया जाता है । इसके सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है` ।

# मारसिम -6 का शुभारंभ आज

**प्रयागराज।** सुदक्शा डिज़ाइन एवं डिकोर द्वारा तीन दिवसीय मारसिम -6 कार्यशाला का शुभारंभ गुरूवार 17 से 19 अक्टूबर तक खुशहाल पर्वत, कल्याणी देवी स्थित कोठी चौधरी साहब पर आयोजित है। आयोजिका वसुंधरा वर्मा चौधरी ने बताया कि कार्यशाला में टेक्सटाइल, आर्ट और क्राफ्टस पर आधारित आयोजन शामिल हैं।

# यूपी के उप चुनाव में बीजेपी-सपा फ्रंट पर तो कांग्रेस को अखिलेश का सहारा



**लखनऊ,एजेंसियाँ।** उत्तर प्रदेश की रिक्त दस में से नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को उपचुनाव कराने का फैसला लेकर चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों को लेकर चल रहे सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। बीजेपी, समाजवादी पार्टी ने अपनी-अपनी बिसात बिछा दी है। दिग्गजों के हाथ में चुनाव की कमान सौंपने के दोनों ही दल प्रत्याशियों के चयन में भी सतर्कता बरत रहे है। सपा ने राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव सहित कई दिग्गजों को अगस्त में ही छह सीटों का चुनाव प्रभारी बनाकर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इन छह सीटों पर ही अब तक सपा ने अपने प्रत्याशी भी घोषित किए हैं। अब शेष चार सीटों में से सपा दो और पर अपने उम्मीदवार उतार सकती है। सपा गठबंधन में गाजियाबाद सदर सीट कांग्रेस को दे सकती है। सूत्रों के मुताबिक अलीगढ़ की खैर सीट के लिए भी सपा व कांग्रेस में बात चल रही है।उत्तर प्रदेश की जिन नौ सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की गई, उनमें वर्ष 2022 के चुनाव में चार सीटें करहल, कटेहरी, कुंदरकी व सीसामऊ सपा ने जीती थीं। मीरापुर सीट पर आरएलडी ने सपा के साथ गठबंधन में जीत दर्ज की थी। सपा ने शिवपाल सिंह यादव को कटेहरी सीट की कमान सौंपी है। फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मिल्कीपुर सीट का प्रभारी बनाया है। हालांकि, इस सीट पर अभी उपचुनाव घोषित नहीं हुआ है। चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह को मझवां, पूर्व मंत्री चंद्रदेव यादव को करहल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज को फूलपुर और विधायक राजेंद्र कुमार को सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। सपा ने अब तक गाजियाबाद, खैर, मीरापुर और कुंदरकी सीट पर अपने प्रभारी घोषित नहीं किए हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल सीट जीती थी। अखिलेश यादव ने भतीजे तेज प्रताप यादव को करहल से उतारा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी राजलक्ष्मी यादव के पति तेज प्रताप यादव वर्ष 2014 में मैनपुरी सीट से सांसद चुने गए थे।इस बार लोकसभा चुनाव में उनको कन्नौज से प्रत्याशी घोषित किया गया था, हालांकि अंतिम समय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चुनाव मैदान में उतर आए थे। कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा के इरफान सोलंकी पिछली बार विजयी हुए थे। कोर्ट से मिली सजा के चलते विधायकी गंवाने वाले इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी इस सीट से उपचुनाव लड़ेंगी। तीन बार के विधायक रह चुके मुज्तबा सिद्दीकी को फूलपुर, अंबेडकर नगर से सांसद बनने के बाद लालजी वर्मा की सीट कटेहरी पर उनकी पत्नी शोभावती वर्मा और मिर्जापुर की मझवां सीट से डॉ. ज्योति बिंद सपा प्रत्याशी होंगी। डॉ. ज्योति बसपा से तीन बार विधायक और भदोही से भाजपा के सांसद रहे डॉ. रमेश बिंद की बेटी हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी सीटों पर अपनी यूथ विंग को जुटने के निर्देश दिए हैं। वह खुद भी उप चुनाव की कमान संभालेंगे। अखिलेश उपचुनावों में प्रचार से दूरी बनाकर रखते हैं।उधर,लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन से झटका खा चुकी भाजपा के लिए उपचुनाव अग्निपरीक्षा माना जा रहा है। पार्टी इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर लोकसभा चुनाव का हिसाब चुकता करने के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा संदेश देना चाहती है। उपचुनाव की तारीखों के एलान से पहले ही सत्ताधारी दल ने जमीनी मोर्चे पर अपने सभी मंत्रियों की तैनाती कर दी थी। रालोद का साथ भाजपा की उम्मीदों को और परवान चढ़ा रहा है। अखिलेश यादव के जिस पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को चौंकाया था, उससे पार्टी अब काफी हद तक उबर चुकी है। इसके अलावा कांग्रेस और सपा द्वारा पिछड़ों और दलितों में फैलाए गए आरक्षण के भ्रम को भी दूर करने में कुछ हद तक सफल रही है। उप चुनाव में भाजपा की सीधी रणनीति अपनी सभी सीटों को बचाए रखने के साथ ही विपक्षी खेमें में सेंध लगाने की है। इन सीटों पर योगी सरकार के 30 मंत्रियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 14 कैबिनेट और 16 राज्यमंत्री हैं। बीजेपी और सपा के साथ-साथ लोकसभा चुनाव में सपा के साथ मिलकर प्रदेश में अप्रत्याशित परिणाम हासिल करने के बाद कांग्रेस की नजर विधानसभा उपचुनाव पर भी है। उपचुनाव में सीटों पर कांग्रेस की हिस्सेदारी भले ही कम होगी पर पार्टी आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी सक्रियता बनाए रखने का पूरा प्रयास कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहले भी यह साफ कर चुके हैं कि उनकी पार्टी का लक्ष्य भाजपा को हराना है। सपा से गठबंधन के चलते कांग्रेस के हिस्से खैर व गाजियाबाद की दो सीटें आने की संभावना है। कांग्रेस ने भाजपा व रालोद के हिस्से रहीं पांच सीटों पर अपनी दावेदारी की थी। मिल्कीपुर सीट पर अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। जबकि कुंदरकी व मीरापुर सपा अपने पास रखना चाहती है। ऐसे में कांग्रेस सभी सीटों पर अपने संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेगी, जिसका लाभ उसे आगे मिल सके। बात बसपा की कि जाये तो यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में बसपा एकला चलो की तर्ज पर ही अपने उम्मीदवार उतारेगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भी बसपा ने किसी दल से गठबंधन नहीं किया था। एनडीए और आईएनडीआईए से दूर रहते हुए चुनाव मैदान में उतरी बसपा को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी। पिछले दिनों हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में मायावती ने जरूर इनेलो से गठबंधन किया था, लेकिन एक भी सीट जीतना तो दूर, पार्टी के वोट भी पहले से घट गए। ऐसे में बसपा प्रमुख ने भविष्य में किसी भी राज्य के क्षेत्रीय दल से भी चुनावी गठबंधन न करने का निर्णय किया है।

# काशी के विद्वानों ने दूर किया भ्रमः 31 को देशभर में मनाई जाएगी दीपावली



**लखनऊ,एजेंसियाँ।** उत्तर भारत में आजकल एक चर्चा आम हो गई थी कि दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी या फिर पहली नवंबर को। इस भ्रम की स्थिति में आमजन ही नहीं विद्वान भी बंटे हुए नजर आ रहे थे,लेकिन अब भ्रम के धुंध छंट गये हैं। दीपावली को लेकर भ्रम का काशी के विद्वानों ने निवारण कर दिया है। गणितीय मानों, धर्मशास्त्रीय वचनों, दृश्य एवं पारंपरिक मतों के आधार पर सर्वसम्मति से देश भर में 31 अक्टूबर को दीपावली मनाने को शास्त्रोचित बताया है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत धर्म विद्या धर्म विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग में गत दिवस 15 अक्टूबर को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद, श्रीकाशी विद्वत परिषद, बनारस के पंचांगकारों, धर्मशास्त्रियों व ज्योतिर्विदों ने विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से 31 अक्टूबर के पक्ष में निर्णय दिया। बीएचयू के ज्योतिष विभाग में आयोजित पत्रकार वार्ता में बीएचयू के विश्व पंचांग के समन्वयक प्रो. विनय कुमार पांडेय ने बताया कि पारंपरिक गणित से निर्मित पंचांगों में किसी प्रकार का भेद नहीं है।

ज्योतिषियों का कहना था कि सभी पंचांगों के अनुसार अमावस्या का आरंभ 31 अक्टूबर को सूर्यास्त से पहले होकर एक नवंबर को सूर्यास्त के पूर्व ही समाप्त हो रहा है। इससे देश के सभी भागों में पारंपरिक सिद्धांतों से निर्मित पंचांगों के अनुसार 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाया जाना एक मत से सिद्ध है। श्री काशी विद्वत परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो. रामचन्द्र पांडेय ने बताया कि दृश्य गणित से साधित पंचांगों के अनुसार देश के कई भागों में तो अमावस्या 31 अक्टूबर को सूर्यास्त के पहले आरंभ होकर एक नवंबर को सूर्यास्त के बाद एक घटी से पहले समाप्त हो रही है। इससे उन क्षेत्रों में भी दीपावली को लेकर कोई भेद शास्त्रीय विधि से उपस्थित नहीं है और वहां भी दीपावली 31 अक्टूबर को निर्विवाद रूप में सिद्ध हो रही है।

गौरतलब हो, देश के कुछ भागों जैसे गुजरात, राजस्थान व केरल के कुछ क्षेत्रों में अमावस्या 31 अक्टूबर के सूर्यास्त से पहले आरंभ होकर एक नवंबर को सूर्यास्त के बाद प्रदोष में कुछ काल तक व्याप्त है। इससे 31 अक्टूबर व एक नवंबर की स्थिति को लेकर कुछ विरोधाभासी स्थितियां उत्पन्न हो गई हैं, लेकिन धर्मशास्त्रीय वचनों के क्रम में वहां भी दीपावली 31 अक्टूबर को ही सिद्ध हो रही है। प्रेस वार्ता में प्रो. चंद्रमौलि उपाध्याय, श्री काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी, ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी, प्रो. गिरिजा शंकर शास्त्री, विश्व पंचांगकार डा. अजय पांडेय, महावीर पंचांग कार डा. रामेश्वर ओझा, ॠषिकेश पंचांगकार विशाल उपाध्याय आदि उपस्थित थे।दरअसल, शास्त्र के अनुसार दीपावली की तिथि के निर्णय के लिए मुख्य काल प्रदोष में अमावस्या का होना आवश्यक है। देश के किसी भी भाग में एक नवंबर को पूर्ण प्रदोष काल में अमावस्या नहीं, इसलिए एक नवंबर को दीपावली मनाना शास्त्रोचित नहीं हैं।

# इजराइल के राजदूत रामलला के दर्शनकर हुए भावविभोर



**अयोध्या,(हि.स.)।** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आज यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल के दर्शन किए। उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय भी रहे। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर भावविभोर हुए अजार ने कहा कि वह अयोध्या में भगवान राम के इस भव्य मंदिर के दर्शन कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि वह यहां पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की अपार संख्या को देखकर प्रभावित हैं। यह हिंदू आस्था के लिए इस स्थान के महत्व का प्रमाण है। रूवेन अजार ने कहा भारत की तरह इजराइल की भी अपनी प्राचीन धार्मिक विरासत है। सचमुच भक्ति से ताकत मिलती है। वह प्रभु राम के प्रति तीर्थयात्रियों की भक्ति देखकर प्रभावित हैं। श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने पर रूवेन अजार का ट्रस्ट ने स्वागत कर स्मृति चिह्न और प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र भी उपस्थित रहे। उन्हें मंदिर के निर्माण में लगाए जा रहे पत्थरों को भी दिखाया गया।

# अपने को सनातनी बताकर हाईकोर्ट को धोखा नहीं दे पाया आरिफ

**लखनऊ,एजेंसियाँ।** इस्लाम की आढ़ में मिशन लव जेहाद चलाने वाले मुस्लिम युवा पुलिस और न्यायपालिका की नजरों से बचने के लिये नये-नये हथकंडे अपनाते रहते हैं। यहां तक की यह लोग हाईकोर्ट तक को भ्रमित करने से बाज नहीं आते हैं।

इसी क्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने तथा दुराचार करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। लव जेहाद के इस प्रकरण में अभियुक्त व तथाकथित पति का कहना था कि उसने 15 साल पहले वर्ष 2009 में इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया था जिसके पश्चात पीड़िता से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। हालांकि न्यायालय ने पाया कि याचिका के साथ दाखिल



अभियुक्त के आधार कार्ड पर आरिफ हुसैन नाम लिखा हुआ है, इस पर न्यायालय ने अभियुक्त के अधिवक्ता से पूछा कि यदि उसने सनातन धर्म अपना लिया है तो उसका नाम अब भी आरिफ हुसैन क्यों है। इसका अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया, साथ ही पुलिस को यह भी स्वतंत्रता दी है कि वह इस बिंदु की भी जांच करें कि क्या अभियुक्त ने आरिफ हुसैन के नाम से आधार कार्ड बनवाकर कोई अन्य अपराध भी किया है क्योंकि वह 2009 में ही धर्म परिवर्तन कर चुका था।यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने आरिफ हुसैन उर्फ सोनू सिंह व अन्य की याचिका पर पारित किया है। याचियों की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में 9 सितंबर 2024 को दर्ज हुई मामले की एफआईआर को चुनौती देते हुए दलील दी गई कि याची संख्या एक व पीड़िता का विवाह 24 जनवरी 2009 को आर्य समाज मंदिर अलीगंज में संपन्न हुआ था। उक्त विवाह से पूर्व उसी दिन याची संख्या एक ने धर्म परिवर्तन कर सनातन धर्म अपना लिया था। कहा गया कि 15 वर्ष बाद पीड़िता ने वर्तमान एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि याची संख्या एक ने धर्म छिपाकर उससे विवाह किया तथा उसके साथ दुराचार किया। यह भी दलील दी गयी कि वास्तव में उनके मध्य वैवाहिक विवाद है जिसे दुराचार और धर्म छिपाने का रंग देकर एफआईआर दर्ज करा दी गयी है। याचिका का राज्य सरकार के अधिवक्ता ने विरोध करते हुए कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप गंभीर हैं लिहाजा इसे खारिज नहीं किया जा सकता।

# प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोथा उषालक्ष्मी का 91 वर्ष की आयु में निधन



**हैदराबाद , (हि.स.)।** देश की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और उषालक्ष्मी ब्रेस्ट कैंसर फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. कोथा उषालक्ष्मी का आज यहां हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्होंने 91 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली ।डॉ. उषालक्ष्मी ने गुंटूर मेडिकल कॉलेज से स्नातक और पीजी की उपाधि प्राप्त की। वो लंबे समय तक निलोफर अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग में प्रोफेसर रहीं। स्वयं स्तन कैंसर पर विजय प्राप्त करने वालीं डॉ. उषालक्ष्मी ने सितंबर 2007 में गैरलाभकारी स्तन कैंसर चैरिटी %उषालक्ष्मी स्तन कैंसर फाउंडेशन% की स्थापना की। फाउंडेशन की स्थापना का मकसद स्तन कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम में तेजी लाना था।डॉ. उषालक्ष्मी ने प्रसिद्ध सर्जन और एसोसिएशन ऑफ सर्जंस ऑफ इंडिया (एएसआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पीवी चलपति राव से शादी की। डॉ. राव का नवंबर, 2020 में निधन हो चुका है। मां डॉ. कोथा उषालक्ष्मी की मौत से गमगीन डॉ. राहु राम ने बयान में कहा %%सबसे बड़ी विरासत जो कोई भी अपने पीछे छोड़ सकता है, वह है दूसरों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालना। उनका गौरवशाली जीवन वास्तव में इसका प्रतीक है।%% डॉ. उषालक्ष्मी के परिवार में पुत्र डॉ. रघु राम, बहू डॉ. वैजयंती और साई और कृष्णा (पोता-पोती) हैं।

# देशभर में गया है हरियाणा में भाजपा की जीत का संदेश- अमित शाह

- अमित शाह ने जीत का श्रेय नायब सैनी को देकर थपथपाई पीठ
- विधायकों की बैठक को केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने किया संबोधित




**चंडीगढ़, (हि.स.)।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत का संदेश देशभर में गया है। हरियाणा से शुरू हुआ भाजपा का विजय रथ अब कहीं नहीं रुकेगा।केन्द्रीय मंत्री शाह बुधवार को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेशभर के विधायकों को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।बैठक में अमित शाह ने कहा कि इस जीत का हरियाणा के लिए विशेष महत्व है। वर्ष 1966 से लेकर आजतक किसी भी दल की तीसरी बार हरियाणा में सरकार नहीं बनी है। गृहमंत्री ने नायब सैनी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हरियाणा में आजतक ऐसा कोई मुख्यमंत्री नहीं आया है, जिसने अपनी पार्टी को तीसरी बार जीत दिलवाई हो। शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा ने जब अकेले चलने का फैसला किया तो हरियाणा में पहली बार अपने बल पर सरकार बनाई। करीब साढ़े नौ साल तक तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में कई ऐसे फैसले लिए गए, जिन्हें केंद्र ने भी देशभर में लागू किया।केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि हरियाणा के चुनाव परिणाम देशभर के राजनीतिक पंडितों को आश्चर्यचकित करने वाले थे। सभी इस बात को लेकर एकमत थे कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। हरियाणा की जनता ने सभी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब हरियाणा के संगठन प्रभारी थे, तब से वह यहां की समस्याओं से परिचित हैं। निकट भविष्य में हरियाणा में कई ऐसे कल्याणकारी फैसले लिए जाएंगे जिनका प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। शाह ने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार का रोड मैप तैयार हो चुका है। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में जातियों के आधार पर सरकार चलाने तथा जातियों व क्षेत्र के आधार पर विकास करने की प्रथा रही है। भाजपा की कार्यप्रणाली जाति के आधार पर विकास की कल्पना को खारिज करती है। भाजपा ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान इस प्रथा को खत्म किया है।

# अकासा एयर की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट में बम की धमकी, वापस दिल्ली डायवर्ट

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अकासा एयर की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट को बम की धमकी मिली है। इस फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है। इसे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कई एयरलाइनों को ऐसी धमकियां मिली हैं। सात क्रू मेंबर सहित 174 यात्रियों को ले जा रही इस एयरलाइन की फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है, जिसको दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है।उल्े लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों में विमानों में बम की धमकी की ये 12वीं घटना है। अकासा एयर को सोशल मीडिया के जरिए बम की धमकी मिली थी।

# प्रधानमंत्री मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य, पार्टी के सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति देते हुए भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनने पर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। यह एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत



करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या एक विधानसभा क्षेत्र में 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई अवसर मिलेंगे।उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इस सदस्यता अभियान को 'संगठन पर्व सदस्यता अभियानङ्क2024' नाम दिया है। दो सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान के तय कार्यक्रम के अनुसार इसका पहला चरण 25 सितंबर को और दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो चुका है। पार्टी ने मंगलवार को ही 9 करोड़ सदस्यों का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तीसरे चरण के तहत बुधवार से भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू किया गया है।

# बिहार के सीवान में जहरीली शराब पीने से चार की मौत, 11 बीमार



**पटना/सीवान, (हि.स.)।** बिहार में सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत कौड़ियां पंचायत और आसपास के गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में चार लोगों की मौत हो गई है। ग्यारह बीमार व्यक्तियों को समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना भेजा गया है। इनमें से सदर अस्पताल में आठ व्यक्तियों का इलाज जारी है।इस घटना के बाद से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मृतकों के परिजनों के अनुसार 12 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। महाराजगंज के एसडीएम अनिल कुमार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रथम दृष्ट्या शराब पीने से मौत लग रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मृतकों में कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह (40), रामेंद्र सिंह (30), माघर पोखरा के संतोष महतो (35) और मुन्ना कुमार (32) हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह की रात में ही परिजनों ने अंत्येष्टि कर दी। दो लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।इस घटना को लेकर सीवान के डीएम मुकुल कुमार गुप्ता और एसपी अमितेश कुमार घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। सीवान के सदर अस्पताल में सदर एसडीएम सुनील कुमार और सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तैनात हैं।डीएम ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 15 लोगों की बीती रात स्थिति गंभीर हुई, जिसमें से तीन लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी जबकि एक की मौत पटना ले जाने के क्रम में हो गई। सदर अस्पताल सीवान में अभी आठ लोग इलाजरत हैं जबकि तीन लोगों को पटना पीएमसीएच भेजा गया है। सदर अस्पताल में इलाजरत आठ में से एक की स्थिति गंभीर है। हमने दो चौकीदारों को निलंबित कर दिया है। साथ ही वहां के एसआई और एएसआई के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिये गए हैं।

# रबी फसलों की एमएसपी में वृद्धि और केन्द्रीय कर्मचारियों के डीए में बढ़ोत्तरी को मंजूरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।**कैबिनेट ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी; रेपसीड और सरसों के लिए सर्वाधिक वृद्धि।कैबिनेट ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की तीन प्रतिशत की अतिरिक्त किस्त और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत को मंजूरी दे दी। इससे करीब 49.18 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा।कैबिनेट ने गंगा नदी पर एक नए रेल-सह-सड़क पुल सहित वाराणसी-पं.दीन दयाल उपाध्याय मल्टीट्रैकिंग परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी।

# कर्नाटक के एसटी फंड घोटाले पर भाजपा हमलावर, सिद्धारमैया से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड फंड घोटाला सामने आने पर राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए उनपर खर्च किया जाने वाला फंड राजनीतिक लाभ लने के लिए खर्च किया गया। इसलिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा देना चाहिए।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के फंड को बेल्लारी लोकसभा चुनाव में खर्च किया गया। इस फंड से लगभग 60 लाख से अधिक लोगों को वोट देने के लिए 200-200 रुपय `बांटे गए। महर्षी वाल्मीकि



अनुसूचित जनजाति विकास निगम के खाते से 187 करोड़ रुपये के फंड को राजनीतिक लाभ लेने के लिए खर्च किया गया।उन्होंने कहा कि इस फंड से गाड़ी खरीदी गई, हवाई टिकट बुक किए गए, निजी कर्मचारियों को सैलरी दी गई, घूमने पर खर्च किया गया।। इस प्रकार मुख्यमंत्री को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। सिद्धारमैया का विधानसभा सदन के पटल पर खड़े हो कर यह स्वीकारना कि घोटाला हुआ है, यह शर्मनाक है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि कर्नाटक में पहले मूडा घोटाला हुआ और अब 88.62 करोड़ रुपये कथित तौर पर 'मशहूर' आईटी कंपनियों और हैदराबाद के एक सहकारी बैंक समेत कई खातों में अवैध तरीके से ट्रांसफर किए गए। इस घोटाले में आरोप लगने के बाद अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी. नागेंद्र ने 6 जून को इस्तीफा दे दिया था। वो फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। उनके घर से 16 किलो सोना और ढाई करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं।कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड का संचालन कर्नाटक सरकार करती है। यहां के चंद्रशेखरन पी नाम के एक अधिकारी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी और सुसाइड नोट में गलत ढंग से मनी ट्रांसफर का जिक्र किया था, जिसके बाद इस घोटाले का जिक्र हुआ।

# लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी के पिता ने जीता सरपंच का चुनाव, हत्या सहित कई आपराधिक मामले हैं दर्ज

**खन्ना , (आरएनएस)।** जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के प्रमुख सदस्य राजवीर सिंह उर्फ रवि राजगढ़ के पिता जगतार सिंह ढिल्लों (62) को लुधियाना जिले के खन्ना उपमंडल में उनके पैतृक गांव राजगढ़ का सरपंच चुना गया था। पंजाब भर में पंचायत चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। ए-श्रेणी के गैंगस्टर रवि राजगढ़ के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में हत्या और हत्या के प्रयास सहित कम से कम 12 एफआईआर दर्ज हैं। मंगलवार को मतदान के दौरान वह राजगढ़ गांव में मौजूद था। वह जमानत पर बाहर है।

## सिंचाई मंत्री ने ट्यूबवेल आपरेटर की जल्द विज्ञापन जारी करने का दिया आश्वासन

- बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचे ट्यूबवेल आपरेटर अभ्यर्थी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** युवा मंच के ई. आर बी पटेल की अगुवाई में लखनऊ में पहुंचे ट्यूबवेल आपरेटर अभ्यर्थियों को सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल्द सभी रिक्त पदों को विज्ञापित जारी करने का आश्वासन दिया। प्रमुख अभियंता सिंचाई ई. अखिलेश कुमार सचान से भी छात्रों ने मुलाकात की। उन्होंने भी यथाशीघ्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजने की बात कही।

अभ्यर्थियों के लगातार इसके लिए शांति पूर्ण ढंग से आवाज उठाई गई जिसके बाद ट्यूबवेल आपरेटर के 9710 रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद बनी है। युवाओं ने चेतावनी दी कि पूर्व की भांति अगर गुमराह किया गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सिंचाई विभाग में ट्यूबवेल आपरेटर के इतने बड़े पैमाने पर पदों के खाली रहने से किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युवा मंच के ई. आर बी पटेल ने कहा कि तकनीकी संवर्ग में आईटीआई से लेकर अवर अभियंता व सहायक अभियंता के तकरीबन एक लाख पद रिक्त पड़े पदों हैं। सबसे ज्यादा रिक्त पद बिजली महकमे में हैं जिसमें 72 हजार सृजित पदों में से आधे से ज्यादा पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार अधिकार अभियान में तकनीकी संवर्ग में रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती शुरू करने का सवाल प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस मौके पर युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व तकनीकी संवर्ग प्रमुख प्रतिनिधि ई. आर.बी.पटेल, सुर्दशन उर्फ नीरज पटेल, रितेश पाल, शशिकान्त पटेल, शिवम, रिंकू मौर्या, टीकेडी के अमित प्रजापति, फ्टि आईटीआई अभिषेक, अभिषेक वर्मा, इसरार अहमद, आलोक सिंह, विष्णु चौरसिया समेत बड़ी संख्या में छात्रों की मौजूदगी रही।

# सड़क सुरक्षा के लिए जनजागरूकता जरूरी

**इण्टरसेप्टर वाहनों से सड़क सुरक्षा कार्य में आयेगी मजबूती**

**परिवहन मंत्री ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन के अवसर पर 28 नये इण्टरसेप्टर वाहनों को दिखायी हरी झण्डी**

- सड़क सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय है
- सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हुआ। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती समारोह से शुरू होकर आज सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन हो रहा है। सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है एवं आज के समय में बहुत ही आवश्यक विषय भी है। आज प्रदेश 13 हाईवेज के साथ देश में सबसे अधिक हाईवेज वाला प्रदेश है, जिसमें से 06 हाईवेज बन चुके हैं एवं अन्य हाई-वेज पर कार्य तेजी से चल रहा है। हाईवेज बनने से आवागमन में सुगमता के साथ-साथ समय का भी बचाव हो रहा है। साथ ही बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं भी चिन्ता का विषय हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं अन्य लोगों से कराने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उनसे उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों को अपने दिनचर्या में लाने का आह्वान किया।

परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है, यह एक चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को लेकर बहुत ही अधिक संवेदनशील हैं। उनकी अध्यक्षता में साल में दो बार सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित होती है। प्रदेश में जितनी मौतें कोरोना काल में भी नहीं हुई उससे अधिक मौतें (लगभग 23 हजार प्रतिवर्ष) सड़क दुर्घटनाओं की वजह से होती हैं। होने वाली मौतों में सबसे अधिक संख्या 18-35 आयु वर्ष वाले युवाओं की है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य है। इसी के दृष्टिगत प्रदेश में समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी विभाग करा रहा है। इसके अलावा सभी कॉलेजों एवं विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग एवं स्टेक होल्डर विभाग (पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास इत्यादि) के अलावा आमजन का भी सहयोग बेहद जरूरी है। आमजन की सहभागिता से ही लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है।

## हम लोग उपचुनाव में जीत दर्ज करेंगे: संजय निषाद

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद ने बुधवार को विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में एनडीए की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए जमीनी स्तर पर इसको लेकर तैयारी कर रही है। हम निश्चित तौर पर सफलता का झंडा इस उप-चुनाव में भी बुलंद करेंगे।

उन्होंने कहा, हम लोग सभी 9 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए तैयार हैं। इसके लिए हम धरातल पर काम कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि हम लोग जीत दर्ज कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने में सफल रहेंगे। हमने जमीन पर जनता के हित में काम किए हैं, जिसका फायदा हमें आगामी उपचुनाव में देखने को मिलेगा। वहीं हरियाणा की सीमा से सटी सीटों पर हमारी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया और आप देखेंगे कि ओबीसी, दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों ने हमें समर्थन दिया है, जिससे भाजपा मजबूत हुई है।उन्होंने आगे कहा, हमारी रणनीति यह है कि हम बिना किसी भेदभाव के दलितों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों के साथ खड़े रहें। इससे लोगों का विश्वास बढ़ेगा और वे हमारी ओर आकर्षित होंगे। पिछली बार हमें यह उम्मीद नहीं थी कि विपक्ष इस तरह से मुद्दों को उठाकर एक बड़ा नरेटिव सेट कर सकेगा। लेकिन, हम अपने काम के आधार पर विश्वास रखते हैं और जनता से किए गए वादों को पूरा करने में लगे रहेंगे। इसके अलावा, उन्होंने ईवीएम पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, ईवीएम के मुद्दे पर विपक्ष की ओर से लगातार आरोप-प्रत्यारोप की जा रही है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि ईवीएम में कोई खराबी नहीं है। हारने वाले अपनी कमी नहीं स्वीकारते, और हमेशा ईवीएम को दोष देते हैं। ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को जीते हुए सीट से तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।÷उन्होंने नेम प्लेट विवाद पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, दुकानों में नेमप्लेट को लेकर विवाद भी चल रहा है।

## ग्राम्य विकास विभाग में पौधरोपण करने में लखीमपुर खीरी सबसे आगे

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा चलायें गये ष्एक पेड़ मां के नामष् अभियान के तहत पौधरोपण करने का कीर्तिमान बनाया गया है।

प्रदेश में 20 जुलाई को अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत 13.54 करोड़ पौधे लगाकर ग्राम्य विकास विभाग ने अभियान में सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है। ग्राम्य विकास विभाग में प्रदेश में जनपदों की बात करें तो लखीमपुर खीरी ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए योजनांतर्गत 43.24 लाख से ज्यादा पौधरोपण किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के साथ गांवों में निवास करने वाले आम नागरिकों की सहभागिता ने इस महाअभियान को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। बीते वर्षो से निरंतर प्रदेश द्वारा योजनांतर्गत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। यूपी को हरा-भरा बनाए रखने के लिए सरकार ने इस वर्ष ग्राम्य विकास विभाग को 13 करोड़ का लक्ष्य दिया गया,इस लक्ष्य को पार करते हुए 13.54 करोड़ से भी ज्यादा पौधरोपण किया गया। ग्राम्य विकास विभाग ने बीते सालों में भी वृक्षारोपण के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। गत 5 वर्षो की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2019-20 में आवंटित लक्ष्य 1018.52 लाख के सापेक्ष शत-प्रतिशत 1018.52 लाख पौधे रोपे गए थे। वर्ष 2020-21 में लक्ष्य 880.00 लाख के सापेक्ष 874.11 लाख पौधे रोपे गए थे। वर्ष 2021-22 में लक्ष्य 1056.00 के सापेक्ष 1053.42 लाख पौधे लगाए गए थे।

वहीं वर्ष 2022-23 में आवंटित लक्ष्य 1232.00 लाख के सापेक्ष 1228.05 लाख पौधे रोपित किये गये तथा वर्ष 2023-24 में लक्ष्य 1259.20लाख के सापेक्ष 1323.89 लाख पौधों का रोपण कर किया गया। वहीं वर्तमान वर्ष 2024-25 में लक्ष्य 1300.15 के सापेक्ष 1354.62 लाख पौधों का रोपण कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जनपदों को लक्ष्य आवंटित किया गया। वृक्षारोपण के महाअभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

## परिवहन मंत्री ने अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को दी श्रद्धांजलि



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं देवरिया के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने भारतीय सेना के जांबाज नायक कैप्टन-अंशुमान-सिंह के प्रथम पुण्य तिथि पर आज लखनऊ स्थित बुद्धेश्वर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मेरे प्रभार के जनपद देवरिया के ऐसे लाल अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होना मेरे लिए गौरव की बात है। शहीद अंशुमान विगत वर्ष 19 जुलाई 2023 को सियाचिन में अपने सहयोगियों को बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। जब तक ऐसे बीर सपूत हमारे देश में पैदा होते रहेंगे तब तक हमारे देश की तरफ आँख उठाने की साहस कोई भी दुश्मन देश नहीं कर सकता। मैं ऐसे बीर सपूत के माता-पिता को दिल से नमन करता हूँ।

## शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए नए कॉलेजों और पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए समय सारिणी निर्धारित

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** शैक्षिक सत्र 2025-26 में बीएड पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नए महाविद्यालयों और संस्थानों की स्थापना और मौजूदा कॉलेजों में नए स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए समय सारिणी निर्धारित कर दी गई है। इस समय सारिणी के तहत 15 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालयों में नए पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई है। 16 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक भूमि अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। प्राप्त अनापत्ति प्रस्तावों को 7 दिनों के भीतर जिलाधिकारी को सत्यापन के लिए भेजा जाएगा और एक महीने के भीतर सत्यापन रिपोर्ट संबंधित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन भेजनी होगी। 31 जनवरी 2025 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि यदि विश्वविद्यालय के निर्णय के विरुद्ध अपील करनी हो, तो 10 फरवरी 2025 तक शासन में अपील की जा सकती है, जिसकी निस्तारण तिथि 20 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। 28 फरवरी 2025 तक निरीक्षण मण्डल के गठन के लिए आवेदन किया जाएगा और 5 मार्च 2025 तक विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जाएगा। 5 अप्रैल 2025 तक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, और 20 अप्रैल 2025 तक सम्बद्धता प्रदान की जाएगी। सम्बद्धता से संबंधित अपीलें 31 मई 2025 तक निपटाई जाएंगी।

प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भूमि संबंधी अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश दिए, जिसमें खतौनी का सत्यापन, संयुक्तता प्रमाण पत्र और स्थलीय सत्यापन शामिल हैं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई आपत्ति अनुचित पाई गई, तो इसे अनुचित समझा जाएगा।

निरीक्षण मण्डल के पैनल के गठन के संबंध में, विशेषज्ञों और सदस्य सचिव की उपस्थिति अनिवार्य होगी और निरीक्षण तिथियों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। पैनल की तिथि पर निरीक्षण न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जा सकता है। पैनल सदस्यों की सत्यनिष्ठा और कार्य आचरण का वार्षिक रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

## मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए शुरू की नई योजना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की है, जिसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जायेगा। इस योजना का प्रदेश के 18 जिलों में शुरूआत की गई है, जिसमें उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के नवान्मेषी कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है।

उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मखाना खेती की विभाग द्वारा अनुमन्य इकाई की लागत 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है, जिसमें सरकार 50 प्रतिशत यानी 40 हजार रुपये का अनुदान देगी। इसके लिए किसानों को जिला उद्यान अधिकारी के पास पंजीकरण कराना होगा। योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित जनपदों में 10 हेक्टेयर मखाना उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश में कुल 180 हेक्टेयर में मखाने की खेती होगी।

प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, बरेली, अयोध्या और गोरखपुर जिलों में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इन जिलों में मखाने की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु और संसाधन उपलब्ध हैं, जहां तालाबों और निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति मखाना उत्पादन के लिए अनुकूल है।

# कांग्रेस नेता ने मंत्री दिनेश प्रताप के घर पर पोती कालिख

**प्रियंका गांधी पर टिप्पणी को बताया महिला विरोधी मानसिकता**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की ओर से प्रियंका गांधी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनिल यादव ने मंत्री के आवास के गेट पर लगे नेम प्लेट पर कालिख पोत दी, साथ ही घर की गेट पर चोर और बेईमान लिख दिया। कालिख पोतने वाले कांग्रेस नेता अनिल यादव ने कहा कि, दिनेश प्रताप सिंह ने उनके नेता प्रियंका गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की अब अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया तो वह और कांग्रेस के लोग उनसे सड़क पर निपट लेंगे।

बता दें कि, प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने पर यूपी सरकार के मंत्री और रायबरेली के नेता दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अंततः लड़की लड़ नहीं पाई और भाग ही गई। वहां जहां लड़ना ना पड़े, बूढ़ी जो हो गई है÷। दिनेश प्रताप सिंह के इस पोस्ट के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरुप प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल यादव अपने कुछ साथियों के साथ उनके आवास पर पहुंचे। और सबसे पहले उनके सरकारी आवास के बाहर लगे नेम प्लेट को काले रंग से पोत दिया। इसके बाद मकान के मुख्य गेट पर चोर और बेईमान लिख दिया।

वहीं कई कांग्रेस नेताओं ने पोस्ट कर अनिल यादव की ओर से पोती गई कालिख को सही ठहराया है। कांग्रेस मीडिया सेल के इंचार्ज सुप्रिया श्रीनेत ने अपने पोस्ट में लिखा बीजेपी के निकम्मे मंत्री और राहुल गांधी जी के सामने करारी हार झेल चुके दिनेश प्रताप सिंह ने प्रियंका गांधी के लिये अनुचित शब्द बोले हैं उन्होंने अपना और बीजेपी का असली चाल, चरित्र, चेहरा एक बार फिर दिखा दिया है घटिया, महिला विरोधी और कुंठित लोगों से भरी पड़ी है बीजेपी।

## श्रवण कुमार निराला की गिरफ्तारी की आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने की कड़ी निंदा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**अंबेडकर जन मोर्चा के संयोजक श्रवण कुमार निराला की महाराजगंज पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी और उन पर लादे गए मुकदमे की ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने कड़ी निंदा की है। एआईपीएफके राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. आर. दारापुरी ने प्रदेश सरकार से निराला को तत्काल रिहा करने और उन पर लादे मुकदमों को वापस लेने की मांग की है। प्रेस को जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि योगी सरकार लोकतांत्रिक आंदोलन को दमन के बल पर कुचलने में लगी है। गोरखपुर क्षेत्र में श्रवण कुमार निराला लंबे समय से दलितों, गरीबों और उत्पीड़ित समूहों के संवैधानिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आंदोलन चला रहे हैं। उन्होंने दलितों को एक एकड़ जमीन देने के सवाल पर आंदोलन किया है। पिछले दिनों चिट फंड कंपनियों और माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा लोन के नाम पर गांव में गरीबों की लूट के खिलाफ आंदोलन को संगठित किया। गौरतलब है कि यह कम्पनियां गांव के गरीबों की बेरोजगारी और महंगाई का फायदा उठाकर बैंक दर से लगभग दुगनी ब्याज दर पर लोन देती हैं। इस लोन की वसूली के लिए वह लोगों का सार्वजनिक अपमान कराती हैं और बेहद दबाव बनाती हैं। इन माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के बेलगाम आचरण के खिलाफ निराला ने भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन को पत्र भी भेजे थे और सरकार से समूह के जरिए माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा दिए गए लोन को माफ करने व उनकी बेलगाम कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी।इस सवाल को हल करने की जगह उनके और संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा गौतम के खिलाफ महराजगंज के फरेंदा थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में धोखाधड़ी, दस्तावेज की जालसाजी, अपराध के लिए उकसाने की धाराएं लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार को मिला मेट्रो मैन ऑफ द ईयर पुरस्कार

- अर्बन इंफ्रा अवार्ड्स 2024 में यूपीएमआरसी ने अपने नाम किए 2 पुरस्कार




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) ने अर्बन इंफ्रा बिजनेस समिट एंड अवार्ड्स 2024 में अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक श्री सुशील कुमार को ÷अर्बन इंफ्रा मेट्रो मैन ऑफ द ईयर 2024÷ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह 16 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

इस आयोजन में यूपीएमआरसी को ÷अर्बन इंफ्रा सस्टेनेबल मोबिलिटी प्रमोटर ऑफ द ईयर÷ के प्रतिष्ठित पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया, जो ग्रीन इनिशिएटिव्स के तहत पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधनों को बढ़ावा देने के लिए दिया गया है। गौरतलब है कि यूपी मेट्रो एनर्जी एक्सचेंज कार्यक्रम में भाग लेने वाला राज्य का पहला संगठन है, जिसने पिछले 1.5 वर्षों में 4 करोड़ रुपये की बिजली की बचत की है। साथ ही यूपीएमआरसी ने 1.1 लाख वर्ग मीटर का विशाल ग्रीन कॉरिडोर का भी निर्माण किया है।

इसके साथ ही, प्रबंध निदेशक को कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं के तेजी से निर्माण कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है। यूपीएमआरसी ने आई.आई.टी कानपुर से मोतीझील के बीच 9 किमी. प्राथमिक कॉरिडोर पर 28 दिसंबर 2021 को 2 साल 1.5 महीने के रिकॉर्ड समय में यात्री सेवाओं का शुभारंभ किया। साथ ही आगरा मेट्रो ने 11 महीने के रिकॉर्ड समय में 6 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड टनल का काम पूरा करने के साथ, केवल 23 महीनों में भारत और दुनिया में सबसे तेजी से अंडरग्राउंड मेट्रो सेक्शन के निर्माण और कमीशनिंग का गौरव हासिल किया। प्रबंध निदेशक सुशील कुमार की दूरदृष्टि और नेतृत्व में कानपुर के 32.04 किमी लंबे दो कॉरिडोर एवं आगरा मेट्रो के 29.4 किमी. लंबे दोनों कॉरिडोर पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इस मौके पर एमडी सुशील कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह पुरस्कार यूपीएमआरसी के कर्मचारियों की लगन एवं निष्ठा का प्रतीक है। हम कानपुर एवं आगरा के बैलेंस सेक्शन पर तेजी से निर्माण कार्य कर रहे हैं और बहुत जल्द यहां की जनता को संपूर्ण कॉरिडोर पर मेट्रो की सुविधा मिलेगी।

## निर्धन कलाकारों की प्रतिभा को सम्मान के लिए राज्य सरकार करेगी हरसंभव प्रयास: जयवीर

- पर्यटन मंत्री ने दिए स्वीकृत परियोजनाओं से संबंधित टेण्डर प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संस्कृति विभाग की विभिन्न संस्थानों में की जा रही विभिन्न गतिविधियों से आम जनता खासतौर से युवाओं को जोड़ें, जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास के साथ ही भारतीय जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके।

प्रदेश सरकार विभिन्न नीतियों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद धार देने के साथ आम जनता को अपने विरासत पर गर्व करने का अवसर प्रदान कर रही है। इसके साथ ही देशी-विदेशी पर्यटकों को मार्केटिंग एवं ब्राण्ड एम्बेस्डर के रूप में प्रोत्साहित कर अधिक से अधिक विदेशी पर्यटकों को यूपी की ओर आकर्षित करने के लिए विश्व स्तरीय सुविधायें सृजित कर रही है। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष की स्वीकृत परियोजनाओं से संबंधित निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न संस्थानों तथा निर्माण कार्य की समीक्षा कर रहे थे। निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के साथ ही प्रस्तावित कार्यो को यथाशीघ्र शुरू किया जाए।

कार्य में रूचि न लेने वाले तथा लापरवाह अधिकारियों एवं संस्थाओं की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने विभिन्न संस्थानों से और अधिक एमओयू साइन करने के निर्देश दिए। साथ ही, विशेष रूप से निर्देशित भी किया कि निश्चित समय सीमा में कार्यो की प्रगति की समीक्षा करें। 75 जिलों में सांस्कृतिक आयोजन कराने, संस्कृति और संगीत को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने और महाकुम्भ जैसे आस्था पर्व का जनमास से जोड़ने के निर्देश दिये। प्रदेश की छुपी प्रतिभाओं को और गुणी कलाकारों को दुनिया के सामने लाया जा सके। पर्यटन मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान संस्कृति नाटक अकादमी, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान, वृंदावन शोध संस्थान, राज्य ललित कला अकादमी सहित अन्य संस्थाओं को अन्य संस्थाओं से मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम, गतिविधियां कराने के निर्देश दिए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं और नई पीढ़ी को परंपरागत कला, संस्कृति से जोड़ना हो। पाली सहित अन्य प्राचीन भाषा को आगे बढ़ाने के प्रयासों पर भी बल दिया गया। कम चर्चित या गुमनामी में जीवन बसर कर रहे कलाकारों को उचित सम्मान मिले और उनकी विधा को आगे ले जाने में सरकार का सहयोग प्राप्त हो सके। उत्तर प्रदेश बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। हमारा लगातार प्रयास रहा है कि बौद्ध उपदेशों को आमजन तक ले जाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### अलमारी की चाबी मांगकर गहने और नकदी लूटे

**लखनऊ।** नगराम के लोधी पुरवा गांव में मकान के पास लगे पेड़ से बदमाश आधी रात घर में दाखिल हो गए। बच्चे को तमंचे की नोक पर लेकर महिला से अलमारी की चाबी ली। फिर एक लाख के गहने और पांच हजार रुपए लूट ले गए। जानकारी के अनुसार लोधीपुरवा गांव में रामप्रसाद के मकान में रात करीब ढाई बजे तीन बदमाश पास के पेड़ से उतर आए। उनकी बहु रौशनी देवी के कमरे में दाखिल होकर पोते के सिर में तमंचा सटा दिया। महिला से अलमारी की चाभी लेकर उमें रखे एक लाख रुपए कीतम के सोने का हार, झुमके व पांच हजार नकदी लूट ले गए। बदमाशों ने शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी। वारदात को अंजाम देकर बदमाश आराम से भाग निकले। घर के बाकी सदस्यों को घटना की भनक भी नहीं लगी। महिला के कमरे के बगल में उसकी सास सो रही थीं, जबकि बाहर बरामदे में उसके ससुर और ननद सो रही थीं। रोशनी ने परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी। रामप्रसाद ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर नगराम थानाधिकारी सुबह मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महिला सहित आस-पास के लोगों से बातचीत की। मकान की छत और मकान के पास खेतों में जाकर बदमाशों का सुराग लगाने की कोशिश की। इस दोरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

### किशोरी से गैंगरेप में दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** किशोरी से गैंगरेप के मामले में चिनहट पुलिस ने बुधवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को सीसी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया है। उधर, बुधवार दोपहर को न्यायिक अधिकारी के समक्ष किशोरी के बयान भी दर्ज कराए गए। बताया जा रहा है कि किशोरी ने दो के घटना में शामिल होने की बात अपने बयानों में कही है। दोनों आरोपितों को सीसी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया है। सीसी फुटेज किशोरी को दोनों ले जाते दिखे हैं। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक गिफ्तार आरोपितों में इंदिरानगर का रहने वाला पवन और उसका साथी विशाल है। विशाल का घर किशोरी के मोहल्ले में ही है। किशोरी को विशाल के घर पर ले जाया गया था। वहां दुष्कर्म किया। उसके बाद दुपट्टे से हाथ-पैर बांधकर गला कसकर उसे झाड़ियों में फेंका गया था। लोकेशन के आधार पर भी दोनों की मौजूदगी किशोरी के साथ मिली है। सोमवार सुबह किशोरी चिनहट क्षेत्र में झाड़ियों के बीच पड़ी मिली थी। उसके निजी अंगों से खून बह रहा था। किशोरी ने होश में आने पर बताया था कि बाइक सवार युवक नशीला स्प्रे कर उसे उठा ले गए थे। इसके बाद उसे कुछ याद नहीं। होश आया तो खुद को अस्पताल में देखा। एसीपी विभूतिखंड राधा रमण सिंह ने बताया कि किशोरी के बयानों के आधार पर आरोपित विशाल और पवन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### किसान को टक्कर मार कर डाले से 800 मीटर घसीटा

**लखनऊ।** रहीमाबाद में बुधवार शाम सड़क पार कर रहे किसान को सण्डीला की तरफ से आ रहे डाले ने टक्कर मार दी। पम्पिंग सेट लेकर घर जा रहा किसान हवा में उछल कर डाले में लगे जाल में फंस गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर ड्राइवर ने डाला दौड़ा दिया। करीब 800 मीटर तक डाले में लगे जाल के साथ किसान घिसटता रहा। फिर सड़क से टकरा कर शव जाल से छिटक गया। तरौना गांव निवासी मुन्ना (60) का घर के पास ही खेत है। शाम करीब 6.30 बजे वह खेत की सिंचाई के बाद पम्पिंग सेट लेकर घर लौट रहे थे। रोड पार करते वक्त सण्डीला की तरफ से आ रहे डाले ने उन्हें टक्कर मार दी। मुन्ना हवा में करीब पांच फीट उछलने के बाद डाले में लगे जाल में फंस गए। ड्राइवर ने जाल में किसान को फंसा देखने के बाद भी ब्रेक नहीं लगाया। ग्रामीणों के चंगुल में फंसने के डर से ड्राइवर डाला दौड़ाता रहा। करीब 800 मीटर तक किसान डाले में ही फंस कर घिसटता रहा। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस भी डाला ड्राइवर की तलाश में जुट गई। रहीमाबाद चौराहे के करीब किसान का शव सड़क से टकराने के बाद जाल से छिटक गया। वहीं, डाला ड्राइवर मौके से भाग निकला। एसओ अनुभव के मुताबिक मुन्ना के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीसी फुटेज की मदद से आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

### चौक, गोमतीनगर समेत कई इलाकों में आज बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** राजधानी में गुरुवार को चौक, गोमतीनगर, जियामऊ, समेसी और सरोजनीनगर सहित कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। आरडीएसएस योजना के तहत फीडर व ट्रांसफार्मर में मरम्मत कार्य किया जाएगा। इससे करीब दो लाख आबादी प्रभावित रहेगी। चौक के विक्टोरिया उपकेंद्र में गुरुवार को सुबह नौ बजे से 11 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इससे कश्मीरी मोहल्ला, महमूद नगर, अकबरी गेट, सर्राफा मार्केट, सोंधी टोला, लाजपत नगर सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। गोमतीनगर के विश्वासखंड उपकेंद्र के लोहिया चौराहा, विनयखंड-तीन में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। डालीबाग उपकेंद्र के अंतर्गत 1090 चौराहा, जियामऊ में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। समेसी उपकेंद्र सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगा। इससे नगराम, बहरौली, हरदोईया, रसूलपुर, भवानीखेड़ा, कमालपुर, अचलीखेड़ा, मीरकनगर सहित करीब 200 गांव की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। कानपुर रोड स्थित 132 केवी सरोजनीनगर ट्रांसमिशन उपकेंद्र में मरम्मत कार्य के कारण सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इससे गहरू, जयराजपुरी, गौरी विहार, मक्काखेड़ा, सिद्धार्थ नगर, पिपरसंड, रूपखेड़ा, रानीपुर, हडाइनखेड़ा, गडरियनखेड़ा सहित कई इलाकों में बिजली प्रभावित रहेगी।

### मुर्गी फार्म में संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**लखनऊ।** बीबीडी इलाके के भैसोरा गांव में मुर्गी फार्म हाउस में 42 वर्षीय राजेश की मंगलवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवारीजन ने हत्या की आशंका जताते हुए फार्म मालिक से रुपयों का विवाद भी बताया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है। राजेश मूल रूप से सीतापुर के कोथावां संदना के रहने वाले थे। उनका छोटा भाई नंदराम भी साथ में काम करता था। राजेश शराब का भी लती था। मंगलवार देर रात नंदराम अपने घर से लौटा तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा। कोई उत्तर न मिलने पर वह बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर गया। राजेश को तखत पर लेटा देखकर वह अलग बिस्तर पर सो गया। सुबह करीब आठ बजे तक राजेश नहीं उठे । राजेश को जगाने का प्रयास किया। शरीर में कोई हरकत न होने पर मालिक को सूचना दी। इसके बाद राजेश को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। राजेश के साले अंकुश ने हत्या की आशंका जताई है। अंकुश के मुताबिक मालिक से राजेश का रुपयों को लेकर विवाद भी चल रहा था। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के घरवालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वारदात के बाद रिश्तेदार के घर भेज दी थी कार

**लखनऊ।** फ्लिपकार्ट कंपनी के डिलीवरी ब्वाय भरत कुमार की हत्या के मामले में चिनहट पुलिस ने मुख्य आरोपित गजानन से बुधवार को भी पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि भरत का शव इंदिरा नहर में फेंकने के बाद उसने स्विफ्ट कार अपने एक रिश्तेदार के घर भेज दी थी। पुलिस ने उस कार की तलाशी में भरत कुमार का आधार कार्ड भी बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपित गजानन का मेडिकल परीक्षण कराया और उसे बाराबंकी जेल में दाखिल कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार को गजानन को 24 घंटे की रिमांड पर लिया था। रिमांड पर उससे गहन पूछताछ की। पूछताछ में गजानन ने डिलीवरी ब्वाय भरत की हत्या किए जाने की बात स्वीकार की थी। इसके बाद पुलिस उसे इंदिरा नहर ले गई थी। जहां उसने आकाश की मदद से भरत का शव फेंका था। हालांकि शव अभी तक पुलिस और एसडीआरएफ के गोताखोर खोज नहीं पाए हैं। पुलिस ने बताया कि शव की खोजबीन की जा रही है। उल्लेखनीय है 24 सितंबर को भरत कुमार मोबाइल की डिलीवरी देने गजानन के घर पहुंचा था, तभी उसकी हत्या कर दी गई थी। अगले दिन चिनहट थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज की गई थी।

# धार्मिक जुलूस निकलने पर विशेष सावधानी रखें

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद डीजीपी प्रशांत कुमार ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। डीजपी ने निर्देश दिए कि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों से किसी भी धार्मिक जुलूस के गुजरने पर विशेष सावधानी रखी जाए।

डीजीपी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाए। डीजीपी ने इन मामलों में आरोपितों के खिलाफ हुई कार्रवाई रिपोर्ट भी सभी एडीजी जोन से तलब की है। इसके अलावा सोशल मीडिया



पर 24 घंटे निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए। डीजीपी ने आने वाले त्योहारों के मद्देनजर निर्देश दिए कि दंगा नियंत्रण योजना को अपडेट कर लिया जाए, फिर इनकी मॉक ड्रिल करा ली जाए। इस योजना में संबंधित मजिस्ट्रेट को भी शामिल करने को कहा है। कहा कि पुलिस कर्मियों और संसाधनों का पूरी तरह से इस्तेमाल किया जाए। आकस्मिक घटना के समय किस तरह से योजना बनाई जाए, इसका रिहर्सल करा लिया जाए। साथ ही दंगा नियंत्रण उपकरणों की कार्यकुशलता की निगरानी समय-समय पर की जाती रहे ताकि किसी विपदा पर ऐनवक्त ये धोखा न दे जाएं।

**सभी जिलों में कम्युनिकेशन प्लान किया जाए:** डीजीपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में कहा कि सभी जिलों में कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर लिया जाए। इसमें राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ पार्षद, वार्ड सदस्यों, ग्राम प्रधान, ग्राम समितियों के सदस्यों और चौकीदारों को शामिल किया जाए। इस योजना से इन सबके बीच समन्वय भी बना रहेगा। इसके साथ ही पीस कमेटियों की गोष्ठी हर स्तर पर कर ली जाए। डिजिटल वालेन्टियर्स व सिविल डिफेंस का भी सहयोग लिया जाए। डीजीपी ने कहा कि सभी जिलों की अभिसूचना इकाई की टीम सतर्क रहे। असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखें।

**दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ ही ड्यूटी करें पुलिसकर्मी**

डीजीपी ने कहा कि दंगा नियंत्रण उपकरणों के बिना पुलिस कर्मियों की ड्यूटी न लगाएं। किसी भी आयोजन से पहले पुलिस बल की ब्रीफिंग जरूर कर ली जाए। जुलूस अगर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र से निकल रहा है तो वहां पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाए। इस दौरान सुरक्षा के लिए बॉक्स फार्मेट में ड्यूटी लगाई जाए। इन इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया जाए। साथ ही नियमित पैदल गश्त भी की जाए। मुख्य चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर लगने वाले पुलिस बल को ब्रीफ करने के बाद ही ड्यूटी पर भेजा जाए। रूफ टॉप ड्यूटी वायरलेस हैंडसेट व दूरबीन के साथ ही लगाई जाए।

# वृंदावन योजना में बनेगा हाईटेक कन्वेंशन सेंटर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त इंटरनेशनल एग्जीबिशन कम कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन कम एग्जीबिशन सेंटर के स्वरूप, निर्माण प्रक्रिया, लागत आदि विषयों पर विमर्श किया और कहा कि लखनऊ में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सर्वसुविधायुक्त, विश्वस्तरीय हाईटेक कन्वेंशन- सह-एग्जीबिशन सेंटर की जरूरत है।

बैठक में अधिकारियों ने कन्वेंशन सेंटर के प्रस्तावित स्वरूप पर जानकारी देते हुए बताया कि वृंदावन योजना में जहां वर्ष 2020 में डिफेंस एक्सपो का आयोजन हुआ था, वहां 32 एकड़ की भूमि उपलब्ध है, जिस पर इसका निर्माण कराया जा सकता है। यहां चारों ओर से अच्छी कनेक्टिविटी है। लगभग 10 हजार लोगों की क्षमता वाले इस कन्वेंशन सेंटर में अलग-अलग ऑडिटोरियम होंगे। कन्वेंशन सेंटर का निर्माण आवास विकास और एलडीए के संयुक्त तत्वावधान में किया जाना चाहिए। राज्य सरकार भी इसमें वित्तीय सहयोग करेगी। निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने दो वर्ष की अवधि तय की है। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को बहुउपयोगी बनाया जाना चाहिए। कन्वेंशन सेंटर ऐसा हो जहां बड़े सांस्कृतिक, राजनीतिक, राजकीय, धार्मिक समारोह गीत-संगीत के कंसर्ट पूरी भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित हो सकें। एग्जीबिशन सेंटर सभी प्रकार के मेलों, प्रदर्शनियों की मेजबानी करने में सक्षम हो, यहां ओपन थियेटर भी हो, समीप ही होटल इंडस्ट्री के लिए भूमि आरक्षित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन की वास्तुकला में भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब हो, साथ ही जल और ऊर्जा संरक्षण का उदाहरण प्रस्तुत करने वाला हो।

## घर के बाहर खड़ी कार पथराव कर तोड़ी

**लखनऊ।** गोमतीनगर के विन्रमखंड में दबंगों ने पथराव कर घर के बाहर खड़ी कार तोड़ दी। हल्ला होने पर मां-बेटी ने विरोध किया। जिन्हें धमकी देते हुए आरोपी भाग निकले। पीड़िता ने विभूतिखंड कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। विनम्रखंड निवासी शिवांगी मिश्रा के मुताबिक आठ अक्टूबर की रात घर के बाहर से तोड़फोड़ और गाली की आवाज सुनाई पड़ी। बाहर निकलने पर कुछ लोग शिवांगी कार पर पथराव करते हुए नजर आए। जिन्होंने नकाब बांधा हुआ था। कार पर पथराव कर रहे युवकों को शिवांगी ने रोकने का प्रयास किया। इस बीच उनकी बेटी भी आ गई। मां-बेटी को विरोध करते देख आरोपी गाली देते हुए भाग गए। यह आरोप लगाते हुए शिवांगी ने विभूतिखंड कोतवाली में सोमवार को तहरीर दी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि फुटेज की मदद से पथराव कर कार तोड़ने वालों की तलाश की जा रही है।

## पुलिस बैरियर से टकराकर युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में होटल से खाना खाकर घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह दोस्त की केटीएम से जा रहा था। रास्ते में अचानक पुलिस बैरिकेड से टकरा गया। पीछे से आ रहे दोस्त सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हादसा मंगलवार रात 1.30 बजे हजरतगंज इलाके में हुआ है। मृतक की पत्नी अमरीन का कहना है कि वाहिद अपने दो दोस्तों के साथ फूलबाग खाना खाने गए थे। घर से स्कूटी लेकर गए थे। लौटते समय दोस्त की केटीएम खुद चलाने लगे और उनको स्कूटी दे दी। बीच सड़क पर चेकिंग के लिए लगी बैरिकेडिंग से टक्कर हो गई और वह गिरकर घायल हो गए। अमरीन के मुताबिक वाहिद एसी सप्लाई का काम करते थे। वह पिछले कई सालों से सऊदी जाने की प्लानिंग कर रहे थे। वीजा के लिए भी अप्लाई किए थे। वीजा आने से पहले उसकी मौत की खबर आ गई। अमरीन और 11 साल के बेटे अरहान और 5 साल के बच्चे अयान का रो-रोकर बुरा हाल है। अमरीन का आरोप है कि जिस जगह पर बैरिकेडिंग लगी है, वहां पर न तो लाइट की व्यवस्था है, न ही उसमें रिफ्लेक्टर लगा था। इसी वजह से वाहिद को बैरिकेड नहीं दिखा और हादसा हो गया। पुलिस ने पिछले हादसों को देखते हुए बैरिकेडिंग तो कर दी, लेकिन उसके मानक पूरे नहीं किए। हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है कि बाइक की रफ्तार ज्यादा होने से दुर्घटना हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने कोई लिखित तहरीर नहीं दी है।

## अस्पतालों की ओपीडी ठप, कतार में मरीज, ब्रेन ट्यूमर जैसे ऑपरेशन टले

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रोटेस्ट दूसरे दिन भी जारी है। केजीएमयू में 50 घंटे से ज्यादा की भूख हड़ताल पर चल रहे डॉक्टरों ने प्रोटेस्ट मार्च निकाला। लोहिया अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन लगी है। भर्ती मरीजों के साथ-साथ अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को इलाज का संकट बढ़ता जा रहा है। वहीं, संस्थान प्रशासन इस ममले पर चुप्पी साधे हुए है।

कोलकाता मामले को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यूपी के टॉप मेडिकल चिकित्सा संस्थान, एसजीपीजीआई में मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालांकि यहां के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने मरीजों के हित में इमरजेंसी सहित सभी अनिवार्य चिकित्सीय सेवाओं को जारी रखने की बात कही है, पर मरीजों की परेशानी कम नही हो रही। कई डिपार्टमेंट में मरीजों को इलाज नहीं मिलता दिख रहा है। फर्रुखाबाद से पत्नी रीना देवी को दिखाने आए विनोद कुमार कहते हैं कि गैस्ट्रो सर्जरी डिपार्टमेंट में उन्हें पत्नी को दिखाना था। ओपीडी में सुबह ही आकर लाइन लगा लिए थे। फाइल जमा हुई पर थोड़ी देर बाद फिर वापस मिल गई। बताया गया कि हड़ताल हैं, आज इलाज नही मिलेगा।विनोद कहते हैं कि इससे पहले



पहली अक्टूबर को भी आना हुआ था पर तब भी इलाज नही मिल पाया था। अब फिर फर्रुखाबाद से आना हुआ। यहां आने के बाद बगल में 300 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से बगल में एक कमरा किराए पर लेते। इतनी दूर से आने जाने पर किराए के साथ खाने पीने का खर्च अलग से। सारे पैसे खर्च हो जा रहे हैं, पर इलाज नही मिल रहा। कब डॉक्टर मिलेंगे, इसका भी नही पता, बाद में जब इलाज शुरू होगा, तब बिना पैसे के कैसे इलाज होगा। कानपुर से आए राजेन्द्र कहते हैं कि 12 साल के छोटे भाई अजय के पेट में फोड़ा (किडनी के बगल के हिस्से में) हैं।

फाइल डॉक्टर के पास ही जमा हैं। आज एक जांच रिपोर्ट भी मिली हैं उसे भी दिखवाना हैं। पर डॉक्टर नही मिले और बताया गया कि हड़ताल हैं। कई बार पहले भी बिना इलाज के लौट चुके हैं।

## युवक ने खुद को मारी गोली

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक युवक खुद के सीने में गोली मार लिया। गोली की आवाज सुनकर जागे भाई ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर मिले तमंचे को कब्जे में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह का पता नहीं लग सका है। घटना मड़ियांव इलाके की है।

युवक सीतापुर के खैराबाद के जलालपुर बनका गांव का रहने वाला था। लखनऊ में भाई मुस्तफा के साथ फैजुल्लागंज सिन्हा कॉलोनी में रहता था। भाई ने पुलिस को बताया कि मंगलवार देर रात साथ रहने वाले छोटे भाई अबरार उर्फ इमरान (26) ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। गोली की आवाज सुनकर जागे तो देखा वह खून से लथपथ पड़ा था। पुलिस को सूचना देने के साथ अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत



घोषित कर दिया। मड़ियांव पुलिस के मुताबिक युवक के आत्महत्या के कारणों और तमंचा कहां से मिला, इसकी जानकारी की जा रही है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि दो-तीन दिन से अबरार कुछ परेशान चल रहा था। भाई ने कारण भी पूछा, लेकिन वह टाल गया। दो दिन पहले अपना मोबाइल भी तोड़ दिया था। अबरार के सुसाइड की वजह जानने के लिए उससे जुड़े लोगों के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

## भूख हड़ताल पर बैठे एम्बुलेंस ड्राइवर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में डिप्टी सीएम आवास के बाहर दूसरे दिन भी एम्बुलेंस ड्राइवर प्रदर्शन कर रहे हैं। नौकरी की मांग को लेकर अब सभी भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। ड्राइवरों द्वारा जमकर नारेबाजी की जा रही है। कोरोना के समय दिए गए मेडल और सर्टिफिकेट भी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को वापस देने की बात कही जा रही है।

एम्बुलेंस ड्राइवरों का कहना कि डिप्टी सीएम नौकरी देने का वादा तो करते हैं लेकिन अब उनके ही दरवाजे पर पहुंचे तो पुलिस खदेड़ रही है। उपमुख्यमंत्री से 3 साल में 20 बार से अधिक मुलाकात की गई। हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। कल प्रदर्शन के दौरान उन्होंने 5 लोगों के डेलिगेशन को मुलाकात के लिए बुलाया। बीच का रास्ता निकालने की बात कही गई, लेकिन मुलाकात के बाद क्या हुआ इसकी सूचना किसी



को नहीं दी गई। इसीलिए अब भूख हड़ताल शुरू की गई है। जब तक बहाली नहीं होगी तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। एम्बुलेंस ड्राइवर शैलेश का कहना है कि 3 साल में सरकार कंपनी से बातचीत नहीं कर पाई। यह दुख की बात है कि जिस समस्या का समाधान तीन दिन में होना था वह 3 साल में भी नहीं हो पाया। हम लोग भूख हड़ताल पर बैठे हैं, सुनवाई नहीं होने तक यहीं बैठे रहेंगे। प्रदर्शन कर रहे सलील अवस्थी का कहना है कि 3 साल से हम लोग नौकरी के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों से 9000 कर्मचारी रोजगार के लिए सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके लखनऊ पहुंचते हैं। डिप्टी सीएम वादा करते हैं कि नौकरी मिलेगी। अब जब उनके दरवाजे पर पहुंचे तो पुलिस भगा रही। शाम 5 बजे के बाद ईको गार्डन में प्रदर्शन करने वालों को रुकने नहीं दिया जाता। किसी मंत्री या विधायक के आवास पर प्रदर्शन करने जाओ तो वहां पुलिस लाठीचार्ज करती है। यही लोग बता दें कि हम अपनी बात किसके पास रखें।

## एएमसी को मिले 16 गैर तकनीकी अफसर


**लखनऊ।** नॉन कमीशनिंग अधिकारी और अन्य रैंकों को प्रशिक्षण के बाद एएमसी में शॉर्ट सर्विस कमीशन प्रदान किया गया। कुल 16 गैर तकनीकी कैडर से अफसर बने। इनमें से प्रत्येक सैनिक के लिए यह एक यादगार क्षण था क्योंकि वे वर्तमान रैंक से कमीशन अधिकारियों के प्रतिष्ठित कैडर में स्थानांतरित हुए थे। वर्ष 2024 के लिए आर्मी मेडिकल कोर के गैर-तकनीकी अधिकारियों का कमीशनिंग समारोह छावनी स्थित एएमसी केन्द्र एवं कॉलेज में हुआ। कॉलेज के मेजर एलजे सिंह, अशोक चक्र सभागार में सैन्य परम्पराओं के साथ समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता सेना चिकित्सा कोर, केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट और एएमसी रिकॉर्ड्स के प्रभारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने की। इस दौरान एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, के कार्यकारी डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल पराग ए देशमुख उनकी अगुवानी की।

# मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति टेढ़ी खीर, भटक रहे आश्रित,कोई सुनवाई नहीं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम में 2015 से 2021 तक सेवा में रहते मृत कर्मचारियों के आश्रित आज भी मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं।कही कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद भी आश्रितों को न्याय नहीं मिलना निराशाजनक है।

राज्य खाद्य एवम आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड में कई कर्मचारियों जिनका सेवारत रहते हुए निधन हुआ उनके आश्रित मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति पाने के लिए वर्षो से दर दर भटकने को मजबूर हैं। खाद्य मंत्री, खाद्य सचिव, निगम के प्रबंध निदेशक से लेकर यूपी के मुख्यमंत्री तक से गुहार लगाने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही होना तो दूर की बात है, उनके पत्रों का जवाब तक देना विभाग बंद कर चुका है जबकि विभाग ने विगत में इन सभी को मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति का पात्र माना था लेकिन आजकल



करते हुए नौजवान अभ्यर्थियों के 9 साल व्यर्थ कर दिए गए हैं। अमित कोहली जिनके पिताजी श्रीराम कोहली जी का 1॑1॑2015 को आकस्मिक निधन हो गया, जो कि नियमित कर्मचारी थे फिर भी आवेदन करने के बाद भी मृतक आश्रित कोटे से उन्हें नियुक्ति नहीं मिली। अमित कोहली बताते हैं कि, नियुक्ति न मिलने के कारण और निगम द्वारा पिताजी के 10 साल से बकाया देयको का भी पूर्ण भुगतान नहीं करने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होती चली गई और पैसे के अभाव में मेरी बीमार मां पुष्पा देवी का भी 2023 में सरकारी हस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया। भाकपा माले के महामंत्री रमेश सिंह सेंगर ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य खाद्य एवम आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड की इस उदासीनता, असंवेदनशीलता के अमित कोहली अकेले शिकार नहीं हुए हैं बल्कि उमेश कुमार के पिता रामसेवक नियमित कर्मचारी थे जिनका सेवा काल में दि 13 अक्टूबर 2017 को निधन हुआ परन्तु मृतक के आश्रित को निगम ने आज तक नियक्ति प्रदान नहीं की, विनीत यादव के पिता गोपाल यादव नियमित कर्मचारी थे सेवा के दौरान 19 अक्टूबर 2020 में मृत्यु हो गई थी। राज्य के मुख्यमंत्री के जनता दरबार में अपनी फरियाद लेकर गोपाल यादव की विधवा पत्नी तीन बार मिली जिसमें खुद मुख्यमंत्री ने हर बार आश्वासन दिया कि परेशान होने की जरूरत नहीं है आप जाओ निगम में आपके मृतक आश्रित की नियुक्ति हो जाएगी लेकिन अभी तक मृतक आश्रित में निगम द्वारा नियुक्ति प्रदान नही कराई गई। अरविंद कुमार के पिता दयाशंकर नियमित कर्मचारी थे सेवारत रहते हुए 17 फरवरी 2021 को निधन हुआ लेकिन आज तक मृतक के आश्रित को नियुक्ति प्रदान नही की गई, शिवम वर्मा के पिता रामदीन भी नियमित कर्मचारी थे जिनका 24 अप्रैल 2021 को सेवा के दौरान निधन हुआ, आज तक मृतक के आश्रित को नियुक्ति नहीं मिली। ये चंद उदाहरण यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड में किस तरह मनमानी चल रही है और मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति देने में खुलेआम नियमावली का उल्लंघन किया जा रहा है। निगम के आला अधिकारियों ने कुछ मृतक आश्रित कोटे से नियुक्तियां मनमाने ढंग से की लेकिन लंबे समय से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों की अनदेखी की गई। यह किस आधार पर किया जा रहा है इसका जवाब निगम प्रबंधन को देना चाहिए। संज्ञान में आया है कि प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद तथा प्रबंध निदेशक राज्य खाद्य एवम आवश्यक वस्तु निगम लि द्वारा सार्वजनिक उपक्रम को आरएफसी में समायोजित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। निगम में जिन मृतक कर्मचारियों के देयको का 10 साल से भुगतान लंबित है और उनके परिजन दर दर भटक रहे हैं फिर उसका भुगतान कौन करेगा और मृतको के आश्रितों की नियुक्तियों का क्या होगा। इस बात का जवाब निगम प्रबंधन को देना चाहिए।भाकपा माले मानती है कि, विलंब की संपूर्ण जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश की सरकार की है, क्योंकि संज्ञान में होने के बाद भी इस प्रकरण को अभी तक लटकाए रखने का काम इस सरकार ने किया है। न्याय का तकाजा है कि अब उत्तर प्रदेश सरकार निगम के आवेदकों को मृतक आश्रित कोटे से यथाशीघ्र नियुक्तियां प्रदान करे और जिन कर्मचारियों का देयकों का भुगतान वर्षो से लंबित है उसका भुगतान मय ब्याज मृतक कर्मचारियों के परिजनों को तत्काल प्रभाव से किया जाय। पहले ही अत्यधिक विलंब के कारण जो आश्रित लोग परेशान हैं उन्हें अब और देरी कर निराशा के गर्त में धकेलना घोर अन्याय से कम नहीं होगा।

# प्रभारी मंत्री ने मेडीकल कॉलेज में अध्ययनत बच्चों, प्रशिक्षार्थियों से किया संवाद

▸ प्रभारी मंत्री ने आईटीआई विद्युत घर का निरीक्षण कर रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

▸ मेडीकल कॉलेज में आगामी दो से तीन माह में मिलेगी आईसीयू की सुविधा, बेहतर इलाज के लिए मेडीकल टीम को दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद मुख्यालय पहुंचे। जनपद मुख्यालय पहुंचने पर माननीय मंत्री जी का जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तदुपरांत मंत्री जी ने ब्लॉक शीतलपुर क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल असरौली पहुंच कर निरीक्षण किया। माननीय मंत्री जी ने इस दौरान कंपोजिट स्कूल के कक्षा 6, कक्षा 7 एवं कक्षा 8 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से इंटरेक्शन करते हुए वार्ता की एवं मौजूद शिक्षक, शिक्षिकाओं को बेहतर शिक्षा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को उपलब्ध करने हेतु निर्देश दिए। विद्यालय की छात्राओं द्वारा माननीय मंत्री एवं अन्य अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए।



प्रभारी मंत्री ने वीरांगना अवंती बाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान प्राचार्य सहित अन्य मेडिकल फैकल्टी से महाविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज के संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही अध्ययनरत मेडीकल छात्र, छात्राओं से भी रूबरू होकर प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी की एवं आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन लगभग 3 हज़ार ओपीडी की जा रही है, इसके साथ ही लगभग आधा दर्जन मरीजों की विभिन्न प्रकार की सर्जरी भी की जाती है।

आगामी 2 से 3 माह में मेडिकल कॉलेज में आईसीयू की सुविधा भी मरीजों को प्रदान की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मरीज के लिए प्रथम एक घण्टा अतिमहत्वपूर्ण है, इस पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। सरकार की मंशा के अनुरूप बेहतर इलाज की सुविधा प्रत्येक मरीज को मेडीकल कॉलेज में मिलनी चाहिए।प्रभारी मंत्री ने आईटीआई विद्युत स्टेशन का भी निरीक्षण करते हुए मौजूद अधीक्षण अभियंता पीके सिंह को निर्देश दिए कि जिले में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

जनसामान्य,जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायत, फोन पर अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रापर रेस्पॉस दिया जाए। प्रभारी मंत्री ने 120 लाख की लागत से आरईएस द्वारा निर्मित की गई वृहद गौसंरक्षण केन्द्र भदुआ का भी निरीक्षण किया गया। प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण में पाया कि गौसंरक्षण केन्द्र में 410 गौवंश संरक्षित हैं, जिनकी देखभाल हेतु 08 केयरटेकर तैनात है। गौवंशो के लिए हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता हेतु 15 बीघा भूमि पर नैपियर घास उगाई गई है, भूषे की पर्याप्त उपलब्धता गौशाला में पाई गई है। प्रभारी मंत्री द्वारा निरीक्षण के दौरान विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिंह लोधी, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, प्राचार्य मेडीकल कॉलेज डा0 रजनी पटेल, सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एएसपी राज कुमार, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, सीवीओ एके सिंह, बीएसए दिनेश कुमार, एसई विद्युत पीके सिंह, डीसी मनरेगा प्रभुदयाल, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, ब्लाक प्रमुख मारहरा रवी वर्मा, ब्लाक प्रमुख शीतलपुर पुष्पेन्द्र कुमार लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अन्य संबंधित अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत छात्र - छात्राओं ने निकाली जन जागरूकता रैली



▸ लोगों को किया साफ सफाई के प्रति जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** पी.एम.श्री. कंपोजिट विद्यालय अलीगंज में छात्र-छात्राओं ने बुधवार को विद्यालय परिसर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जिसमें विद्यालय के अध्यापक भी सम्मिलित रहे। शासन के निर्देशन पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत पी.एम.श्री. कंपोजिट विद्यालय अलीगंज के छात्र-छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकाल कर स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ कायाकल्प प्रभारी सत्य प्रताप द्वारा किया गया। इस दौरान रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर अलीगंज कस्बे के मोहल्ला राधा कृष्ण, मैन बाजार, मोहल्ला गुलाम हुसैन, सुमेर चंद होते हुए विद्यालय में आकर संपन्न हुई।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उषा चौहान नें बताया कि अभियान के तहत विद्यालय के बच्चो के माध्यम से घर-घर जाकर बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया गया।जिससे संचारी रोगों से लोगों को ग्रसित होने से बचाया जा सके साथ ही इस दौरान सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, और बताया कि गंदे पानी को इकट्ठा न होने दे, इसकी जानकारी भी छात्रों ने स्थानीय लोगों को रैली के माध्यम से दी। संचारी रोगों के प्रसार को रोकने का सबसे अच्छा तरीका प्रसार की श्रृंखला को तोड़ना है। संचारी रोगों का सबसे आम वाहक घरेलू मक्खी है।

# मूत्र में आटा गूथ कर रोटी बनाने वाली मेड अब पुलिस के शिकंजे में

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसायटी में नौकरानी रीना द्वारा आटे में मूत्र से आटा गुंथ कर रोटियां बनाने का सनसनीके मामला प्रकाश में आया है। इस खबर से उसे समिति के अलावा गाजियाबाद की आम जनता भी हतप्रभ है । संबंधित पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपी काम वाली महिला रीना को गिरफ्तार किया गया। मामले में जांच और आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार एक घरेलू सहायिका की करतूत ने सभी को हैरान कर दिया है। इस पर क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि वह आटा गूंथने के लिए पानी की जगह मूत्र का इस्तेमाल करती थी। इस मामले को लेकर जब महिला ने पुलिस ने मामला दर्ज करवाया तो इस पर कार्रवाई करते हुए क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने ने आरोपी घरेलू सहायिका को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की पहचान रीना के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि घरेलू सहायिका रीना आठ साल से उनके यहां खाना बना रही है। 14 अक्तूबर को उन्होंने कैमरे की रिकॉर्डिंग में देखा कि रीना रसोई के बर्तन में मूत्र कर रही है। इसके बाद उसने उसी से रोटियां बनाईं। परिवार लीवर की बीमारी से ग्रस्त हैं द्यउनका कहना है कि कई महीनों से उनका परिवार लीवर की बीमारी से ग्रसित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि काफी समय से रीना ऐसा काम कर रही है। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपी काम वाली महिला रीना को गिरफ्तार किया गया। मामले में जांच और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा,आधा दर्जन मासूम बच्चे हुए घायल



▸ तीन की हालात गंभीर ,हायर सेंटर किया गया रैफर

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** जैथरा थाना क्षेत्र के नगला रामराय के समीप आज प्रातः करीब 8~00 बजे आधा दर्जन स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलट गया।ऑटो पलटते ही चीख पुकार मच गई राहगीरों ने ऑटो में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायल स्कूली बच्चों को जैथरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है ।प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल तीन बच्चों को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि सभी घायल बच्चे जैथरा स्थित ज्ञानदीप विद्यालय के हैं।आज प्रातः सभी बच्चे ऑटो में सवार होकर विद्यालय जा रहे थे तभी अचानक कुत्ता ऑटो के आगे कुत्ता आ गया और ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।घटना के बाद चीख पुकार मच गई ।स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है।बताया जा रहा है कि बच्चों से भरा ऑटो जैसे ही नगला रामराय के समीप पहुंचा।

## जेएमएसआईटी ने कराया मोटिवेशनल व लाइफ स्किल सेमिनार

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद ।** जेएमएसआईटी अपने छात्र-छात्राओं के चहुमुखी विकास व विश्व स्तरीय गुणवत्ता निर्माण के लिए कृत संकल्प है, और इसके लिए सदैव प्रयास करता रहता है। इसी श्रृंखला में संस्थान के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशन और लाइफ स्किल से संबंधित एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन कराया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर निधि मलिक (प्रिंसिपल जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़) रही।संस्थान के ऑडिटोरियम में सर्वप्रथम डॉ निधि मलिक व कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने वक्तव्य में डॉक्टर निधि मलिक ने छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए आत्म अवलंबन का महत्व, प्रकृति व जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता, आत्म अनुशासन से विश्व स्तरीय गुणों के निर्माण, पारिवारिक संबंधों का पोषण, समय का सदुपयोग, अपने स्वास्थ्य की रक्षा आदि विषयों पर महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया। छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव और विचार उत्साह पूर्वक व्यक्त किए। इस प्रकार द्विपक्षीय वार्ता के सुंदर माहौल में विद्यार्थीयों ने अपने सीखने के अनुभव का खूब आनंद लिया तथा डॉक्टर निधि मलिक को पुनः आगमन और ऐसे सेमिनार में मार्गदर्शन करने का निवेदन भी अनेक छात्र-छात्राओं ने किया।

अपने क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा ऐसे कार्यक्रम छात्र छात्राओं की सजगता व स्वस्थ आदतों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज



लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** दिल्ली में रहने वाले युवक द्वारा साहिबाबाद थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनकी सहेली के माध्यम से उनकी दोस्ती दिल्ली के सीलमपुर निवासी आमिर सैफी से एक वर्ष पूर्व हुई थी। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी का प्रस्ताव रखा तो आमिर सैफी ने शादी से इन्कार कर दिया। मामले की जानकारी होने पर आमिर के भाई नौशाद ने दोनों के साथ मारपीट की। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को साहिबाबाद थाने पर पीड़िता ने शिकायत दी। शिकायत के आधार पर आमिर सैफी और नौशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों की तलाश की जा रही है

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' के समापन कार्यक्रम में लोगों को दी यातायात नियमों की जानकारी

▸ यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में डीपीएस स्कूल में लोगों को दी यातायात नियमों की जानकारी, शासन की मंशानुरूप चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन समारोह शिकोहाबाद रोड पर स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल, में आयोजित हुआ।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों के पालन करनें से दुर्घटनाओं को कम व रोका जा सकता है।

यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करने तथा छोटी-मोटी सावधानियां बरतने से हम स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर होने वाली अधिकतर दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने से होती है।

इन्हें रोकने के लिए वाहन चलाते समय प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा निमयों का पालन करना होगा।

तेज गति से वाहन न चलाएं, किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें।

समाज में नई चेतना और जागृति पैदा करने में स्कूली बच्चे काफी कारगर साबित हो सकते हैं। ये अपने घर परिवार के लोगों के साथ आस-पड़ोस तथा नाते-रिश्तेदारों को भी सही राह दिखा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की वे अपने घरों में लोगों को बाइक चलाने में हेलमेट का उपयोग करने तथा दो से अधिक की सवारी नहीं करने की बात बतायें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने वालों लोगों को प्रमाण पत्र व मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट होमगार्ड्स विनोद कुमार शाक्य, एआरटीओ सतेंद्र कुमार, प्रभारी यातायात अनिल कुमार वर्मा आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बिना कागजातों के चल रहे आठ ओयो होटल को पुलिस ने किया सील




लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** पुलिस ने क्षेत्र में बिना कागजातों के चल रहे आठ ओयो होटलों पर मंगलवार दोपहर कार्रवाई करते हुए सील कर दिया। एसीपी साहिबाबाद ने पूर्व में इन होटलों में चेकिंग की गई थी, तब इनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। वैध प्रपत्रों के बगैर संचालित ओयो होटलों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने सिटी मजिस्ट्रेट को पत्र लिखा था। एसीपी ने बताया कि सराय एक्ट 1867 के तहत बगैर पंजीकरण चल रहे ओम पैलेस होटल जीटी रोड सर्विस लाइन पीएनबी के पास, ब्लू मून होटल, एम4यू सिनेमा राजेंद्रनगर, देव इन होटल इंडियन ओवरसीज बैंक के ऊपर, ऑर्चिड होटल मदर डेयरी के पास, रॉयल ब्लू होटल मदर डेयरी के पास, सनशाइन होटल बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर, कंफर्ट इन होटल इंडियन ओवरसीज बैंक के ऊपर, सनशाइन होटल जीटी रोड पर राम कृष्ण विहार कॉलोनी को सील किया गया है। एसीपी ने बताया कि अभी और ओयो होटलों की भी जांच की जानी है। अभियान चलाकर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षाविद हुए सम्मानित

▸ एन आइ सी एस द्वारा आयोजित कैरियर एक्सपर्ट मीट एवं प्रशंसा पत्र वितरण समारोह संपन्न ।

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद ।** राष्ट्रीय कैरियर सेवा के मॉडल कैरियर सेंटर में कैरीयर एक्सपर्ट मीट एवं प्रशंसा पत्र वितरण समारोह÷ का आयोजन किया गया, जिसमें एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एन. के. शर्मा और एक्टिविटीज हेड प्रो रंजना शर्मा को ÷नए और उभरते जॉब रोल्स÷ पर वेबिनार देने के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इस वेबिनार में एचआरआईटी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल और प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल के समर्थन से विश्वविद्यालय की भागीदारी सुनिश्चित हुई। हृद्धष्ट्स की निदेशक सुश्री लता गौतम की पहल पर यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें श्री अजय गौतम और उनकी टीम ने आयोजन का कुशल समन्वय किया।

एन आइ सी एस रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है और एचआरआईटी विश्वविद्यालय अपने छात्रों की रोजगार योग्यता को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एचआरआईटी विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अतुल भूषण का विशेष आभार

यह कार्यक्रम छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## न्याय पंचायत स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



▸ 200 बच्चों ने प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/अलीगंज।** अलीगंज एटा न्याय पंचायत स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों न्याय पंचायत से 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें कई तरीकों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम मे आसपुर एवं कवार न्याय पंचायत प्रतियोगिता मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 25 बेसिक आयोजित कि गई। प्रतियोगिता में दोनों न्याय पंचायत से 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, गोला फेक, चक्का फेंक, कबड्डी, खो-खो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खंड शिक्षाधिकारी सकीट थान सिंह द्वारा प्रतियोगिता के समापन पर बच्चों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रधानाध्यापिका अनुपम द्विवेदी, व्यायाम शिक्षक भरत वीर वर्मा, राजीव यादव, मनीष दुबे, पुष्पेंद्र, मोनिका, संतराम, अजीत, शशिकांत, एवं नोडल शिक्षक आसपुर सोमेश कुमार, माजिद अली, विवेक यादव यादव अंकित यादव गीता सार के अनुपम दुबे धर्मेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीराम के राज्य अभिषेक के बाद श्रीरामलीला महोत्सव का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो




**अलीगंज/एटा।** श्रीराम के राज्य अभिषेक के बाद श्रीरामलीला महोत्सव का हुआ समापन। प्रबन्ध समिति अध्यक्ष के द्वारा समापन की घोषणा की गई। नगर में 17 दिन तक चले श्रीरामलीला महोत्सव का समापन भगवान श्रीराम के राज्य अभिषेक के बाद सम्पन्न हुआ। गुरू वशिष्ठ ने श्रीराम को तिलक कर अयोध्या का राजा बनाया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निर्दोष सिंह सेंगर ने भगवान श्रीराम को तिलक कर आशीर्वाद लिया। मध्य प्रदेश के जिला सागर से आये कलाकारों के द्वारा 17 दिन तक किये गये मंचन की प्रबन्ध समिति द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। श्री रामलीला महोत्सव के समापन समारोह के समापन के समय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा नगर में परंपरागत श्री रामलीला का आयोजन प्रबंध समिति के द्वारा कराया गया इसके लिए पूरी प्रबंध समिति तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र है ।

श्री रामलीला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार स्वर्णकार ने कहा नगर के लोगों का विशेष हमेशा मिलता रहा है जिसके कारण हर वर्ष श्री रामलीला महोत्सव होता चला आ रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार आर्य ने कहा विधायक सतपाल सिंह राठौड़ का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने बरसों पुरानी रामलीला कमेटी की मांग को शासन से पूरा कराया उनके अथक प्रयास से रामलीला मैदान की चार दीवारी का काम शुरू हो चुका है। जिससे क्षेत्र को लोगों को राम लीला मैदान का लाभ मिलेगा और मैदान पर हो रहे अवैध कब्जे से भी छुटकारा मिल जाएगा। इस अवसर सोनू दीक्षित ,अरुण कुमार दलपत, जयप्रकाश वर्मा संतोष श्रीवास्तव, राजेशचन्द्र जैन, रितिक जैन, बिल्लू गोड आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त खबरें

## असुरों के संहार का पर्व है विजय दशमी ;आचार्य विमलेश बंसल



**नोएडा(देव मणि शुक्ल )** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में ÷विजय दशमी की सार्थकता विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 675 वाँ वेबिनार था।

वैदिक विदुषी आचार्या विमलेश बंसल दर्शनाचार्य ने कहा कि विजया दशमी पर्व वीरों का अर्थात् क्षत्रियों का पर्व है।जिसे क्षत्रिय अपनी आन,बान और शान का प्रदर्शन कर राष्ट्र की संस्कृति,संतति और संपत्ति को सुरक्षित करने हेतु मनाते हैं। यह अन्याय पर न्याय का,असत्य पर सत्य का,अधर्म पर धर्म का, अज्ञान पर ज्ञान की विजय का पर्व है।यह दशमी तिथि में मनाया जाने के कारण विजय दशमी नाम से कहा जाता है।रावण, कुंभकर्ण,मेघनाद जैसे क्रूर असुरों का संहार कर राष्ट्र के सज्जन लोगों की विजय कराना ही विजयादशमी का एक मात्र उद्देश्य है।धार्मिक शक्ति भले ही निर्धन हो यदि संगठित और जागृत है तो भी उस धनवान, अधार्मिक,अन्यायी शक्ति संपन्न के ऊपर विजय प्राप्त कर सकती है।आज चारों तरफ अन्तः और बाह्य दोनों प्रकार के शत्रु असुर खुले आम घूमते नजर आ रहे हैं। आवश्यकता है आर्ष वैदिक शास्त्र और शस्त्र द्वारा हिंसक शक्तियों पर रोक लगे तथा सज्जन शक्तियों में वृद्धि हो।

इस बात को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देना विजयादशमी का मुख्य लक्ष्य है। मुख्य अतिथि विमला आहूजा व अध्यक्ष कुसुम भंडारी ने भी अपने विचार रखे।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया।प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका प्रवीना ठक्कर, रविन्द्र गुप्ता, सुधीर बंसल, जनक अरोड़ा, कौशल्या अरोड़ा, रजनी गर्ग, अनिता रेलन,ललिता धवन, गीता शर्मा आदि के भजन हुए।

## शराब के पैसे देने से मना करने पर दंपत्ति को पीटा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के भीम नगर में मंगलवार शाम एक दंपत्ति के साथ हिस्ट्रीशीटर के परिजनों ने जम कर मारपीट कर दी। पीड़ित राहुल दीक्षित ने बताया की जेल में हत्या के आरोप में बंद हिस्ट्रीशीटर काले खा के भाई और भतीजे ने उससे शराब के पैसे मांगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने उसे लाठियों से पीटा। बीच बचाव करने आई राहुल की पत्नी आकांक्षा को भी चोटें आईं। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## तार पर कपड़े फैला रहा सिपाही को लगा करंट, मौत



**औरास उन्नाव।** मौत के बाद थाना परिसर में शोक की लहर परिजनों को सूचना दी गई सीओ समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। औरास थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी नहाने के बाद तार पर कपड़ा फैला रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग जाने से गंभीर रूप से झुलस गया। बैरिक में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी उसे आनन फानन उपचार के लिए सीएचसी औरास ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही साथी पुलिसकर्मियों में रो-रो कर बेहाल है। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ ने जांच पड़ताल करने के साथ ही सूचना आरक्षी के परिजनों को दी। पुलिस ने आरक्षी के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गए जहां परिजन पहुंच रहे हैं। जनपद आगरा के थाना खंदौली ग्राम मल्लपुर निवासी हरेंद्र सिंह (45) पुत्र हरिप्रसाद सिंह उन्नाव के औरास थाने में आरक्षी पद पर तैनात था। बुधवार की सुबह वह हर रोज की तरह नहाने के बाद थाना परिसर में बनी पुलिस बैरिक में तार पर कपड़े फैला रहा था इसी दौरान एलटी लाइन का करंट तार में आ गया और वह उसी में चिपक कर झुलस गया। यह देख बैरिक मौजूद थाने पुलिसकर्मी उसे आनन फानन वाहन की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। इंस्पेक्टर अश्वनी मिश्रा, बांगरमऊ सीओ अरविंद चौरसिया ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली और सूचना मृतक सिपाही के परिजनों को दी है। हरेंद्र फौजी की नौकरी करने के बाद रिटायर हुआ उसके बाद 2019 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुआ। उन्नाव में पहली पोस्टिंग थाना अचलगंज में दूसरी पोस्टिंग थाना बीघापुर और वर्तमान समय में थाना औरास में तैनात था पुलिस ने आरक्षी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जहां मृतक के परिजन पहुंच रहे।

## प्रशासन ने अंडरपास के नीचे लगी दुकानों को हटवाया



**पाटन,उन्नाव ।** कस्बा पाटन स्थित नेशनल हाईवे अण्डर पास पुल के नीचे सर्विस लेन के किनारे लगी अवैध दुकानों को तहसील प्रशासन ने मौके पर जा कर हटवाया । अवैध दुकाने लगने से अक्सर लोगों को जाम से जूझना पडता था । तहसील मुख्यालय पाटन कस्बे मे नेशनल हाइवे पुल के नीचे सर्विस लेन पर लगभग दो दर्जन से अधिक दुकानदारों ने अवैध कब्जा कर दूकान खोल रखा था । रास्ते पर दूकाने लगने के कारण अक्सर लोगों जाम की समस्या से जूझना पड़ता है । ग्रामीणों ने जाम की समस्या से निजात पाने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस मे शिकायत कर दुकाने हटवाए जाने की मांग की थी । बुधवार को तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ अंडरपास के नीचे व सर्विस रोड के किनारे लगी दर्जनों दुकानों को हटवा दिया । और हिदायत कि यदि दुबार दुकाने लगी मिली तो सख्त कार्यवाई की जाएगी । तहसील प्रशासन के पहुंचने ही दुकानदारों मे अफरा तफरी मच गई । तहसीलदार ने पुलिस को भी हिदायत दिया कि अब दुबारा सड़क के किनारे अवैध दुकाने न लगने पाए ।

## मंडलायुक्त ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

**उरई/जालौन।** मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय छोंक में एकेडमिक ब्लॉक एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि एकेडमिक ब्लॉक में 04 रूम, 03 लैब, 01 एनसीसी रूम है साथ ही 100 शीटेड बालिका छात्रावास भवन में भूतल प्रथम तल में 26 कमरे, किचन, वार्डन रूम, मेडिकल चेकअप रूम, विजिटर रूम, गार्ड रूम, जनरेटर रूम एवं डाईनिंग हॉल है जिसका कार्य शत प्रतिशत पूर्ण है। मंडलायुक्त के निरीक्षण में निर्माणाधीन भवन में पड़े भीम व लेंटर टेढ़ा-मेढ़ा होने के साथ ही फिनिशिंग, सफाई कार्य सही ढंग से न किये जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य मे तत्काल सुधार किये जाने के निर्देश दिये।

# पराली को जलाएं नहीं, करें इसका बेह्तर उपयोग : सीडीओ

- कंपोस्ट खाद बनाएं, पैदावार के साथ उर्वरा शक्ति में होगा इजाफा
- सीडीओ ने किसानों को पराली न जलाने का दिलाया संकल्प

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखीमपुर-खीरी।** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश से बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में ÷किसान दिवस÷ का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। सीडीओ ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए मौजूद किसानों को पराली ना जलाए जाने का संकल्प दिलाया।

सीडीओ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। शासन पराली जलाने की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। कई किसान भाई जानकारी के अभाव में फसल अवशेष जैसे धान की पराली, गन्ने की पत्ती आदि जला देते है, इससे फसल अवशेषों को जलाने से वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ने के साथ अन्य कई प्रकार की हानियां हो रही है। उन्होंने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं।

उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया। किसानों की भूमि की उर्वराशक्ति और पराली जलाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। पराली जलाने पर कार्यवाही का प्रावधान भी है। उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवम तकनीकी जानकारी भी किसानों को दी गयी।

जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि जिले के सभी राजकीय बीज भंडारों पर दलहनी फसलों जैसे ÷ चना, मटर, मसूर, तिलहनी फसल राई/सरसों के अनुदानित बीज उपलब्ध हैं। जिले में यूरिया, फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को सलाह दी कि किसान भाई, तिलहनों की फसल में सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके 20÷20÷3÷13 का प्रयोग करें। इससे सल्फर की पूर्ति होगी और उत्पादन भी बढ़ेगा। इसी प्रकार दलहनी फसलों में सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके 20÷20÷3÷13 या एनपीके 12÷32÷16 का प्रयोग करे।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक डा. पीके बिसेन, उद्यान, गन्ना, रेशम, कृषि रक्षा, नलकूप लघु सिंचाई, सहकारिता से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहें।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसल कटाई के बाद खेत में बचे अवशेष (पराली) को जलाने से न सिर्फ जमीन की उर्वरा शक्ति घटती है बल्कि वातावरण पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। अवशेष को जलाने के बजाय इसका इस्तेमाल जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में किया जा सकता है। इसके दोहरे फायदे हैं, एक तो पर्यावरण की रक्षा होगी साथ ही उपज बढ़ने से किसान की आय में भी इजाफा होगा।

सीडीओ ने किसानों से अपील की पराली-फसल अवशेषों को जलाए नहीं, बल्कि उसे इन सीटू यन्त्रों (मल्चर, रोटावेटर, रिवर्सेबल एम.वी. प्लाऊ) आदि से जुताई कर खेतों में मिलाकर कम्पोस्ट खाद बनाएं, इससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। फसल का उत्पादन भी बढ़ेगा। किसानों को सुझाव दिया कि खेती के साथ-साथ फसल अवशेष व पराली प्रबन्धन में वैज्ञानिक विधि व अत्याधुनिक कृषि यन्त्रों का प्रयोग कर अपनी आय में इज़ाफे के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में सहयोग कर पृथ्वी के वातावरण को जीवन योग्य बनाए रखने में मदद करें।

## नौनिहालों के सिर पर छत का संकट- खुला आसमान ही बना कक्षा

**सफीपुर, उन्नाव।** जहाँ एक ओर सरकारें बच्चों को उच्च शिक्षा एवं सुविधाएं देने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर विकास खंड क्षेत्र के अतहा गांव की शिक्षा व्यवस्था का हाल बेहद चिंताजनक है। यहां के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले नौनिहालों को पिछले कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से महरूम रहना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि बच्चों को पढ़ने के लिए सुरक्षित छत तक मयस्सर नहीं हो सकी है। खुले आसमान के नीचे, कड़ी धूप और बारिश की मार झेलते हुए, बच्चे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। यह समस्या एक-दो दिन पुरानी नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही है। बताया जाता है कि विद्यालय की छत कई सालों से कमजोर हो चुकी थी और पिछले साल बारिश के दौरान यह पूरी तरह से गिर गई। छत के प्लास्टर के गिरने के बाद स्कूल भवन को असुरक्षित घोषित कर दिया गया था। लेकिन इस घटना के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## देहात में फूड प्वाइजनिंग से बच्ची की मौत, सात भर्ती लोंगों की हालत नाजुक

- बैंगन की बासी सब्जी खाने की वजह से हुई फूड प्वाइजनिंग

**सुनील बाजपेई**



**कानपुर।** यहां दिया क्षेत्र में फूड प्वाइजनिंगने एक बच्ची की जान ले ली जबकि 7 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलपुर थाने के गांव लौवापुरवा में फूड प्वाइजनिंग की यह घटना बैगन की बासी सब्जी खाने की वजह से हुई। इसकी वजह से एक परिवार के आठ लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। इनमें सात साल की बच्ची की मौत हो गई। दंपति समेत सात लोगों की हालत गंभीर है। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

घटना के बारे में पुलिस से प्राप्त विवरण के मुताबिक लौवा की मडैया मंगलपुर के सुनील के घर भरे हुए बैगन की सब्जी बनी थी। अगले दिन दोपहर में बची हुई बासी सब्जी खाने के बाद सुनील, उसकी पत्नी पूजा, भाई राकेश व कुलदीप के अलावा सुनील की सात साल की पुत्री साक्षी, आठ साल की खुशी, पांच साल की श्रद्धा, दस साल के पुत्र दीपचंद्र उल्टी-दस्त शुरू हो गई। गांव में ही उपचार के दौरान साक्षी की मौत हो गई। इसके बाद परिजन दंपति समेत सात लोगों को सीएचसी झींझक में भर्ती कराया गया ,जहां उनकी हालत अभी भी खतरे से बाहर नहीं बताई गई है।

# सुनिए मेरी बात..! पत्रकारिता करना, हमारे हिसाब से करिये...

- फिर क्या बोले महाशय......सिस्टम में रहिये.. तुमने क्यों डाला, तत्काल खबर डिलीट करो वरना तुमको डिलीट कर दूंगा...

**लोकमित्र ब्यूरो**





**लखीमपुर-खीरी।** जनपद में अवैध खनन माफिया द्वारा खुले आम गुंडा गर्दी चलने पर भी प्रशासन मौन सादे हुए हैं, आखिर यह लोग किसकी सह पर देश के चौथे स्तंभ को दबाने का प्रयास करते हैं,आखिर इसका जिम्मेदार कौन, जहाँ एक ओर सरकार देश के चौथे स्तंभ पर अभद्रता करने वालों पर सजा व जुर्माने की बात करती है वही दूसरी ओर जनपद खीरी में आये दिन अवैध खनन माफिया के गुर्गों द्वारा पत्रकारो के साथ बदसलूकी की जा रही हैं। जिसकी शिकायतों के बाद भी कार्यवाही शून्य है,जिससे साफ है कि देश के चौथे स्तंभ को दबाया जा रहा है, ताकि गैर कानूनी कार्य करने वाले आसानी से गैर कानूनी प्रक्रिया को अंजाम देते हुए देश के संविधान व कानून से खिलवाड़ करते रहे। खीरी के बहुचर्चित थप्पड़ काण्ड के बाद से समर्थक जामे से बाहर है।

खनन माफिया बताया जाने वाला इन्द्रेश वर्मा का एक आडियो वाइरल हो रहा है जिसमे वह अपना आपा खोते हुए पत्रकार रवि पाण्डेय को धमकाते सुना जा सकता है खबर डिलीट न करने पर अभद्रता करते हुए पत्रकार को ही डिलीट करने की बात करता है हालांकि खनन माफिया मीडियाकर्मी को धमकाने पर ही नहीं माना उसने एक महिला को ठकुराइन शब्द का प्रयोग करते हुए गाली से नवाजा है। पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित राम शंकर पाण्डेय उर्फ रवि पुत्र राम खेलावन पाण्डेय निवासी मोहल्ला गोविन्द नगर सलेमपुर कोन जेल चौकी कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी का मूल निवासी है।पीड़ित काफी सालों से पत्रकारिता करता आ रहा है पीड़ित पत्रकार अपना व्हाटसप ग्रुप बना रखा है जिस पर ख़बरें व अपडेट डालता है। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जनपद लखीमपुर आगमन की खबर डाली जिस खबर को देख कर इन्द्रेश वर्मा निवासी लालपुर कोतवाली सदर जिला खीरी जो अवैध खनन करता बताया जाता है,।

## पीड़ित ने ख़मरिया पुलिस को दी तहरीर

- दबंगों ने किसान की दो बीघा केले की फसल के साथ 65 सेमल व दो आम के पौधों को काटकर किया नष्ट

**लोकमित्र ब्यूरो**



**खमरिया-खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत महरिया के मजरा डलई पुरवा निवासी एक किसान के खेत में खड़ी दो बीघा केले की फसल व खेत में लगे 65 सेमल के पेड़ों के साथ दो आम के पेड़ों को काटकर दबंगों ने नष्ट कर दिया। पीड़ित ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरिया के मजरा डलई पुरवा निवासी तुलसीराम पुत्र कल्लू राम ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते 15 अक्टूबर को गांव के ही पृथ्वी पाल पुत्र कल्लू, कमलेश कुमार पुत्र कल्लू व छोटू पुत्र पृथ्वी पाल ने दो बीघा खेत में लगे केले के पौधों को काट दिया और खेत में लगे 65 सेमल के पेड़ों के साथ दो आम के पेंड़ भी काट कर नष्ट कर दिए। पीड़ित ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर उक्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## हार्दिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती

**लोकमित्र,श्रीकान्त सिंह शाक्य**

**लखीमपुर-खीरी।** सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती हार्दिक श्रद्धा एवं उल्लास से युक्त वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि के रूप में पधारे विद्यालय की छात्रा बहनों के अभिभावकगण शिवम वाल्मीकि एवं शालिग्राम वाल्मीकि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की वन्दना द्वारा हुआ। तत्पश्चात अतिथिगणों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की प्रेरक अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने की। इस अवसर पर मुख्य विषय का प्रतिपादन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दीक्षित ने कहा कि भगवान राम एवं महर्षि वाल्मीकि के मध्य परस्पर सहयोग, समन्वय, सद्भावना का ताना-बाना कभी टूटने या बिखरने न पाए, यही उनके प्रति वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकात्मता यही हमारे उपर्युक्त महापुरुषों का स्वप्न एवं संकल्प था। विद्यालय की रिंकी पाण्डेय ने छात्राओं को महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया।



### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य/आचार्याओं के मध्य महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित एक लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान - रश्मि दीक्षित, विभा गुप्ता, रूचि तिवारी, पुस्तलयाध्यक्ष निधि शुक्ला, द्वितीय स्थान- आचार्या डा0 सीमा मिश्रा, शिवम शर्मा, राखी मिश्रा, तृतीय स्थान- निधि सिंह, प्रीती अग्रवाल, निधि शुक्ला, रेखा गुप्ता, अनुश्री अग्रवाल, शिवि गुप्ता, अनुराधा दुबे एवं कार्यालय सहायक दिलीप रस्तोगी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनुराधा दुबे द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## घरेलू कलह के चलते महिला ने पिया कीटनाशक दवा मौके पर हुई मौत

**सफीपुर, उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गौरीमऊ गांव में घरेलू कलह के चलते एक महिला ने कीटनाशक दवा पीकर अपनी जान दे दी। यह दुखद घटना तब घटी जब 30 वर्षीय लक्ष्मी पत्नी रामचंद्र की जहरीला पदार्थ निगल लिया।परिजनों ने लक्ष्मी को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया।इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ताकि मौत के कारणो की पुष्टि हो सके।लक्ष्मी के इस दुखद अंत ने दो मासूम बच्चे एक पुत्री और एक पुत्र को अपनी मां के साए से वंचित कर दिया है।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही यह साफ हो सकेगा कि लक्ष्मी को मौत का सही कारण क्या था।

## कम्बाइन हार्वेस्टर मालिकों से अपील बिना सुपर एसएमएस लगाये धान फसल की कटाई न करे




**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मेंउप कृषि निदेशक रोताश कुमार ने बताया है कि क्षेत्रीय कर्मचारियों (कृषि विभाग के कर्मचारी एवं लेखपाल) के द्वारा बुधवार को अवागढ़ क्षेत्र का धान फसल कटाई का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र में संचालित कम्बाइन हार्वेस्टरों का मौके पर निरीक्षण किया गया निरीक्षण में कम्बाइन हार्वेस्टरों में सुपर एस0एम0एस0 लगे पाये गये, सभी कम्बाइन हार्वेस्टर मालिकों से अपील की जाती है, कि वो बिना सुपर एस0एम0एस0 लगाये धान फसल की कटाई न करे, ऐसा पाये जाने पर कम्बाइन हार्वेस्टर को थाने में सुपुर्द कर दिया जायेगा। किसान भाईयों से अपील है, कि वो फसल अवशेषों को आग न लगाये सेटेलाइट द्वारा इसकी निगरानी की जा रही है। फसल अवशेषों में आग लगाने पर रू0 2500. 00 से 15000.00 तक का जुर्माना वसूला जायेगा।

## विज्ञान शिक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**उरई/जालौन।** डकोर विकासखंड के ब्लॉक संसाधन केंद्र मड़ोरा में ब्लॉक के विज्ञान शिक्षकों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला हुंडई मोटर्स इंडिया फाउंडेशन की सहयोगी संस्था अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन की ओर से आयोजित की गई। कार्यशाला में शिक्षकों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के अलग अलग मॉडल दिए गए। शिक्षकों ने मॉडल बनाए और उनका बेहतरी प्रदर्शन किया। बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक प्रशिक्षण विश्वनाथ दुबे ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और शिक्षकों के द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की। जिला समन्वयक विश्वनाथ दुबे ने कहा कि जिस तरह से यह शिक्षक आज यहां प्रशिक्षण पा रहे है और अब यह अपने अपने विद्यालयों में जाकर बच्चों को भी प्रशिक्षण के बारे में बताएंगे।

## अर्बन को ऑपरेटिव बैंक विवाद में 30-40 लोगों पर मुकदमा दर्ज

- अर्बन बैंक विवाद सुर्खियों में

**लोकमित्र,श्रीकान्त सिंह शाक्य**

**लखीमपुर-खीरी।** अर्बन् बैंक विवाद के सातवे दिन वरिष्ठ अधिवक्ता / अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पूर्व अध्यक्ष अर्बन बैंक पूर्व ब्लाक प्रमुख पुष्पा सिंह संग्राम सिंह नीरज सिंह व 40 अन्य पर विधायक लखीमपुर योगेश वर्मा की तहरीर पर बीती अर्धरात्रि के करीब कोतवाली लखीमपुर में एफआईआर दर्ज कर ली गयी। यह जानकारी इंस्पेक्टर अम्बर सिंह ने दी। मुकदमा संख्या 793 /24 में बीएनएस की धारा 189 2 अनधिकृत जमावड़ा 115 2 चोट पहुचाने की नीयत से हमला, 351 2 धमकी 362 बल पूर्वक हटाने का प्रयास, 131 हिंसा 304 1 आभूषण छीन कर भागना आदि 7 आपराधिक धाराएं है। इंस्पेक्टर कोतवाली लखीमपुर एचपी यादव विवेचक हैं।

9 अक्टूबर से 14 तक एफआईआर नही हुई।

विधायक योगेश वर्मा 37 विधायक लेकर लखनऊ में स्पीकर सतीश महाना से मिले। इसी दिन शाम सीएम से मिले। सीएम ने अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह, अनिल यादव, ज्योति शुक्ला को संगठन से बात करके बीजेपी से निकलवा दिया। एफआईआर के निर्देश भी दे दिए। 14 की रात लखनऊ से अखबार एफआईआर की पीडीएफ मांगने लगे । सीओ सिटी व कोतवाल ने रात में बताया कि एफ आईआर के निर्देश नही है। एसपी को काल की गई नही उठी। मीडिया को बताने में परहेज किया गया। आधी रात को एफआईआर हुई। यहाँ यह भी बताना है कि नए प्रावधानों में अब 14 दिन तहरीर की जांच पुलिस कर सकती है।इस लिए एफआईआर करने को बाध्य नही किया जा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

## भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने सपत्नीक किया रामलला का दर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या धाम।** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार बुधवार सुबह अपनी पत्नी के साथ अयोध्या में राम मंदिर पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अजार मंगलवार देर शाम ही अयोध्या पहुंच गए थे और बुधवार सुबह राम मंदिर का दौरा करने के बाद पड़ोसी जिले बस्ती में एक कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अजार के साथ मुलाकात की थी जिसमें उत्तर प्रदेश और इजराइल के बीच ''गहरे संबंधों'' पर चर्चा की गई।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार के साथ एक अत्यंत उपयोगी और सार्थक चर्चा हुई। यह बैठक आपसी हितों के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश और इजराइल के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।'' वहीं, इजराइली राजदूत अजार ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया और 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''योगी आदित्यनाथ जी, इजराइल के प्रति आपके समर्थन और आज के अतिथि का सत्कार के लिए सादर धन्यवाद। उत्तर प्रदेश को अधिक सुरक्षित और समृद्ध बनाने के आपके कार्यों के लिए बधाई। चर्चा किए गए मुद्दों पर कार्य करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानों पर हो रही कड़ी कार्यवाही - मानिक चंद

**अयोध्या।** दीपावली के त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग खाद्य पदार्थो में मिलावट करने वाले सभी प्रतिष्ठानों के मालिकों व कारीगरों पर लगातार शिकंजा कसने में जुटा हुआ है। इसके पहले नवरात्रि व दशहरा में पर्व को देखते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया था। जो लगातार जारी रहेगा। यह बातें सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन मानिक चंद ने बताई। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान लगभग 85 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा गया था। कुल 27 नमूनों को लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया हैं।वही जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों पर खराब फल, मेवे, मिठाइयां व अन्य खाद्य वस्तुएं मिली। जिसमे 6290 पदार्थो को नष्ट किया गया। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों के स्वामियों व दुकानदारों से अपील किया हैं। कि वे दीपावली पर्व पर मिलावटी पदार्थो की बिक्री कतई न करे। अगर कोई इसमें लिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आगे उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में यह अभियान ओर तेजी से चलाया जाएगा।

## अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत, पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम के लिए

**पूराबाजार- अयोध्या।** बुधवार को महाराजगंज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन बिल्हार घाट के पास दर्शन नगर आउटर पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। फरक्का एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक 46 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना बुधवार दोपहर करीब 1:00 बजे की है, जब फरक्का एक्सप्रेस बिल्हार घाट स्टेशन से आगे बढ़ रही थी। जैसे ही ट्रेन विद्युत पोल नंबर 946/35 के पास पहुंची, उसी समय महेंद्र प्रताप सिंह (पुत्र राजकरण सिंह) निवासी ग्राम पंचायत नारा, महाराजगंज, ट्रेन की चपेट में आ गए।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जीआरपी, आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस दुर्घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## हिंसक जानवर के हमले से दहशत में ग्रामीण

**बीकापुर -अयोध्या।** बीकापुर तहसील के हैदरगंज थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम को एक हिंसक जानवर के हमले में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। यह घटना बेला रामबाग, दामोदरपुर, रामपुर प्रताप, पचगांव, और डड़वा गांव में हुई। स्थानीय निवासी शोभावती, अनीता, गुड़िया, मेवा लाल यादव, और अन्य कई लोग इस हमले का शिकार हुए हैं। इसके अलावा, एक बकरी को भी घायल किया गया है।ग्रामीणों में इस जानवर के भेड़िया होने की आशंका है, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। वन विभाग ने विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाने की कोशिश की है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर हिंसक जानवर के पद चिन्ह और प्रमाण की खोज शुरू की है, लेकिन अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है बीकापुर के बन रेंजर एसपी सिंह ने बताया कि विभाग की टीम कांबिंग कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। गांव के चौकीदार भी लाठी लेकर गांव में घूमकर लोगों को सावधान कर रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक विद्यालयों में उपस्थिति भी कम हो गई है, और शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने की सलाह दी है।

## प्रदेश स्तरीय सीनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**अयोध्या।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि 17 से 24 अक्टूबर 2024 तक प्रदेश स्तरीय सीनियर फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन डा. भीमराव अंबेडकर अन्तर्राष्ट्रीय कीड़ा संकुल, डाभासेमर अयोध्या में किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 17 अक्टूबर को विधायक राम चन्द्र यादव द्वारा किया जाएगा और समापन 24 अक्टूबर को आयुक्त गौरव दयाल करेंगे।

## 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता

**अयोध्या ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 5 से 8 दिसंबर 2024 तक अंडर-17 आयु वर्ग के बालक/बालिकाओं की 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन डा. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी कीड़ा संस्थान, अयोध्या में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में लगभग 770 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस स्वास्थ्य शिविर

**बीकापुर- अयोध्या।** बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस के अवसर पर एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 29 गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। महिला चिकित्सक डॉ. विनय सिंह ने गर्भवती महिलाओं को एहतियात बरतने और संतुलित खानपान की सलाह दी। महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें भी की गई, और हाई रिस्क श्रेणी की चार महिलाओं को विशेष ध्यान दिया गया।

## तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता शिविर

**बीकापुर -अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कठपुतली नृत्य के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में बताया गया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, फेफड़ों, लीवर, और किडनी जैसी गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और उपस्थित लोगों को तंबाकू के सेवन से परहेज करने की सलाह दी।

# दीपोत्सव के लिए राम की पैड़ी से मार्किंग प्रक्रिया का श्रीगणेश

### 28 लाख दीयों को बिछाने से पहले दीपोत्सव के सभी आयोजन स्थलों पर मार्किंग प्रक्रिया शुरु

- योगी सरकार के नेतृत्व में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा आठवां दीपोत्सव समारोह



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या में शुरू हुआ दीपोत्सव अब आठवीं बार कीर्तिमान बनाने को तैयार है। प्रशासन ने कमर कस ली है और काउंडाउन भी शुरू हो गया है। अब बस इंतजार है 30 अक्टूबर को होने वाले मुख्य आयोजन का। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की तरफ से दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए दो दर्जन से अधिक कर्मियों के साथ राम की पैड़ी के घाटों पर मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार को पूर्वाह्न कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव मोहम्मद सहील ने दूसरी बार मार्किंग की कमान सम्भाली। उन्होंने माइक्रोबायोलाजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रंजन सिंह व कर्मियों के साथ दीपोत्सव के दिन 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित किए जाने को लेकर 28 लाख दीए सजाने के लिए घाटों पर मार्किंग का कार्य कराया। उप कुलसचिव सहील ने बताया कि एक सप्ताह में घाटों पर मार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशन तथा कुलपति के कुशल प्रबंधन में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव और भव्य होगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इण्टर कालेज व एनसीओ के स्वयंसेवक पुनः पिछड़ा रिकार्ड तोड़कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में रामनगरी अयोध्या का नाम फिर से दर्ज कराने के लिए कमान संभाल चुके हैं।

### स्वयंसेवकों को क्यूआर कोड से सुसज्जित आईकार्ड दिया जायेगा

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि एक सप्ताह में राम की पैड़ी के 55 घाटों पर मार्किंग कार्य पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर तक स्वयंसेवकों के आई कार्ड देर शाम से वितरित होना शुरू हो जायेगा। राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित करने व 28 लाख दीए बिछाने के लिए 30 हजार स्वयंसेवकों को क्यूआर कोड से सुसज्जित आईकार्ड दिया जायेगा। इस आई कार्ड को फुलप्रूफ बनाने के लिए कई फीचर्स भी शामिल किए गए हैं। इससे स्वयंसेवकों के आईकार्ड में डुप्लीकेसी नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस क्यूआर कोड से लैस आईकार्ड में स्वयंसेवकों का नाम, फोटो, मोबाइल नम्बर, तैनाती स्थल एवं क्रमांक अंकित रहेगा। इसके अतिरिक्त आईकार्ड में जिला प्रशासन के प्राधिकृत अधिकारी, दीपोत्सव नोडल अधिकारी के साथ प्राधिकृत संस्था या इकाई के हस्ताक्षर रहेंगे।

### राम और धर्मपथ भी होगा जगमग


दीपोत्सव में अयोध्या के धर्मपथ और रामपथ को भी जगमग किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ के ताज रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी को लाइटिंग की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। राम कथा पार्क के पास इलेक्ट्रीशियन कैम्प लगा कर लाइटों को तैयार करने का कार्य कर रहे हैं। रामपथ और धर्मपथ के साथ लगभग 2 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में भव्य लाइटिंग की व्यवस्था के लिए तैयारी की जा रही है। डेकोरेटिव वॉल, इलेक्ट्रिक गेट और आर्टिफिशियल इलेक्ट्रिक लाइटों से पिलर को तैयार किया जा रहा है। 25 अक्टूबर तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### दीपोत्सव पर 18 झांकियां निकलेंगी

पर्यटन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि दीपोत्सव में विभिन्न प्रकार की झांकियां का भी आयोजन किया जाएगा। सूचना और पर्यटन विभाग के द्वारा झांकियों को तैयार करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

30 अक्टूबर को साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं, जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएंगी।

# आबकारी विभाग ने कसा शिकंजा, अवैध शराब बिक्री पर किया बड़ा प्रहार



- आबकारी विभाग ने 10 दिन में 1300 लीटर अवैध मदिरा की बरामद
- 269 जगहों पर की गई ताबड़तोड़ छापेमारी, 10 दिन तक चला व्यापक अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** इसे सरकार की सख्ती ही कहेंगे कि जिले में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बिक्री के नेक्सस पर करारा प्रहार किया है। महज दस दिन में 269 जगहों पर छापेमारी करते हुए 1301 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। चोरी छिपे अवैध शराब बेचने वाले 36 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। शासन की ओर से जारी आदेश के बाद जिले में अवैध रूप से बिक रही शराब को लेकर आबकारी विभाग का अभियान तेज हो गया है। इसके लिए गठित विशेष प्रवर्तन दल द्वारा जिले भर में व्यापक पैमाने पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में, 4 से 13 अक्टूबर तक हुई दस दिन की छापेमारी में विभाग को बड़ी सफलता हासिल हुई है। दरअसल, हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्वों को देखते हुए सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था और उनके इसी निर्देश को आबकारी विभाग ने अमलीजामा पहनाया।

### आठ लोगों को गिरफ्तार भी किया

आबकारी विभाग द्वारा गठित विशेष प्रवर्तन दल द्वारा जिले की विभिन्न तहसीलों में दस दिन के दौरान 269 छापे मारे गए। इन छापों में 1301 बल्क लीटर अवैध शराब की बरामदगी करते हुए 36 अभियोग दर्ज किए गए। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में करीब 1030 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट करते हुए आठ लोगों को अवैध शराब मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### शासन से निर्देश मिलते ही शुरू की कार्रवाई

आबकारी विभाग के अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया जिले के पांचों अपराध निरोधक क्षेत्रों में हुई छापेमारी में सभी क्षेत्रों के आबकारी निरीक्षक शामिल रहे। आबकारी विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार शासन से निर्देश मिलने के बाद सभी क्षेत्रों में विशेष प्रवर्तन दल द्वारा छापेमारी की जा रही है।

# इंदिरा गांधी राष्ट्र माता, देश के लिए दी प्राणों आहुति- अभिनाश पाण्डेय

### संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश



लोकमित्र ब्यूरो

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी ने मिल्कीपुर पेट्रोल पंप तिराहे पर संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह रहे।

उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरा देश स्व- इंदिरा गांधी को अपने मां के रूप में स्वीकारता है, उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उन्हें हम राष्ट्रमाता से भी बढ़ कर मानते हैं। उन्होंने कहा कि जब यह महसूस हुआ की पंचायत से संसद तक सरकार आपकी आवाज को दबा रही है तो देश की जितनी भी लोकतंत्र पर विश्वास रखने वाली छोटी बड़ी राष्ट्रीय क्षेत्रीय प्रांतीय पार्टीयां थी सब एकत्र हुई और इंडिया गठबंधन बनाया जिसको कांग्रेस ने आगे बढ़ कर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिका अर्जुन खड़गे के नेतृत्व में सभी के सहयोग से इंडिया गठबंधन बना और हम चाहते हैं की उपचुनाव की सभी 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ें और भारी मतों से विजई हो,2024 का उपचुनाव 2027के चुनाव का एक संकेत देगा पूरे देश को एक संदेश देगा,यह चुनाव उस सोच का है जो संदेश 2024 के लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने पूरे देश को दिया है ।हम सभी एक जुट होकर असुरी शक्तियां को जवाब देगे जो राजनीतिक मुखौटा पहन कर जाति व धर्म के नाम पर लड़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की हमारा गठबंधन एक मजबूत चुनाव लड़ेगा। संविधान की रक्षा कांग्रेस ने की हैं और आने वाले समय में भी कांग्रेस संविधान की रक्षा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा के लोग कहते है की कांग्रेस पार्टी के लोग अयोध्या नहीं आते लेकिन मैं उनको बताना चाहता हूं की मंकर संक्रांति के दिन सरयू में स्नान भी किया और दर्शन भी किया हनुमान गढ़ी व रामलला का और आज शरद पुर्णिमा के दिन भी अयोध्या आये और रामलला का दर्शन भी किया और हनुमान जी का भी आशीर्वाद लिया।आज प्रदेश में हमारा आठवा संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन हैं और अभी दो और होने हैं एक कल मुरादाबाद में है और गाजियाबाद में भी कार्यक्रम किया जायेगा।पूरी ताकत के साथ हमारे कांग्रेस के कार्यकर्ता लगे हैं। उन्होंने पूर्व सांसद अयोध्या का बिना नाम लिए कहां की भाजपा के लोग चुनाव में कह रहे थे हमें 400 सीट दीजिए हम संविधान को बदल देंगे। उन्होंने आरोप लगाया की अयोध्या में बिटिया के साथ रेप हुआ था उसमें भाजपा के एक मंडल अध्यक्ष का बेटा शामिल था। प्रशासन ने घटना को महीनो दबा कर रखा,जब मीडिया और कांग्रेस के साथियों ने मामले को उठाया तो मुकदमा दर्ज हुआ और मैं स्वयं पीड़िता के घर गया,और आर्थिक सहायता अभी की, उन्होंने ने कहा की लखनऊ में एक 13 साल की बच्ची के साथ रेप हुआ और जब हम मिलने गये तो दरवाजा खींचकर बंद कर दिया। काफी संघर्ष के बाद हमें अस्पताल में जाने दिया गया। और कांग्रेस पार्टी ने तत्काल पीड़िता के परिवार को 50 हजार की आर्थिक मदद दी, हमारी पार्टी गरीबों के साथ खड़ी है, हम अत्याचार नहीं होने देंगे। अयोध्या में जितना विकास हो रहा है सारा कार्य गुजरात के लोग कर रहे हैं अयोध्या के लोगों का मकान तोड़ा गया जमीने हाड़पी गई दुकानें तोड़ी गयी, और अयोध्या में अमित शाह का बेटा होटल बनवा रहा है। सेना की जमीन भी बेच दी गयी और अडानी को दे दी गयी और जय शाह अरबों रूपये का होटल बना रहा है। गुजरात के लोगों का अयोध्या पर कब्जा हो गया है। प्रसाद जो बाटा जा रहा है वह भी गुजरात की कंपनी का है। बनारस में हमने लोकसभा चुनाव में मोदी के छक्के छुड़ा दिए, अयोध्या के लोगों ने यहां से भाजपा को हरा दिया बनारस में भी हमने छह राउंड मोदी जी को पछाड़ दिया था थोड़ी सी चुप रह गई थी। अयोध्या के लोगों ने पूरे देश को बताया कि अन्याय और अत्याचार अब चलने वाला नहीं है। बनारस के लोग जो बाबा विश्वनाथ का प्रसाद बनाते थे और अपना जीवन करते थे वह भी उनसे छीन लिया गया,और अब बाबा विश्वनाथ का प्रसाद गुजरात की अमूल कंपनी बनाएगी। रोजगार काशी के लोगों को छीन लिया गया। महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश सिंह ने कहा कि आपका जोश बता रहा है बता रहा मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी की जमानत जप्त होगी। ये मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव को टालना चाहते हैं, लेकिन टाल नहीं पायेंगे। बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि अपने झूठे अलापों के द्वारा बीजेपी वोट ले लेती है बीजेपी की सरकार पिछले 10 वर्षों में एक भी ऐसी योजना नहीं ला पाई हो जिससे गरीबों का भला हुआ है। ये फ्री मे अनाज देने की बात करते हैं लेकिन यह खाद्य सुरक्षा योजना कांग्रेस सरकार ने ही शुरू की थी लेकिन कांग्रेस ने कभी इस बात का ढिंढोरा नहीं पीटा न ही एहसान जताया क्योंकि कांग्रेस सभी देशवासियों को अपना परिवार मानती है।गरीबों की मदद करना ही कांग्रेस की नीति रही है।ये बोलते हैं कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे लेकिन इनके लिए दो ही किसान है एक अडानी दूसरे अम्बानी हैं जिन की आय प्रतिवर्ष 40 प्रतिवर्ष बढ़ रही है। इन्होंने गरीबों को मिल रही चीनी को बन्द कर दिया,बच्चों का वजीफा बन्द कर दिया और ये गरीबों की मदद का ढिंढोरा पीट रहे हैं। श्री सिंह ने कहा प्रयास है सीट मिले लेकिन जो भी गठबंधन का प्रत्याशी होगा उसे जिताना है। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, प्रदेश महासचिव मनोज गौतम, अमरेन्द्र मल्ल, मिर्जा शाने आलम, जैनेन्द्र पांडेय मिंटू, संजय यादव, जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पांडेय, रेनू राय, पूर्व विधायक माधव प्रसाद के पुत्र एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बृजेश रावत, आवेदक राम अवध, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी भोलानाथ भारती, जिला पंचायत सदस्य निकलेश सरोज, अम्बरीष पांडेय, दिनेश शुक्ला, तेजबली पांडेय, शैलेश शुक्ला, संतोष , दयानंद शुक्ला सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिक बच्चों परेशान कर उनकी जमीन कब्जे का मामला, एसडीएम को दी गई शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के राजस्व गांव बरवा में दो नाबालिक बच्चों को गांव के कुछ लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित विकास चौहान ने बताया कि उसके पिता नशेड़ी हैं और उन्होंने अपनी डेढ़ बीघा जमीन बेच दी है। विकास की माँ की मृत्यु पहले ही हो चुकी है।जमीन बेचे जाने के बाद गांव के विजय शंकर, शोभनाथ और अलगू के परिवार की महिलाएं पीड़ित बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रही हैं और उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं। विकास ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस, क्षेत्राधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और उप जिलाधिकारी सोहावल को प्रार्थना पत्र दिया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।इस मामले पर उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने कहा कि उन्हें प्रार्थना पत्र मिला है और वे मामले की जांच के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम भेजेंगे। वहीं, क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने भी थाना पूरा कलंदर को निर्देश दिया है कि वे मौके पर जाकर पीड़ित की सहायता करें।इस घटना ने क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है, और पीड़ित बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## 21 अक्टूबर तक यूजी एवं पीजी में प्रवेश के लिए यूआईएन पंजीकरण

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर बुधवार को आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु आनलाइन यूआईएन पंजीकरण की तिथि विस्तारित की गई। अभ्यर्थी 17 से 21 अक्टूबर तक सत्यापन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा इस आशय का शपथ-पत्र कि संबंधित पाठ्यक्रम की कक्षा अवधि परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व तक पूर्ण कर ली जायेगी के प्राप्त होने उपरांत ही सशर्त अनुमति प्रदान की जायेगी। विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए आनलाइन यूआईएन पंजीकरण एवं सत्यापन किए जाने की तिथि विस्तारित की गई है। वहीं एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय तथा बीपीएड पाठ्यक्रमों में भी आनलाइन यूआईएन पंजीकरण एवं सत्यापन किए जाने की तिथि विस्तारित की गई है। अभ्यर्थी 21 अक्टूबर तक आनलाइन यूआईएन पंजीकरण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा इस आशय का शपथ-पत्र कि संबंधित पाठ्यक्रम की कक्षा अवधि परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व तक पूर्ण कर ली जायेगी के प्राप्त होने उपरांत ही सशर्त अनुमति प्रदान की जायेगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि इस आशय का पत्र संबंधित आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय को सूचित किया जा चुका है।

## दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था का निर्देश

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जाएगा। इस दौरान गोवत्स द्वादशी, धनतेरस, नरक चतुर्दशी, छोटी दीपावली, हनुमान जयंती, अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, और यम द्वितीया जैसे त्योहारों के चलते भीड़ बढ़ने की संभावना है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रों में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार के विवाद को पर्व से पहले ही सुलझा लें।मजिस्ट्रेट ने पटाखों के उपयोग को लेकर सख्त नियम जारी किए हैं, जिसमें रात्रि 10:00 बजे के बाद पटाखे जलाने पर प्रतिबंध और 100 मीटर की दूरी पर पटाखों के उपयोग पर रोक शामिल है। सभी पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा और किसी भी अवैध बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न पर विधिक जागरूकता शिविर



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या ने पब्लिक स्कूल जनौरा में महिलाओं के लैंगिक समानता और सुरक्षा पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

पी0एल0वी0 प्रियंका त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना तथा ऐसे उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र प्रदान करना है।इस शिविर का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में महिलाओं को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

इस प्रकार के आयोजनों और निर्देशों से अयोध्या में त्योहारों के दौरान सुरक्षा, खेलों और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में खेलकूद की गतिविधि जरूरी- महमूदुल

## 100 मी दौड़ में छात्र सलमान रहे अव्वल, कंपोजिट स्कूल मुजेहनी में विद्यालय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन





**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देशन पर विद्यालय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में किया गया। 100 मीटर दौड़ में छात्र सलमान को प्रथम स्थान मिला है। प्रतियोगिता में बालक बालिका वर्ग में 50 मीटर 100 मीटर 200 मीटर की दौड़ आयोजित की गई है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला स्काउट मास्टर महमूदुल हक ने बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि शारीरिक विकास के लिए खेल जितना आवश्यक है उतना ही बौद्धिक विकास में भी मददगार होता है। विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय की समय सारणी में खेल को स्थान दिया गया है। अभिभावकों द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार बच्चों के लिए पुस्तकीय ज्ञान आवश्यक हैं उसी प्रकार शारीरिक विकास और बौद्धिक विकास के लिए खेल भी नितांत आवश्यक है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसी प्रकार यदि बच्चों को खेल के प्रति सहयोग देते रहे तो निश्चित रूप से एक दिन यह बच्चे कुछ बड़ा कर सकने की क्षमता रखते हैं। प्राथमिक स्तर के बालक संवर्ग में 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर सलमान, द्वितीय स्थान पर विशाल, तृतीय स्थान पर मासूम रजा रहे। बालिका संवर्ग में प्रथम स्थान पर सुनीता द्वितीय स्थान पर गुड़िया, तृतीय स्थान पर सुमन रही। बालक संवर्ग लंबी कूद में विशाल प्रथम सलमान द्वितीय एवं महबूब तृतीय स्थान पर रहे जबकि बालिका संवर्ग में सुनीता प्रथम, संध्या द्वितीय एवं कोमल तृतीय स्थान पर रही।

उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक संवर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर हसीब, द्वितीय स्थान पर भीष्म कुमार, तृतीय स्थान पर चंचल रहे, जबकि बालिका संवर्ग में प्रथम स्थान पर सनम, द्वितीय स्थान पर तहसीन, तृतीय स्थान पर अंशिका रही। 200 मीटर बालक संवर्ग में प्रथम स्थान पर हसीब, द्वितीय स्थान पर भीष्म तथा तृतीय स्थान पर फरहान रहे, जबकि बालिका संवर्ग में प्रथम स्थान पर सनम, द्वितीय स्थान पर तहसीन, तृतीय स्थान पर अंशिका ने पुनः बाजी मारी। लंबी कूद में बालक संवर्ग में हसीब प्रथम, अव्वल द्वितीय तथा अनस तृतीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका संवर्ग में लक्ष्मी प्रथम नैना द्वितीय तथा तहसील तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विद्यालय के स्टाफ एवं खेल प्रभारी अल्पना कुमारी, जितेंद्र कुमार के साथ स्काउट गाइड के बच्चों ओंकार, असलम, गुड़िया आदि का विशेष सहयोग रहा।

# लंबित मानदेय त्यौहार से पूर्व दिलाने हेतु दिया ज्ञापन

**सुलतानपुर।** आदर्श शिक्षामित्र संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल बीएसए उपेन्द्र गुप्ता से मिला। संगठन ने अवगत कराया कि नगर क्षेत्र के सभी शिक्षा मित्रो का सितम्बर माह का एक दिन का मानदेय नियम विरुद्ध तरीके से काट दिया गया है। जो कि नियम संगत नही है। सभी शिक्षामित्रो ने पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार आकस्मिक अवकाश लिया था। फिर भी नगर शिक्षाअधिकरी द्वारा मनमानी तरीके से सभी शिक्षामित्रो को एक दिन अनुपस्थित करते हुए बिल बनाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजा गया। जिसके कारण मानदेय कट गया। मानदेय कटने से शिक्षामित्रो मे भारी रोष है। यदि कटा हुआ मानदेय का भुगतान शीघ्र नही हुआ तो संगठन आन्दोलन करने के लिए विवश होगा। बीएसए ने आश्वासन दिया कि कटा हुआ मानदेय का भुगतान जल्द होगा। बीएसए ने कहा कि बेसिक शिक्षामित्रो का लंबित मानदेय ग्रान्ट आते ही भुगतान शीघ्र कर दिया जाऐगा। प्रतिनिधिमंडल मे जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, जिला महामन्त्री प्रदीप यादव, नगर अध्यक्ष प्रतिभा सिह, नगर मंत्री पुष्पा, नगर उपाध्यक्ष राज कुमार सोनकर आदि मौजूद रहे।यह जानकारी सुतीक्षण तिवारी मीडिया प्रभारी ने दी है।

# बीडीओ बन आंचल ने जाना ग्राम पंचायत के विकास का सच

## जीआईसी गैसड़ी की इंटर छात्रा आंचल बनी एक दिन के लिए बीडीओ



**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण में राजकीय इंटर कॉलेज गैसडी की इंटरमीडिएट साइंस छात्र आंचल तिवारी को एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी बनाया गया। बीडीओ अवनींद्र कुमार पांडेय ने 1 दिन के लिए बनी खंड विकास अधिकारी छात्रा को विभागीय कार्य प्रणाली से अवगत कराया ।

छात्रा ने विकासखंड में होने वाले कार्यों की जानकारी ली सबसे पहले कार्यालय में सभी पटल सहायक से पटल पर जाकर कार्यों से अवगत हुई ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी एवं मौजूद ग्राम प्रधानों से गांव के विकास के कार्यों से रूबरू हुई खंड विकास अधिकारी ने बीडीओ बनी छात्रा को कैंपस में ले जाकर सभी कार्यालय का निरीक्षण कराया विकास अधिकारी के कार्य एवं दायित्व से अवगत कराया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी शमशेर बहादुर ने बेटी को शिक्षा के साथ-साथ ग्राम पंचायत के कार्यों की जानकारी दी है खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी ने शासन के इस पहल की सराहना करते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने का कारगर पहल बताया है। इस दौरान ध्यान प्रतिनिधि अमित कुमार प्रधान प्रतिनिधि इस्लाम मनरेगा लिपिक दीपक वर्मा श्रीवास्तव समीर श्रीवास्तव कनिष्ठ लिपिक सचिन अशफाक राजेश सिंह शक्ति वेश मौर्य सहित ग्राम पंचायत अधिकारी व आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# शिक्षक प्रबंधक विवाद मामले ने पकड़ा तूल



**बलरामपुर।** डीएवी इंटर कॉलेज में शिक्षक प्रबंधक का मामला तूल पकड़ता जा रहा है शिक्षक एवं आर्यवीर दल के प्रदेश प्रचार मंत्रीअशोक तिवारी ने ओम भवन कैंप कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करके विद्यालय प्रबंधक संजय तिवारी पर भ्रष्टाचार एवं फ्रॉड करने का आरोप लगाते हुए उनका चिकित्सा अवकाश में मनमानी करने की बात प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही है। शिक्षक ने पत्रकार वार्ता में कहा कि विद्यालय प्रबंधक उनका मानसिक एवं आर्थिक उत्पीड़न कर रहे हैं उनका दिव्यांग बेटा मरणासन स्थिति में है उसके बाद भी प्रबंधक उनका चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करने में फर्जीवाड़ा करके वेतन रोक रखा है शिक्षक के अनुनय विनय पर एवं नियमानुसार शासनादेश के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक ने शुरुआत के रुके हुए वेतन को एक महीने के लिए सिंगल ऑपरेशन करके निर्गत कर दिया उसके बाद दूसरे महीने का वेतन चिकित्सा अवकाश में व्यवधान पैदा करने के कारण रोकने का आरोप लगाया है प्रकरण को लेकर शिक्षक ने मुख्यमंत्री, सदर विधायक, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक, जिला वित्त एवं लेखा अधिकारी जिला विद्यलय निरीक्षक सभी को लिखित रूप से अवगत कराते हुए चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करके वेतन भुगतान की मांग की है एवं प्रबंधक द्वारा किए गए भ्रष्टाचार संबंधी अभिलेख संबंधित अधिकारियों को देकर विधिक कार्रवाई की भी मांग की है। पत्रकार वार्ता में आर्य वीर दल केजिला संचालक अरुण कुमार शुक्ला एडवोकेट ने प्रबंधन पर विद्यालय के दुकानों का किराया एवं इंटरमीडिएट बायोलॉजी ग्रुप के बच्चों की आधी फीस कॉलेज के खाता में जमा करने के बजाय स्वयं हड़प लेने का भी आरोप लगाया है जिसकी शिकायत जिला अधिकारी ,अपर जिलाधिकारी, जिला कोषाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक से करने की बात कही है। वही पत्रकार वार्ता में आर्य वीर दल के संरक्षक स्वामी आत्मानंद ने विद्यालय प्रबंधक के विरुद्ध भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सहित पुलिस अधीक्षक से विधिक कार्रवाई करके विद्यालय प्रबंध कमेटी को हटाकर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने बताया कि मामला संज्ञान में है नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजन का मुख्य उद्देश्य मेधावियों की मेधा को बढ़ाना- राम प्रताप

## स्वर्गीय श्याम लाल वर्मा प्रतिभा खोज परीक्षा में 1000 छात्र हुए शामिल





**बलरामपुर।** उतरौला तहसील मुख्यालय पर संचालित श्री राम तीर्थ चौधरी कन्या इंटर कॉलेज इमलिया बनघुसरा में स्व श्यामलाल वर्मा स्मारक प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल कॉलेज से लगभग 1000 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया ।

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री रामतीर्थ चौधरी ग्रुप आफ कॉलेज के समस्त स्कूल कॉलेजो का एक ही परीक्षा केंद्र कन्या इंटर कॉलेज बंघुसरा को बनाया गया । जिसमें लोक हित इंटर कॉलेज, श्री राम तीर्थ चौधरी कन्या इंटर कॉलेज गौर गुमड़ी, श्री रामतीर्थ चौधरी पीजी कॉलेज, शिवा कॉलेज आफ एजुकेशन एसआरटीसी पब्लिक स्कूल एवं आदर्श महाविद्यालय एवम नर्सिंग कॉलेज के सभी प्रतिभागियों ने परीक्षा दी पर्यवेक्षण में प्रबंध निदेशक शुभम कुमार वर्मा, सभी स्कूल कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह राठौड़, विजय शुक्ला, लक्ष्मी वर्मा, कुमारी पूजा वर्मा, प्राचार्य डॉक्टर एचडी वर्मा, डॉक्टर पवन कुमार नंदा उपस्थित रहे।परीक्षा प्रभारी बिजेंद्र कुमार चौधरी एवम केंद्र व्यवस्थापक प्रिंसिपल लक्ष्मी वर्मा के साथ कक्ष निरीक्षक अर्चना श्रीवास्तव,माधवी सिंह,विकास शर्मा,उषा शुक्ला, मोहम्मद सैफ, सुमन पांडे, संदीप कुमार यादव, फातिमा खातून, संदीप कुमार गुप्ता, तामेश्वरी तिवारी, मनीष कुमार गुप्ता, प्रीति गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, अंसारी बेगम, विपिन कुमार वर्मा, सीमा श्रीवास्तव, शिवम त्रिपाठी, उषा यादव एवं आंतरिक सचलदल इरफान अली, मोहम्मद हासिम, रामकुमार जायसवाल उपस्थित रहे। ग्रुप आफ कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर रमाकांत वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देने के साथ ही समस्त स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किये। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने समस्त परीक्षार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया है उन्होंने कहा कि प्रतिभा ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मेधा का विकास करना है।

# पत्रकार उत्पीडन के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 1165वाँ दिन

**जौनपुर ।** सत्याग्रह आन्दोलन के 1165वें दिन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, पत्रकार उत्पीडन एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में बिहारी लाल यादव, चन्द्रमणि पाण्डेय, विजय प्रकाश मिश्र, रामबहाल यादव, रामनगीना यादव, योगेश कुमार द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, सन्तोष कुमार गुप्ता, अरविन्द नाथ मिश्र, विजय बहादुर सिंह, अमरेश कुमार पाण्डेय, आदित्य नारायण शर्मा, प्रेम प्रकाश मिश्र व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नेवादा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया

**जौनपुर ।** इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा वरासत के 104 निरस्त प्रकरणों को दर्ज कराते हुए सत्यापित कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी के द्वारा निरस्त प्रकरणों के सम्बन्ध में लोगो से संवाद भी किया गया तथा मौके पर निस्तारण कराया गया। जिसमें करीब तीन-चार प्रकरण जो न्यायालय में विचाराधीन थे इसके संदर्भ में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में दोनों पक्ष के व्यक्तियों को बुलाकर दोनों पक्ष की बात सुनते हुए तथा कागजात का परीक्षण करते हुए विवाद का निस्तारण कराए। लगभग 07 वर्ष से लम्बित वरासत के प्रकरण को भी उन्होंने मौके पर दर्ज करते हुए निस्तारण कराया।

# समिति के गोद लिये मेधावी कुलदीप ने जेआरएफ परीक्षा की उत्तीर्ण



**सुल्तानपुर।** मानव-निर्माण के उद्देश्य के साथ लोक सरोकार समिति का गठन 2012 में किया गया। समिति के सचिव डॉ धर्मपाल सिंह ने बताया कि समिति इस समय दो अभावग्रस्त परिवारों तथा दो मेधावी विद्यार्थियों को गोद लेकर उन पर होने वाला समस्त व्यय कर रही है। समिति कोई सरकारी अनुदान न लेने के लिए कृत संकल्प है। समिति ने 2015 में सुलतानपुर की जयसिंहपुर तहसील के केवटहिया गाँव के कुलदीप निषाद को गोद लिया। उस समय वह सुभाष इण्टरमीडिएट कॉलेज, पलिया (सुलतानपुर) में कक्षा-08 में पढ़ रहा था। समिति ने 2014 में एक ऐसे विद्यार्थी को गोद लेने का प्रस्ताव किया था जो मेधावी हो और अभावग्रस्त हो। इसके लिए 25 इण्टरमीडिएट कॉलेजों के प्राचार्यों को इस आशय का पत्र लिखा गया था कि कक्षा-08 में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से दो विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए राधारानी परिसर, सीताकुण्ड भेजें। हिन्दी, अँगरेज़ी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा गणित विषयों की परीक्षा ली गई, लेकिन कोई विद्यार्थी अपेक्षित 60% प्राप्त न कर सका। 60% या उससे अधिक अंक पाने पर ही एक विद्यार्थी का चयन होना था। फिर समिति ने विद्यार्थी को खोजने का निर्णय किया। के0 एन0 आइ0, सुलतानपुर के अँगरेज़ी-विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर विजयप्रताप सिंह ने बताया कि सुभाष इण्टरमीडिएट कॉलेज, पलिया में एक छात्र है, जो मेधावी है। उसे लेकर उसी कॉलेज के एक अध्यापक श्री सत्येन्द्रकुमार सिंह (अब समिति के कोषाध्यक्ष) राधारानी परिसर आए। परीक्षा ली गई और कुलदीप ने 66% अंक प्राप्त किया। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति का आकलन करने के लिए मैं सत्येन्द्रकुमार सिंह के साथ उसके गाँव गया। उसकी आर्थिक स्थिति का सत्यापन हो गया और उसे मार्च 2015 में समिति ने गोद ले लिया। कुलदीप ने निष्ठा से पढ़ाई करते हुए बी0 एससी0 (गणित) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा एम0 एससी0 (भौतिकविज्ञान) आइ0 आइ0 टी0, कानपुर से इसी साल उत्तीर्ण किया है। तैयारी के लिए वह इस समय समिति के सभाकक्ष में रह रहा है। कल जे0 आर0 एफ0 का परिणाम घोषित हुआ जिसमे उसे अखिल भारतीय स्तर पर 131वीं रैंक मिली है। समिति उसके उज्ज्वल भविष्य की मङ्गलकामना करते हुए उसे हार्दिक बधाई देती है।

# विद्यार्थी जीवन में शिक्षा का महत्व बहुत जरूरी- विकास सिंह

## सनबीम्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**बलरामपुर।** सनबीम्स पब्लिक स्कूल में विश्व विद्यार्थी दिवस को धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पेंटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों के रूप को प्रदर्शित किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रिंसिपल श्रद्धा सिंह एवं प्रबंधक विकास सिंह राठौड़ ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्रों ने पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन कहे जाने वाले डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन से याद करते हुए उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया है विद्यार्थी दिवस पर उन्हें अपना आदर्श मानते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा ली है विद्यालय के छात्रों ने स्लोगन चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विश्व विद्यार्थी दिवस को मनाया है प्रबंधक विकास सिंह राठौड़ ने कहा कि कथा के साथ-साथ बच्चों में सामाजिक बौद्धिक ज्ञान का होना जरूरी है विश्व विद्यार्थी दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा के महत्व को बताना है। पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता के साथ स्लोगन प्रतियोगिता में छाया मयंक तेजस्वी ऋषभ आरुषि दिया अंश ऋषभ रिचा अनमोल अनामिका आदि छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षण का साधना सिंह नेहा अंजलि गरिमा नीतू सिंह चना नीलम सविता राम आदि अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा है।

# अपने सुरों की जादू से 'मन' ने मोहा मन



**सुल्तानपुर।** जिले की दुर्गापूजा पूरे शवाब पर है। शहर से लेकर गांव कस्बों एवं चौक चौराहों पर सजाये गए पंडालों में विराजमान देवी प्रतिमाए भक्तों को आकर्षित कर रही हैं। भदैया ब्लॉक के इस्लामगंज गांव में स्थापित मरी माता दुर्गा पूजा पंडाल के समक्ष भक्ति भजन का आयोजन किया गया। नन्हें गायक मन श्रीवास्तव ने हारमोनियम के साथ अपने सुरों का खूब जादू चलाया। हाथ में त्रिशूल रुपवा मनवा मोहत बाय...छम छम छननन बाजय मैया पाव पैजनिया... आदि भक्ति गीतों से मन ने भक्तों का मन मोह लिया। मधुर सुरीली और सधी आवाज से नन्हें गायक ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। नन्हें गायक को जब डा. अनिल का साथ मिला तो चार चाँद लगा दिया। दोनों के देवी गीत खूब सराहे गए। इसके पूर्व सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। करीब 2500 भक्तों ने पूडी सब्जी और बूंदी का भरपेट प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव ने बताया कि भंडारे में ग्रामीणों का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने सभी भक्तों के प्रति आभार प्रकट किया।

# परिषदीय स्कूलों की न्याय पंचायत स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

**सुल्तानपुर।** जिले के परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों का बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन। नौनिहालों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगो के मन मोह लिया। कुड़वार ब्लॉक के नरही और रवानिया पश्चिम में संकुल प्रभारी मोती खान और मुहम्मद अल्ताफ के संयोजन में न्याय पंचायत स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष/जिला प्रतियोगिता निजाम खान ने किया। नरही न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के परिणाम में प्राथमिक बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम आर्यन सिंह द्वितीय हर्षित मिश्रा तृतीय महताब खान रहे। प्राथमिक बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रिंसी नरही प्रथम अंशिका रेवती द्वितीय, शिवानी तृतीय100 मीटर प्राथमिक बालिका संवर्ग में जान्हवी प्रथम अंशू द्वितीय उम्मे आयत तृतीय



स्थान प्राप्त किया।100 मीटर प्राथमिक बालक संवर्ग में अंकित प्रथम ,आर्यन द्वितीय राजन तृतीय स्थान पर रहे। 200मीटर प्राथमिक बालक संवर्ग में मोनू प्रथम रियान द्वितीय हर्षित तृतीय स्थान पाए। 200मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग प्रिंसी प्रथम शिवानी द्वितीय कुमकुम तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ यूपीएस बालक संवर्ग में शैलेश प्रथम,सनी द्वितीय,शहीद तृतीय और बालिका संवर्ग में प्रियंका प्रथम दीपांशी द्वितीय अक्शा तृतीय स्थान पाई।सामूहिक खेल स्पर्धा कबड्डी प्राथमिक बालक संवर्ग में प्राथमिक विद्यालय नरही प्रथम प्राथमिक विद्यालय भाटी द्वितीय स्थान। प्राथमिक बालिका संवर्ग कबड्डी में पी एस नरही प्रथम पी एस पूरे रेवती द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूपीएस बालिका वर्ग कबड्डी में जासरपुर प्रथम भाटी द्वितीय स्थान। खो- खो पी एस बालक वर्ग लंगड़ी प्रथम हाजीपट्टी द्वितीय। यूपीएस बालक वर्ग में भाटी प्रथम धारूपुर द्वितीय स्थान प्राप्त किए। लम्बी कूद ,ऊंची कूद ,छक्का फेक,गोला थ्रो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि प्रस्तुत कर बच्चों ने मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध किया इत्यादि। खेल कूद प्रतियोगिता में निर्णायक मुहम्मद मुज्तबा अंसारी,फूल चंद,प्रदीप यादव,राजमणि उपाध्याय,विपिन, देवेंद्र प्रमोद ,अशरफ मोईद हरिकेश सिंह,आदि रहे।कुड़वार ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने दोनों न्याय पंचायत खेल कूद प्रतियोगिता में पहुंच कर बच्चों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने कहा परिषदीय स्कूलों के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास कराया जाए तो उत्कृष्ट प्रदर्शन निश्चित रूप से करेगे। खेलकूद से जहां एक ओर एशियन ओलंपिक तक पहुंच कर घर परिवार देश का नाम रोशन सकते है वही दूसरी तरफ मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास भी होता है। जब शरीर स्वस्थ रहता है मन मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। खेल कूद प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक बालक और बालिका वर्ग में स्पर्धाओं में बच्चों ने उत्कृष प्रदर्शन करने वाले नौनिहालों को बीईओ सुधीर सिंह ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण रजत कांस्य पदक और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।इस मौक पर कुड़वार अध्यक्ष निजाम खान, मंत्री बृजेश मिश्रा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक धर्मेंद तिवारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह, महताब हुसैन, सुनील कन्नौजिया, सुधीर सिंह, शशांक सिंह, अनिल सिंह लोकेश सिंह, हरीशचंद्र यादव, मुजफ्फर कलीम खान, सुनील यादव अखिलेश यादव राम पल यादव,राम सुमरन विश्वकर्मा राशिद अहमद आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विपुल शुक्ला ने किया।

# नेशनल स्पोर्टिंग की खिताबी जीत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** एएमयू ओल्ड ब्वॉयज वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सर सैयद अहमद खान मेमोरियल सेवेन-ए-साइड हॉकी लीग में नेशनल स्पोर्टिंग क्लब की टीम शगुन स्पोर्ट्स एकेडमी को टाईब्रेकर में 5-4 से हराकर विजेता बनी। मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर चल रही प्रतियोगिता में बुधवार को खिताबी मुकाबले में नेशनल स्पोर्टिंग क्लब की टीम की तरफ से हैदर खान ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में शगुन स्पोर्ट्स एकेडमी इमरान अंसारी ने गोल करके मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

निर्धारित समय तक मैच का यही स्कोर बने रहने पर टाईब्रेकर हुआ जिसमें नेशनल स्पोर्टिंग क्लब की टीम विजेता बनी।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को शाम सात बजे सर सैयद अहमद डे के दौरान करेली स्थित शगुन पैलेस में होगा।



## एंटीरोमियों स्क्वाड द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

**प्रयागराज।** गंगानगर जोन के विभिन्न थानों द्वारा चलाये जा रहे अभियान ःमिशन शक्ति फेज-05ः के तहत एंटीरोमियों स्क्वाड द्वारा महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर, महिला हेल्प डेस्क, एण्टी-रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, शक्ति दीदी, यू0पी0-112, वूमेन पावर लाइन-1090 व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स एवं रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया।

# ग्राहकों के लाखों रुपए लेकर सेल्समैन फरार

## चार पहिया वाहनों की बुकिंग के लिए लिया था पैसा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावां स्थित एक चार पहिया वाहन के शोरूम का सेल्समैन नवरात्रि में गाड़ी बुकिंग के नाम पर ग्राहकों से नगद और अपने खाते में जमा करा कर फरार हो गया। ग्राहकों को जब अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। ग्राहकों ने जब शोरूम के अधिकारियों से शिकायत की तो सेल्समैन की खोजबीन शुरू हुई पर उसका पता नहीं चला। बुधवार को शोरूम के जीएम सेल्स सुशील ने आरोपी सेल्समैन के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय इनायत थाना क्षेत्र के अंदावां में एक नामी चार पहिया वाहन का शोरूम है। थाना क्षेत्र के कोटवा गांव का एक युवक तकरीबन आठ माह से शोरूम में सेल्समैन का कार्य कर रहा था। शारदीय नवरात्र में कई ग्राहकों ने शोरूम में चार पहिया वाहन बुक कराया था। आरोप है कि सेल्समैन ने ग्राहकों से बुकिंग के पैसे नगद एवं अपने खाते में करीब सात से आठ लाख रुपए जमा करा लिया। ग्राहक जब गाड़ी की डिलिवरी लेने गए तो पता चला कि उनकी गाड़ी की बुकिंग ही नहीं हुई है। ग्राहकों को जब अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उनके होश उड़ गए। ग्राहकों की शिकायत पर शोरूम के अधिकारियों ने आरोपी सेल्समैन की खोजबीन शुरू की तो वह घर से गायब मिला। बुधवार को शोरूम के जीएम ने आरोपी सेल्समैन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लक्ष्य पूरा करने को सात दिन चलेगा भाजपा का विशेष सदस्यता अभियान




**प्रयागराज।** सदस्यता अभियान के अंतिम दौर में भाजपा पूरी ताकत झोंकने जा रही है। प्रदेश व केंद्र नेतृत्व के निर्देश पर सात दिन तक पार्टी विशेष सदस्यता अभियान चलाएगी। जिसके तहत विशेष तौर पर पार्टी पदाधिकारियों पार्षद गणों, मंडल अध्यक्षों एवं सदस्यता अभियान टोली में लगे पदाधिकारियों को अपना लक्ष्य प्राप्त करना है।

बुधवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्षों एवं महानगर पदाधिकारियों तथा सदस्यता अभियान टोली की आहूत बैठक में अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गुरुवार 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर यानि सात दिनों तक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत जिन पदाधिकारियों ने अपना लक्ष्य पूरा नहीं किया है वे विशेष प्रयास करेंगे। 100 या 50 सदस्य ऑन लाइन या ऑफ लाइन बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनने का अवसर मिल सकता है। विशेष सदस्यता अभियान के तहत महानगर के सभी 15 मंडलों के 1216 बूथों पर पदाधिकारियों को 100 सदस्यों बनाने अनिवार्य हैं।

इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा, रमेश पासी, रवि केसरवानी, मृत्युंजय तिवारी, विक्रमजीत भदौरिया, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र, राजेश गोंड, सुमित वैश्य, आनंद दुबे, आनंद श्रीवास्तव, आनंद जायसवाल, विजय श्रीवास्तव, अनिल भट्ट, गणेश वर्मा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्नी के प्रेमी पर लगाया हत्या का आरोप

## पुलिस कमिश्नर से लगे न्याय की गुहार, युवती का मायके में घर के बाहर मिला था शव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या का आरोप उसके प्रेमी पर लगाया है। पुलिस आयुक्त को दिए गए प्रार्थना पत्र में उसने कहा है कि मेरी पत्नी की उसके प्रेमी ने ही मारा है, उसकी हत्या की है। प्रेमी उसे रोज फोन कर परेशान करता था।

उसने धमकी दी थी कि अगर वह उसके साथ शादी नहीं करेगी तो उसे मार डालेगा। पत्नी ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया था तो वह नंबर बदलकर फोन करता था। पति ने कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बहरिया थाना के मुबारकपुर निवासी रामचंद्र की शादी एक वर्ष पहले प्रतापगढ़ जनपद के पूरे सुखदेव निवासी सपना से हुई थी।

रामचंद्र का आरोप है कि उसकी पत्नी का उसके मायके के रहने वाले पड़ोसी से शादी से पहले प्रेम प्रसंग चलता था। शादी के बाद रामचंद्र की पत्नी ससुराल आई तो उसका प्रेमी फोन कर सपना को परेशान करने लगा।

रामचंद्र की पत्नी सपना रविवार को अपने भाई धर्मेंद्र के साथ मायके गई थी। मंगलवार दोपहर को उसका शव घर से कुछ दूरी पर खेत पर पड़ा मिला था। शरीर पर चोट के निशान मिले थे।

रामचंद्र के विरोध पर सपना को मार डालने की धमकी देता। आरोप लगाया है कि आरोपी उसकी पत्नी सपना को रोज फोन करता था। सपना जब उसका नंबर ब्लॉक कर देती थी तो वह नंबर बदल कर फोन करके परेशान करता। रामचंद्र ने बताया कि सपना के पास जब आरोपी फोन करता था। तब सपना बात करने से मना कर देती थी तो वह सपना को जान से मार डालने की धमकी देता था। वह सपना से शादी करना चाहता था। शादी करने से मना करने पर वह गुस्सा जाता था।

बुधवार को पीड़ित पति कमिश्नर के पास पहुंचा। यहां उसने शिकायती पत्र देकर महिला के प्रेमी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने न्याय की मांग की है।


# मां कल्याणी सोने की ढेड़िया धारण किए भक्तों को दिए दर्शन

## कल्याणी देवी के धाम में मनाया गया ढेड़ियां महोत्सव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाशक्ति पीठ मां कल्याणी देवी के मंदिर में ढेडिया के पावन पर्व पर मां कल्याणी देवी का वार्षिक श्रृंगार एवं ढेड़िया महोत्सव पर्व मनाया गया।

मंदिर के पुजारी पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि इस अवसर पर मां कल्याणी का श्रृंगार स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित किया गया और पूरे मंदिर प्रांगण को विद्युत साज सज्जा की आकर्षक सजावट की गई। माता कल्याणी ने शाम 7ः00 बजे अपने हाथों में सोने की ढेड़िया धारण कर भक्तों को दर्शन दिया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में माता कल्याणी का अभिषेक दुर्गासप्तशती एवं ललितासहस्ज नाम का पाठ किया गया। इस अवसर पर माता



कल्याणी का दर्शन पाते ही भक्त वृंद मां कल्याणी का जयकारा लगाते हुए दर्शन पूजन किया।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 17 अक्टूबर को माता कल्याणी का विशेष श्रृंगार दर्शन शाम 7ः00 बजे होगा।

# धूमधाम के साथ मनाया गया ढेढीया ,बहनों ने भाईयो की उतारी नजर



**सिराथू ,कौशांबी ।** भाइयों की मंगल कामना के लिए ढेढ़िया पर्व मनाया जाता है, इस दिन रक्षा बंधन और भाई दूज की तरह ही बहनें अपने भाइयों के माथे पर टीका कर उन्हें मिठाई खिलाती हैं इसके बाद फिर झरोखेदार ढेड़िया से भाइयों की नजर उतारती हैं , परंपरा के मुताबिक जलते हुए दीये के साथ ढेढ़िया को भाइयों के माथे से सात बार छुआते हुए बहने उनके मंगल की कामना करती हैं। इसके बाद जलते दीये के साथ ही ढेढ़िया को चौराहे पर ले जाकर फेंक दिया जाता है। इससे ढेढ़िया के साथ साथ भाइयों की बाधाएं भीं दूर हो जाएं।

शरद पूर्णिमा के साथ ढेढ़िया का पर्व धूमधाम से मनाया गया । दशहरा और दीपावली के बीच में मनाया जाने वाला पर्व ढेढ़िया है। मान्यता के अनुसार जब भगवान राम 14 वर्ष का वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौट रहे थे तो सर्वप्रथम प्रयागराज की पावन धरती पर संगम दर्शन और पूजन के लिए पधारे थे। उस समय प्रयागराज की स्त्रियों ने प्रभु राम, माता सीता और लक्ष्मण जी की आरती उतार कर स्वागत अभिनंदन किया। वहीं कुछ स्त्रियों को संदेह हुआ कि कहीं तीनों वनवासियों के पीछे शनि देव भी तो नहीं आ गए इसी वजह से प्रयागराज की स्त्रियों ने मिट्टी की छिद्र दार हांडी में दिये रखकर भगवान की नजर उतारी थी। उस युग से अब तक ये कार्यक्रम ढेढ़िया के नाम से जाना जाता है । आज के ही दिन बहने क्षितिर दार हांडी में दिए रखकर अपने भाइयों की नजर उतारती हैं । साथ ही ढेढ़िया उतारने के बाद भाई अपने बहनों को उपहार भी देते है , कई घरों में पिता की भी मंगल कामना के लिए भी ढेढ़िया उतारी जाती है।

## बच्चों नें मनाया स्थानीय पर्व ढ़ेढिया

**कौशांबी ।** भाइयों की सलामती के लिए बहनों के द्वारा मनाया जानें वाला स्थानीय पर्व ढ़ेढिया नेवादा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय पेरई में बच्चों नें धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर राज्य पुरस्कार शिक्षक हरिओम सिंह ने स्थानीय पर्व ढ़ेढिया के बारे में विस्तार से बताया गया और बच्चों नें मिट्टी की ढ़ेढ़िया को सजाते हुए विद्यालय में अपने साथ पढ़ रहे भाईयो की ढेढिया उतारते हुए उनके मंगलकामना का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यवती देवी ने सभी बच्चों को पर्व की शुभकामनाएं दी। शिक्षिका प्रतिमा कुमारी ने बताया कि यह त्योहार भाई और बहन का पवित्र त्योहार त्यौहार है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अर्चनाकुमारी, चक्रपाणि मिश्र, हुबलाल बर्मा, अन्नू केसरवानी, मनु शर्मा व विजेता कनौजिया सोनी गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जनपद में भव्य रूप से मनाया जायेगा महर्षि वाल्मीकि जयन्ती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष कल दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को भव्य रूप से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। शासन के निर्देशानुसार वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनमानस को इससे जोडने के लिए जनपद में महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों, मंदिरों आदि पर दीप प्रज्जवलन, दीपदान के साथ-साथ अनवरत 08, 12 अथवा 24 घण्टे का वाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही भगवान श्रीराम व श्री हनुमान तथा रामायण से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों, मंदिरों का चयन कर सुरूचिपूर्ण आयोजन के साथ रामायण पाठध्भजन आदि के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# बच्चों की भाषा और गणित की दक्षता पर दे विशेष ध्यान- प्राचार्य

## डायट प्राचार्य ने देवीगंज में प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत मिशन को अमली जामा पहनाने के लिए अधिकारी लगातार स्कूलों का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को जरूरी निर्देश दे रहे है। बुधवार को डायट प्राचार्य निधि शुक्ला ने विकास खंड कड़ा के प्राथमिक विद्यालय देवीगंज प्रथम का निरीक्षण किया। डायट प्राचार्य के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक मो. जुबैर सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहते हुए शिक्षण कार्य के सलंग्न मिले।

प्राचार्य ने विद्यालय की भौगोलिक और शैक्षिक व्यवस्था पर संतोष जाहिर करते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया की बच्चों की भाषा और गणित की दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान उन्होंने बच्चों का मोबाइल एप पर निपुण आकलन भी करवाया जिसे बच्चे पढ़ रहे थे। कक्षा चार और पांच के बच्चों से गणित के सवाल हल करवाए। इस पर प्राचार्य ने शिक्षकों से कहा की जो बच्चे कमजोर है उन पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए उन्हे अग्रणी बच्चों के समकक्ष लाने का प्रयास करें जिससे माह दिसंबर में होने वाले निपुण आकलन टेस्ट में सभी बच्चे निपुण बच्चों की श्रेणी में आ सके। जब सभी बच्चे निपुण होंगे तभी विद्यालय भी निपुण होगा, जिससे ब्लाक और जिला भी निपुण की श्रेणी में प्रदेश स्तर पर अव्वल रहे। प्राचार्य निधि शुक्ला के साथ डायट मेंटर शबीह मुस्तफा, एआरपी प्रभाकर मिश्र उपस्थित रहे।

# सराय अकिल कस्बे में ऐतिहासिक रामलीला मंच पर लक्ष्मण और मेघनाथ संवाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल( कौशांबी)** नगर पंचायत ऐतिहासिक रामलीला मंच पर मंगलवार की रात लक्ष्मण मेघनाथ संवाद की लीला दिखाई गई बुराई पर अच्छाई की विजय लोगों ने जय श्री राम लगाएं बता दे सराय अकिल कस्बे में ऐतिहासिक रामलीला मंच पर लक्ष्मण और मेघानाथ संवाद की लीला दिखाई गई जिसमें बुराई पर अच्छाई की विजय लीला का मंचन हुआ, जिसने भक्तों के हृदय को धर्ममय कर दिया। लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच का संवाद, जो धर्म और अधर्म के महासंग्राम का प्रतीक है, अपनी चरम सीमा पर पहुंचा। मेघनाथ का वध होते ही संपूर्ण सभा जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठी। वीरता और धर्म की महागाथा,मंगलवार की रात जैसे ही लक्ष्मण और मेघनाथ का संवाद शुरू हुआ, ऐसा प्रतीत हुआ मानो साक्षात त्रेता युग का जीवंत चित्रण हो रहा हो। लक्ष्मण के तीखे वचनों और मेघनाथ के गर्व से भरे उत्तरों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही यह लीला अपने चरम पर पहुंची, लक्ष्मण का वीरतापूर्ण वध दृश्य सबके हृदयों में स्थाई स्थान बना गया।अधर्म का अंत, धर्म की विजय,मेघनाथ का वध होते ही जैसे आसमान धर्म की जयघोष से गूंज उठा। ऐतिहासिक रामलीला मंच पर धर्म की विजय और अधर्म के पतन का प्रतीक बन गई। दर्शकों की तालियों और जयघोष से चावल मंडी गूंज उठा ,जिसमें पदाधिकारी में रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोपाल केसरवानी संरक्षक कृष्ण नारायण रस्तोगी कोषाध्यक्ष शंकर लाल केशरवानी महामंत्री अनिल कुमार केशरवानी मंच व्यवस्थापक संतोष सोनी दीपक श्रीवास्तव सदस्य सतीश जायसवाल निखिल केसरवानी नरोत्तम दास अग्रहरि पूर्व सभासद अजय कुमार अग्रहरि पत्रकार सुमित केसरवानी रमेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे रामलीला मैदान पर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने चावल मंडी में पुलिस स्टाफ को तैनात किया

# बम्हरौली के आकाश पहलवान ने जीती दंगल चैंपियनशिप



**सिराथू ।** सिराथू तहसील के ग्राम पंचायत मलाक़ रेजमा के खोजवापुर में दो दिवसीय मेला व दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने मेले में खूब खरीदारी की और पहलवानों ने दंगल में हुई कुश्ती में अपने दांवपेंच दिखाते हुए लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। दंगल का आयोजन माहेश्वरी प्रसाद की स्मृति में मनाया जाता है। बुधवार को हुई मुख्य कुश्तियों मनराज काजू और कन्नौज के राकेश के बीच में हुई कुश्ती में मनराज जीत दर्ज की। टेंवा के राजेश पहलवान ने पंजाब के चीता पहलवान को हराया। गढ़वा के पहलवान ने मोनू पहलवान भरवारी को पटखनी दी। इक्कीस सौ रुपए में हुई तहसील चैम्पियन कुश्ती सैदराजेपुर के पहलवान दीपक और गुलामीपुर के नीरज के साथ हुई। दोनों पहलवान ने काफी देर तक जोर आजमाइश किया लेकिन एक दूसरे को हरा नही सके। दोनों पहलवानों को बराबरी पर छुड़ाते हुए बराबर बराबर इनाम दे दिया गया। अंत में हुई दंगल चैंपियनशिप की कुश्ती बम्हरौली के पहलवान आकाश और राजेश दिल्ली के साथ हुई। दोनों पहलवानों जबरजस्त अपनी कलाबाजी दिखाई उसके बाद आकाश ने राजेश की पटखनी देते हुए चैंपियनशिप पर कब्जा कर दिया। दंगल के आयोजक थानेश्वर सिंह आदि रहे।

# इनरव्हील क्लब इलाहाबाद उदिशा ने आयोजित किया डांडिया मेला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इनरव्हील क्लब इलाहाबाद उदिशा ने बुधवार को डांडिया मेले का आयोजन किया। इसमें सदस्यों ने कई तरह के खेलों के स्टॉल लगाये और बहुत प्रकार के खेल खेलकर उनका लुत्फ भी उठाए। कार्यक्रम की चेयरपर्सन संगीता और स्वाति ने सबको उपहार वितरित किए। सदस्यों ने डांडिया खेल कर भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट एडिटर शालिनी अस्थाना, क्लब की अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, वैशाली, मनप्रीत, आकंशा, अमृता, प्रीति, निधि, स्वाति, शैली, गीता आदि शामिल थीं।

# अन्य पिछड़े वर्ग के पुत्रियों की शादी अनुदान योजना का उठाए लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवेदक की आयसीमा में वृद्धि शहरी ग्रामीण क्षेत्र में 100000.00 रूपए (एक लाख रू0) निर्धारित है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में गरीब रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले पात्र आवेदकों की आयसीमा में वृद्धि 100000 (एक लाख रू0) प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगी। लाभार्थियां हेतु ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण, ई0के0वाई0सी0 की प्रक्रिया लागू है। ऑनलाइन आवेदन कराये जाने हेतु वर्तमान में वेबसाइट पर संचालित है। आवेदन पूरा करने के लिए निम्न विवरणां की आवश्यकता है आवेदक और उसकी पुत्री का आधार नम्बर (ओटीपी सत्यापन के लिए आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नम्बर) होना अनिवार्य है। आयध्जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता आवेदन क्रमांक एवं प्रमाण-पत्र क्रमांक सही-सही भरने पर पोर्टल के माध्यम से स्वतः हो जायेगी। शादी अनुदान में अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज है शादी कार्ड (विवाह निमंत्रण) बैंक पासबुक (आवेदक के बैंक खाता विवरणें की पुष्टि के लिए) आवश्यक दिशा-निर्देश अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) में आने वाले आवेदक ही अपने आवेदन सबमिट कर सकेंगे, जिनकी पुष्टि पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। यदि वर की आयु 21 से कम है या बेटी की आयु विवाह की तारीख के आधार पर 18 से कम है तो आवेदक अपने आवेदन सबमिट नहीं कर सकेंगे। (आधार में अंकित जन्मतिथि और विवाह की तारीख के आधार पर उम्र गणना पोर्टल पर स्वतः हो जायेगी) इसी प्रकार आय प्रमाण पत्र संख्या के आधार पर पोर्टल से आवेदकां की वार्षिक आय की गणना होगी। यदि उनकी आय गरीबी रेखा सीमा से अधिक है, तो वे अपने आवेदन सबमिट नही कर सकेंगे।

# छात्र छात्राओं को जल संरक्षण की दिलायी शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** अर्थिअन विप्रो द्वारा की जा रही जल एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर कार्य योजना के अंतर्गत विकासखण्ड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावा के छात्रों ने अपनी कार्य योजना को मूर्त रूप देने हेतु सभी छात्र छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गयी। जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु जल स्रोतों के पास पोस्टर लगाए। अपने मार्गदर्शक शिक्षक दीप नारायण मिश्र के मार्गदर्शन में परियोजना के समूह साथी आरुषा गुप्ता, अनुज कुमार, अनुज राय, शिवानी देवी, शिल्पा ने विभिन्न स्लोगन ष्जल ही जीवन है, जल है ष्जीवन का आधार आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर शिक्षक दीप नारायण मिश्र ने कहा की जल जीवन का मूल आधार है अपनी आने वाली पीढियां को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण जल देने के लिए हमें अभी से प्रयास करने की आवश्यकता है और वर्तमान परिपेक्ष में जल की अत्यधिक दोहन को काम करने की जरूरत है अगर अभी हमने जल का संरक्षण नहीं शुरू किया तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

# आज से पांच दिन के लिए निरस्त रहेगी चौरीचौरा एक्सप्रेस

## पैसेंजर और सिक्किम महानंदा से जाना होगा यात्राओं की मजबूरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** गोरखपुर से अनवरगंज कानपुर जाने वाली चौरीचौरा एक्सप्रेस बृहस्पतिवार से अगले पांच दिन के लिए निरस्त रहेगी। इस ट्रेन से जिले के सिराथू और भरवारी स्टेशन से सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। इनमें व्यापारियों के साथ ही नौकरी पेशा वाले लोगों की संख्या अधिक रहती है।प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते ट्रेन संख्या 15003 चौरी चौरा एक्सप्रेस 17 से 20 तक प्रयागराज नहीं आएगी। बनारस तक चलेगी और ट्रेन संख्या 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज 17 से 20 अक्टूबर तक बनारस तक ही आएगी। 17 से 20 अक्टूबर तक नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा, जिससे ट्रेन संचालन प्रभावित होगा। रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन और परिचालनिक सुगमता को बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस-प्रयागराज खण्ड पर स्थित प्रयागराज रामबाग -प्रयागराज जंक्शन स्टेशनों के बीच पैच दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के मद्देनजर रेलवे ने इस अस्थायी बदलाव से यात्रियों को कुछ ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन का सामना करना पड़ेगा। वहीं कानपुर, फतेहपुर बड़ी संख्या में व्यापारी, नौकरीपेशा लोगों का आवागमन होता है, चौरी चौरा एक्सप्रेस के पांच दिनों तक निरस्त होने से कानपुर, फतेहपुर जाने के लिए दो ट्रेन विकल्प है एक पैसेंजर जिससे समय से पहुंचना एक मुश्किल है वही सिक्किम महानंदा अक्सर लेट लतीफी के चलते समय से नहीं पहुंच सकते, नतीजन एक मात्र विकल्प बस बचता है लेकीन वो आने जाने का किराया महंगा है।

**यात्रियों के लिए सूचना**

कौशाम्बी। इस अस्थायी परिवर्तन के चलते प्रभावित यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा योजनाओं में इस बदलाव का ध्यान रखें और यात्रा से पहले समय सारणी की पुष्टि करें। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है,

# एक दिन के लिए कालेज की प्रधानाचार्या बनी रुचि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा स्थित महर्षि इंटर कॉलेज मे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत रुचि केसरवानी को एक दिन के लिए प्रधानाचार्या की जिम्मेदारी सौंपी गई सर्वप्रथम प्रधानाचार्य द्वारा मैं को स्पीकर के साथ प्रार्थना सभा व्यंग्य का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों को साफ सफाई के साथ यूनिफॉर्म में निमित्त विद्यालय आने के लिए कहा गया और सामान्य ज्ञान की बात बताई गई प्रधानाचार्य बनी रुचि केसरवानी सभी छात्राओं को बताया कि हमारे विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य किया जाता है बुधवार के दिन उनके निर्देशन में एक दिवस का शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ तथा विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को उनके द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

